रांची का तापमान
कांके: अधिक. 31.0° न्यून. 23.0°
रांची: अधिक. 31.3° न्यून. 23.5°

रांची, बुधवार
23 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-171, पृष्ठ-12

श्रावण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## भारतीय जवानों के पराक्रम को सैल्यूट

राष्ट्रीय नवीन मेल




विजय नारायण सिंह 'बेरुका'

भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा 6-7 मई 2025 की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में किए गए एक सैन्य हवाई अभियान का कूटनाम (कोडनेम) है 'ऑपरेशन सिंदूर।' भारत की ओर से किए गए प्रहार का मकसद, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर मौजूद आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत करना था। इसके बाद, जब पाक की तरफ से भारत के सैन्य और नागरिक ठिकानों पर ड्रोन व मिसाइलों से हमला किया गया, तो भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया और सटीक व मारक प्रहार करते हुए पाकिस्तानी सेना के कई बड़े और महत्वपूर्ण ठिकानों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। भारतीय रणनीति ने पाकिस्तानी आतंकी संगठनों और पाक आर्मी, दोनों को ही सख्त संदेश देने का काम किया।

शेष पेज 11 पर

## कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ी, रांची के अस्पताल में भर्ती



खूंटी। पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद मंगलवार को उन्हें रांची के भगवान महावीर मणिपाल (पूर्व में मेडिका) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्ञात हो कि कड़िया मुंडा खूंटी लोकसभा क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे हैं। इस संबंध में डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक खराब हो गई। इसके बाद उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल लाया गया

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान पहुंचे रांची

## आज लेंगे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ



**हिमाचल प्रदेश से झारखंड में हुआ है स्थानांतरण**

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान मंगलवार को रांची पहुंचे। उनके साथ उनके परिवार के सदस्य भी आए हैं। राज्य के वरीय अधिकारियों, हाईकोर्ट के जजों और एडवोकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने जस्टिस चौहान का रांची एयरपोर्ट पर स्वागत किया। जस्टिस तरलोक सिंह चौहान बुधवार को राजभवन में झारखंड के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। इसके लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। जस्टिस चौहान का ट्रांसफर हिमाचल प्रदेश से झारखंड में किया गया है।

### स्काउटिंग समुदाय के लिए बनीं प्रेरणा स्रोत

## स्काउट्स एंड गाइड्स रेंजर अदिति कुंडू को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार

नवीन मेल डेस्क

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)/नई दिल्ली।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स चक्रधरपुर मंडल के लिए मंगलवार का दिन गौरव और सम्मान का दिन रहा। चक्रधरपुर की समर्पित रेंजर अदिति कुंडू को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिया। अदिति कुंडू की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल चक्रधरपुर मंडल, बल्कि पश्चिमी सिंहभूम और झारखंड का भी नाम रोशन किया है। वे पूरे स्काउटिंग समुदाय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं। उनके समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। चक्रधरपुर मंडल के अधिकारियों, प्रशिक्षकों और साथी रेंजर्स ने अदिति की सफलता पर हर्ष व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनका यह सम्मान चक्रधरपुर के युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा देगा।



**पश्चिमी सिंहभूम और झारखंड का नाम किया रोशन यह उनके समर्पण व सेवा भावना का सम्मान है**

### झारखंड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की अब तक की सबसे बड़ी बहाली

# अब हर जिला बनेगा इलाज का सशक्त केंद्र : डॉ इरफान अंसारी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में मंगलवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 126 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्वयं आईपीएच सभागार, नामकुम में आयोजित समारोह के दौरान नियुक्ति पत्र सौंपे। यह अब तक की सबसे बड़ी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की यह क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा, हमारा सपना है कि झारखंड को मेडिकोज सिटी बनाएं। हर व्यक्ति को उसके जिले में बेहतर इलाज मिले, इसी सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। नवनियुक्त डॉक्टरों को न केवल सम्मान, बल्कि जिम्मेदारी भी दी जा रही है। अब हर डॉक्टर अपने अस्पताल का 'स्वास्थ्य मंत्री' है। अब हर जिला इलाज का सशक्त केंद्र बनेगा। डॉ अंसारी ने बताया कि सरकार पहली बार विशेषज्ञ डॉक्टरों को बीड आधारित सैलरी और पसंद की पोस्टिंग दे रही है। इससे डॉक्टरों का मनोबल बढ़ेगा और सेवा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। कार्यक्रम में डॉक्टरों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार डॉक्टरों को सम्मान और सुविधा के साथ जिम्मेदारी भी दे रही है। यह पहल झारखंड को 'स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर राज्य' बनाने की दिशा में एक ठोस और निर्णायक कदम है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम निदेशक शशि प्रकाश झा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, प्रबंध निदेशक जेएमएचआईडीपीसीएल अबु इमरान सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की क्रांतिकारी पहल



**स्वास्थ्य मंत्री ने नवनियुक्त डॉक्टरों को सौंपे नियुक्ति पत्र**

**झारखंड बनेगा मेडिकोज सिटी, मिलेगा विश्वस्तरीय इलाज**

### यह नियुक्ति सिर्फ नौकरी नहीं एक मिशन है : अजय कुमार सिंह

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह नियुक्ति सिर्फ नौकरी नहीं, एक मिशन है। ताकि, राज्य के हर कोने में विशेषज्ञता पहुंचे और सदर अस्पताल निजी अस्पतालों जैसी सुविधा दें। रांची का सदर अस्पताल देश के टॉप मॉडल्स में गिना जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हमारे नवाचार पर प्रजेंटेशन के लिए आग्रह किया है।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की हुई शुरुआत, जागरूकता रथ को हरी झंडी

कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत करते हुए राज्य के 9 जिलों में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई गई। साथ ही, आरसीएच कैंपस में आयोजित स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन भी किया गया। इस स्वास्थ्य मेले में बीपी, शुगर, आंख जांच, दवा वितरण, आयुष्मान भारत और आभा कार्ड निर्माण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।



### इन विभागों में इतने डॉक्टरों की नियुक्ति

| | |
|---|---|
| शिशु रोग विशेषज्ञ | 22 |
| सर्जन | 20 |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | 19 |
| एनेस्थेटिस्ट | 17 |
| जनरल मेडिसिन | 11 |
| ऑर्थोपेडिक सर्जन | 10 |
| नेत्र रोग विशेषज्ञ | 09 |
| ईएनटी | 05 |
| मानसिक रोग विशेषज्ञ | 05 |
| रेडियोलॉजिस्ट | 04 |
| त्वचा रोग विशेषज्ञ | 04 |

**झारखंड में स्वास्थ्य क्षेत्र में अगले 3 वर्षों के प्रमुख लक्ष्य**

- झारखंड में तीन नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।
- रिम्स-2 का शिलान्यास, बनेगा एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल।
- न्यूरो व नेफ्रो के लिए डेडिकेटेड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल होगा।
- बाइक एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया जाएगा।
- रिनपास का शताब्दी समारोह मनेगा।

### सोनारी एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

## लैंडिंग के दौरान फिसला विमान 2 पायलट सहित 9 की बची जान

नवीन मेल डेस्क

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर मंगलवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भुवनेश्वर से आने वाला इंडिया वन एयर का 19 सीटर विमान लैंडिंग के दौरान अचानक फिसल गया। विमान रनवे से उत्तर दिशा की ओर घास पर जा रुका। इस विमान में दो पायलट सहित कुल 9 यात्री सवार थे। हालांकि, एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से अभी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भुवनेश्वर से आने वाले इंडिया वन एयर विमान के सोनारी एयरपोर्ट पर मंगलवार की सुबह लैंडिंग के समय आए झटके से यात्रियों में अफरातफरी मच गई और कई यात्री डर के मारे चीखने-रोने लगे। हालांकि, पायलट की सूझबूझ और तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। केवल एक यात्री को हल्की चोट आई, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

शेष पेज 11 पर

## सरायकेला-खरसावां में 12 पीस केन आईईडी बरामद

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां को मंगलवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के नक्सलियों ने कुछ वर्ष पूर्व दलभंगा ओपी अंतर्गत ग्राम-नीमडीह के समीप पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से गोला-बारूद छुपाकर रखा था। इस सूचना के बाद सरायकेला-खरसावां पुलिस के साथ झारखंड जगुआर और एसएसबी-26 बटालियन के एक संयुक्त अभियान का गठन करते हुए मंगलवार को दलभंगा ओपी अंतर्गत ग्राम नीमडीह क्षेत्र के आसपास जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया गया।

शेष पेज 11 पर

## ईडी इजहार और अख्तर हुसैन से आज जेल में करेगी पूछताछ

### झारखंड के तेतुलिया भूमि घोटाले का मामला

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि का फर्जी दस्तावेज बनाकर खरीद-बिक्री किए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6/2025 दर्ज कर लिया है। ईडी इस केस के सीआईडी के हाथों गिरफ्तार किंगपिन इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से जेल में बुधवार (23 जुलाई 2025) को पूछताछ करेगी।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड विधानसभा में लगेंगे सभी संविधान निर्माताओं के तैल चित्र



**● विधानसभा अध्यक्ष ने कहा मानसून सत्र के दौरान एक-एक पल का सदुपयोग करें**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने मंगलवार को कहा कि शीघ्र ही विधानसभा में उन संविधान निर्माताओं के तैल चित्र लगाए जाएंगे, जिनके हस्ताक्षर संविधान की मूल प्रति में हैं। झारखंड के पुराने नेताओं के भी चित्रों का संग्रह किया जा रहा है। मंगलवार को हजारीबाग के पहले सांसद बाबू रामनारायण सिंह की लिखी पुस्तक 'और स्वराज्य लुट गया' की प्रति उनके पोते प्रो प्रमोद कुमार ने उन्हें भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने पक्ष-विपक्ष के सभी विधायकों से अपील की वे एक अगस्त से आहूत मानसून सत्र के दौरान एक-एक पल का सदुपयोग जनता के मुद्दों को उठाने में करें।

## इंडिया: पुलिस सिर्फ सजा दिलानेवाली नहीं, परिवर्तन लाने वाली संस्था है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

रांची के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अरविंद पांडे ने एक बार ब्रिटिश हुकूमत की धमक वाले पुलिसकर्मियों की नई परिभाषा पुरुषार्थी,लिप्सारहित सहयोगी देकर एक नई शुरुआत की थी जिससे लोग पुलिस को दमनकारी नहीं बल्कि अपना रक्षक समझें । भारतीय पुलिस को लेकर आम जनमानस में जो धारणा है वह थोड़ी बदली तो है पर पूरी तरह नहीं जबकि अराजक और दबंग लोगों से भरा समाज रांची तक में पुलिस पर हमला कर चुका है । वैसे जब कोई संकट आता है घर से लेकर बाहर तक कोई धमकी दे,परेशान करे,दंगा हो, सड़क दुर्घटना, चोरी या प्राकृतिक आपदा हो, तो सबसे पहले जो संस्था हमारी शिकायत पर पहुंचती है, वह पुलिस होती है। तमाम विपरीत परिस्थिति में सामान्यतः 24 घंटे ड्यूटी करने वाले कार्य की सीमाओं और दबावों के बीच पुलिस ने इस देश में आंतरिक व्यवस्था को संभाले रखा है। अनेकों बार उनके रहने तक की व्यवस्था सुविधाजनक नहीं होती फिर भी वह हर परिस्थिति में हमारे आसपास के मुहल्ले या गांव में तैयार खड़ी रहती है और वह भी सप्ताह के सातों दिन साल के 365 दिन। पूर्व की दमनकारी कार्य संस्कृति उन्हें विरासत में मिली थी पर अब प्रशिक्षण और निगरानी से उन्हें एक अनुशासित, परिणामोन्मुख सोच और स्थितियों से जूझने के अभ्यास के अनुरूप बनाया गया है जिसकी झलक सडकों पर ट्रैफिक पुलिस में मिलती है जिनका व्यवहार शिष्ट और शालीन होता है पर समाज का सवाल यह है कि क्या यही पर्याप्त है? क्या पुलिस केवल संकट से निपटने के लिए बनी है? क्या उसे केवल घटना के बाद कार्रवाई करने वाली व्यवस्था बने रहना चाहिए? वैश्विक सन्दर्भ में देखें तो देश बदल रहा है, अपराध के प्रकार बदल रहे हैं और पढ़े लिखे सफ़ेद पोश साइबर अपराधियों की बढती संख्या से नागरिकों की अपेक्षाएं और अधिकार-चेतना भी कहीं अधिक स्पष्ट और मुखर हो गई है। अब सिर्फ विधि व्यवस्था बनाए रखना काफी नहीं है। अब पुलिस को सुरक्षा की भावना जगाकर नागरिकों के भीतर विश्वास जगाना होगा जो तभी होगा जब पुलिस अपनी भूमिका को केवल बल प्रयोग करने वाली संस्था के बजाय समाज के साथ संवाद और सहयोग करने वाली संस्था के रूप में पुनर्परिभाषित करेगी।आज भी अधिकतर नागरिक विशेषकर महिलाएं पुलिस से बचना पसंद करती हैं। यह दूरी किसी कानून की वजह से नहीं, बल्कि अनुभव और पूर्वाग्रह की वजह से है। अगर लोगों को लगे कि पुलिस उनकी बात सुनती है, मदद करती है और बिना भय के उनसे संवाद किया जा सकता है, तो यह रिश्ता बदलेगा। इसके लिए बाल मित्र थानों की शुरुआत तो हुई पर महिला से लेकर आम आदमी के बीच बदलाव की झलक पेश करनी होगी। थाने सिर्फ एफआईआर लिखने या गिरफ्तारी करने के स्थान नहीं होने चाहिए। उन्हें मोहल्ले का समस्या समाधान केंद्र बनना चाहिए । एक ऐसा स्थान, जहां कोई भी नागरिक बेहिचक जाकर मदद मांग सके इसके लिए जनसंपर्क आवश्यक है । एक और बुनियादी बदलाव अपराध और अपराधियों को समझने के नजरिए में होना चाहिए । हर अपराधी एक जैसा नहीं होता बहुत से लोग परिस्थितियों से मजबूर होकर अपराध की ओर धकेले जाते हैं। कोई गरीबी में, कोई अशिक्षा में, तो कोई गलत संगति में। ऐसे मामलों में सुधार और पुनर्वास की नीति अपनाई जानी चाहिए, न कि जेल की। जो अपराधी सचमुच समाज के लिए खतरा हैं, उनके साथ कठोरता उचित है, लेकिन बाकी के लिए सुधार की संभावना को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।यह भी समझना होगा कि आज का अपराधी पुरानी सोच वाला नहीं बल्कि तकनीक से लैस है, कानून से बचने के तरीके जानता है और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करता है। आज साइबर क्राइम, वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के जरिये उकसावों जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। इनसे निपटने के लिए पुलिस को भी भविष्य की सोच और



तकनीकी दक्षता से लैस होना होगा। हर जिले में अपराध विश्लेषण, डाटा आधारित फैसले और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य की जानी चाहिए। अक्सर पुलिस अपने काम की जानकारी जनता तक पहुंचाने में पीछे रह जाती है। जहां अफवाहें तेजी से फैलती हैं, वहां चुप्पी नुकसान करती है। पुलिस को अब अपने पक्ष को स्पष्ट, संवेदनशील और समय पर जनता तक पहुंचाना आना चाहिए। इसके लिए हर जिले में प्रशिक्षित जनसंपर्क अधिकारी होने चाहिए, जो न केवल मीडिया से संवाद करें, बल्कि सोशल मीडिया और जन मंचों पर भी पुलिस की बात रख सकें।सबसे जरूरी यह समझना है कि पुलिस सुधार की मांग इसलिए नहीं हो रही है कि पुलिस सजा नहीं दिला पा रही है, बल्कि बदलते समय के साथ और भी प्रभावी बनाया जा सकता है। सुधार की प्रक्रिया साहसिक सोच और दूरदृष्टि से शुरू होती है। जब कोई संस्था दबाव महसूस करने लगे तो आत्ममंथन कर रणनीति के साथ चलना चाहिए । थानों के कलस्टर में कानूनी शक्ति संपन्न लोगों की बहाली होनी चाहिए जो अनुसंधान को विदेशों की तरह कानूनी मान्यता दिला सकें जिससे कोर्ट में ट्रायल में दुबारा समय बर्बाद नहीं होगा।

### नाम परिवर्तन संबंधी दस्तावेजों के गायब होने पर भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला हमला

# सरकार में अब 'नाम परिवर्तन घोटाला' : प्रतुल शाहदेव

**बोले प्रदेश प्रवक्ता**

- कहीं यह धर्मांतरण के आंकड़ों को छुपाने की साजिश तो नहीं
- राज्य सरकार अविलंब सीबीआई जांच की अनुशंसा करे

## एफआईआर नहीं करना पूरे मुद्दे को संदेहास्पद बनाता है



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार ने एफआईआर दर्ज नहीं करके इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया है। सिर्फ राजकीय प्रेस के संजीव कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया है। प्रतुल ने कहा कि जब सरकारी दस्तावेज गायब होते हैं, तो प्राथमिकी दर्ज होती है और संबंधित अधिकारी पर भी कड़ी कार्रवाई होती है। लेकिन, यहां सिर्फ मामले को रफा-दफा करने की साजिश चल रही है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को हेमंत सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि इस सरकार के घोटाले की श्रृंखला में अब 'नाम परिवर्तन घोटाला' भी शामिल हो गया है। प्रतुल ने कहा कि राज्य बनने के बाद अनेक वर्षों तक नाम परिवर्तन संबंधित गजट नोटिफिकेशन मैन्युअल होता था। इसका रजिस्टर मेंटेन होता था। अब हेमंत सरकार के समय वह सारे रजिस्टर ही गायब हो गए हैं।

प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि नाम परिवर्तन संबंधी कोई भी दस्तावेज मिल नहीं रहा है। इस अवधि में कितने नाम परिवर्तन हुए, किसके नाम परिवर्तन हुए उसका कोई उत्तर नहीं है। प्रतुल ने कहा कि हालिया वर्षों में इस प्रक्रिया के ऑनलाइन होने के बाद भी रिकॉर्ड ठीक से मेंटेन नहीं होते हैं। ऊपर से बड़ी वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरी घटना की सीबीआई जांच हो, क्योंकि आशंका है कि जांच के बाद कई और चौंकाने वाले रहस्य सामने आ सकते हैं।

प्रतुल ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि कहीं यह पूरा मुद्दा धर्मांतरण की संख्या को छुपाने से संबंधित तो नहीं है? उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण में लिप्त शक्तियां सक्रिय हैं। चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान शुरू किया है। झारखंड सहित पूरे देश में भी यह शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। नाम परिवर्तन का रजिस्टर भी लोगों की पहचान का एक आधार हो सकता था। इसलिए यह बड़ी आशंका है कि सिर्फ बड़े पैमाने पर हुए धर्मांतरण के वास्तविक आंकड़ों को छिपाने के लिए यह सारे दस्तावेज गायब कर दिए गए हैं। यह दस्तावेज के गायब होने के कारण संबंधित व्यक्ति आधार कार्ड में बदलाव कर अपनी उम्र, धर्म, जाति को भी बदल सकता है।

# भाजपा पूरी तरह राजनीतिक दिवालिएपन की शिकार हो गई है : विनोद पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**



- सरकार ने राजकीय प्रेस के अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट मांगी है और यदि कोई लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई होगी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के 'नाम परिवर्तन घोटाले' वाले आरोपों को पूरी तरह निराधार और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश बताया है। पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि हेमंत सोरेन सरकार हर विभाग में पारदर्शिता के लिए तकनीकी उन्नति कर रही है। सरकार गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहने दे रही है। कहीं इस वजह से ही भाजपा के व्यापारी नेताओं में बेचैनी तो नहीं बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का यह कहना कि रजिस्टर गायब कर दिए गए हैं, पूरी तरह भ्रामक है। पांडेय ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह झारखंड में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने के लिए हर मुद्दे को धर्मांतरण से जोड़ रही है। "यह वही भाजपा है जिसने अपने शासनकाल में कई विभागों में घोटाले होने पर भी किसी प्रकार की सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं की थी। अब जब राज्य में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है तो भाजपा को यह रास नहीं आ रहा।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने राजकीय प्रेस के अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट मांगी है और यदि कोई लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन भाजपा का हर मुद्दे पर सीबीआई जांच की मांग करना सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का प्रयास मात्र है। भाजपा को झारखंड की जनता ने नकारा है और वे बौखलाहट में इस तरह के झूठे आरोप लगा रही है। हेमंत सरकार जनता को जवाबदेह है और किसी के भी दबाव में नहीं आएगी।

# डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांगों को लेकर जेएसएलपीएस के सीईओ से मिला संघ



- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने दिया मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में मंगलवार को झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का शिष्टमंडल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) अनन्य मित्तल से मिला। शिष्टमंडल ने डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांगों को लागू करने के लिए जेएसएलपीएस के सीईओ को मांग पत्र भी दिया।

मौके पर महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने कहा कि जेएसएलपीएस में 384 कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को अब तक मानव संसाधन नियमावली लेवल एल-7 में नहीं जोड़ा गया है। जबकि, इसके लिए संघ ने कई बार मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव वंदना दादेल से मुलाकात कर उन्हें एल-7 में शामिल करने की मांग की थी। इसके बाद सचिव ने जेएसएलपीएस को इस संबंध में पीत पत्र भेजा था। लेकिन, इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने बताया कि पथ निर्माण विभाग में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को 40 हजार 900 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिए जा रहे हैं, जबकि जेएसएलपीएस में इस संवर्ग को मात्र 22 हजार 50 रुपए प्रतिमाह ही दी जा रही हैं। यह मौजूदा महंगाई के दौर में काफी कम है। उन्होंने कहा कि इस संवर्ग को 40 हजार 900 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलना चाहिए। साथ ही, उन्होंने बताया कि इस संवर्ग को 15 किलोमीटर की दूरी के अंदर ही पदस्थापन का समझौता है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। मांग है कि सभी का पदस्थापन 15 किलोमीटर के दायरे में हो। संघ के इन मांगों पर जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

### राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक, कहा

# आगमन से पहले कर लें व्यवस्था को चाक-चौबंद

- 31 जुलाई से 1 अगस्त तक झारखंड के दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति
- देवघर एम्स व आईआईटी आईएसएम के दीक्षांत समारोह में लेंगी भाग

**नवीन मेल संवाददाता**



## तय की गई आगमन से प्रस्थान तक की व्यवस्था की जवाबदेही

मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और आईजी अखिलेश कुमार झा करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी। वहीं, देवघर, धनबाद और रांची के उपायुक्तों ने समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के कार्यक्रमों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ संपन्न कराने का ब्लू प्रिंट साझा किया।

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई से 1 अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर देवघर, रांची और धनबाद पहुंच रही हैं। इस दौरान देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। वहीं, धनबाद में आईआईटी (आईएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में उनके आगमन की तैयारियों की मंगलवार को समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक-चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। सावन माह में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवरिया पथ को बिना बाधित किए राष्ट्रपति को एयरपोर्ट से एम्स तक ले जाने के लिए अलग मार्ग तय किया गया है। ज्ञात हो कि इसके पहले 10-11 जून को राष्ट्रपति का झारखंड दौरा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था। उस समय तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने उनके झारखंड प्रवास को यादगार बनाने पर बल दिया था। 31 जुलाई से 1 अगस्त तक राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व के दौरे के दौरान दिए गए निर्देश इस बार भी यथावत रहेंगे।

समीक्षा के दौरान मंच व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर, धनबाद और रांची में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहने वाले विशेष लोगों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कारपेट और बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान की व्यवस्था, कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप की व्यवस्था, बैगेज वैन एवं बैगेज कर्मी तथा छाता की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करने वाले लोगों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गई।

समीक्षा के क्रम में राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान उनके साथ आए लोगों के आवासन और भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था आदि पर भी फोकस किया गया।

# झाड़ियों में मिला सड़ा-गला शव, पुलिस कर रही जांच

**रांची।** बुंडू थाना क्षेत्र के कांची पंचायत सचिवालय भवन से लगभग 200 मीटर की दूरी पर झाड़ियों के पास से मंगलवार को एक अज्ञात युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। शव का केवल धड़ बरामद हुआ है, जबकि सिर गायब है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने झाड़ी के पास बदबू आने पर इसकी सूचना बुंडू थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद करने की कार्रवाई में जुट गई। ग्रामीणों का संदेह है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।

# भाई की मौत का बदला लेने के लिए नौशाद ने चलाई गोली, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के मांडर थाना क्षेत्र में 21 जुलाई की रात करीब 8 बजे नबी हुसैन अंसारी को टांगरबसली स्टेशन के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही गंभीरता देखते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने घायल नबी हुसैन अंसारी के परिजनों से गहन पूछताछ की और तुरंत कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल नौशाद अंसारी के छिपने के कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अपराधी नौशाद अंसारी मांडर थाना अंतर्गत नारो पर बने पुल के नीचे छिपा हुआ है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस दल ने तुरंत उस जगह की घेराबंदी की और घटना के मात्र आठ घंटे के भीतर अभियुक्त नौशाद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त नौशाद अंसारी की तलाशी लेने पर उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मैगजीन युक्त पिस्तौल, एक गोली सहित 315 बोर का एक देसी पिस्तौल भी बरामद हुआ। नौशाद अंसारी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 31 दिसंबर 2023 को नबी हुसैन अंसारी और अन्य ने उसके भाई की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। नौशाद ने यह भी बताया कि अभियुक्तगण उसके खिलाफ भी हत्या की साजिश रच रहे थे। इस मामले में 20 जुलाई 2025 को गवाही थी। न्यायालय के काम के बाद वापस लौटते समय, अपने भाई की हत्या का बदला लेने के उद्देश्य से उसने इस घटना को अंजाम दिया।

# आदिवासी छात्र संघ ने की टीआरएल में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



- कहा, केंद्रीय पुस्तकालय की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने मंगलवार को रांची कॉलेज, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आयोजित प्रेस वार्ता में विश्वविद्यालय से जुड़ी जनहित एवं छात्रहित की समस्याओं को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों एवं मांगों को उठाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य लंबे समय से ठप पड़े हैं, जिन्हें अविलंब प्रारंभ किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय से मांग की कि विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए तथा प्रत्येक विभाग में विभागीय पुस्तकालय की स्थापना की जाए। टीआरएल-9 विभाग में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए तथा एक स्वतंत्र भवन की व्यवस्था की जाए। कॉलेज परिसर के 'अखड़ा' का सौंदर्यीकरण, मंच (स्टेज) एवं शेड का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्यरत एक आदिवासी महिला नॉन-टीचिंग कर्मचारी के साथ हुए अत्याचार की निष्पक्ष जांच कराकर पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। संघ की उपाध्यक्ष दीपा कच्छप ने रांची कॉलेज का नाम 'वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय' करने की वर्षों पुरानी मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो चुका है, फिर भी आगे की प्रक्रिया में सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाए। संघ के सचिव अमित टोप्पो ने दोहराया कि विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति एवं स्थायी कुलसचिव की नियुक्ति शीघ्र की जाए, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से संचालित हो सकें। इस अवसर पर आदिवासी छात्र संघ के सचिव अमित टोप्पो, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, मीडिया प्रभारी आलोक तिर्की और संघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

## मानसून सत्र में सीएम के विभागों का जवाब देने के लिए मंत्री के नाम तय

**रांची।** षष्ठम झारखंड विस का तृतीय (मानसून) सत्र, जो एक अगस्त से आहूत है। इसमें मुख्यमंत्री के प्रभारा के विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण / निवेदन / याचिका /विधेयक / संकल्प आदि सभी प्रकार की विधायी सूचनाओं के उत्तर देने एवं अन्य विधायी कार्य के लिए मंत्रियों के नाम तक किए गए हैं। मंत्री दीपक बिरुवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य रहित), मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग का कार्य देखेंगे। मंत्री चमरा लिंडा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग देखेंगे। मंत्री रामदास सोरेन विधि विभाग, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग का कार्य देखेंगे। वहीं मंत्री योगेन्द्र प्रसाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (आपदा प्रबंधन रहित), ऊर्जा विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, पथ निर्माण विभाग का कार्य देखेंगे। मंत्री सुदिव्य कुमार भवन निर्माण विभाग, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का कार्य देखेंगे।

### झारखंड के विकास को लेकर केंद्रीय मंत्रियों के साथ सुदिव्य कुमार ने की बैठक

# पर्यटन व उच्च शिक्षा पर किया सकारात्मक संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**



## शहरी विकास के मुद्दों पर केंद्रीय आवासन मंत्री से चर्चा

साहेबगंज के सांसद विजय कुमार हांसदा के साथ मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस दौरान नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत झारखंड के गंगा तटीय नगरों में एसटीपी, अवरोधन और डायवर्जन नेटवर्क और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की स्थापना। दामोदर घाटी निगम से झारखंड हेतु जल आवंटन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का अनुरोध। रांची मल प्रबंधन (चरण-2) योजना हेतु वित्तीय सहायता की मांग की। इस बैठक में शहरी विकास के अन्य विविध पहलुओं पर भी सहमति आधारित सकारात्मक संवाद हुआ।

**रांची।** नई दिल्ली में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार ने राज्य के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के कई मंत्रियों से मुलाकात की। इन बैठकों में पर्यटन, शहरी आधारभूत ढांचा तथा उच्च शिक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान झारखंड में पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए रांची स्थित अशोक होटल के झारखंड सरकार को हस्तांतरण पर सैद्धांतिक सहमति। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत चांडिल, नेतरहाट एवं तेनुघाट में ईको-टूरिज्म परियोजनाओं का विकास। आईआईटीटीएम मॉडल पर आधारित एक विशिष्ट पर्यटन संस्थान की झारखंड में स्थापना। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेलों के आयोजन हेतु एमओटी व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान की योजना। पुरातात्विक एवं विरासत स्थलों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में केंद्र सरकार के सहयोग की अपेक्षा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ हुई बैठक में झारखंड में उच्च शिक्षा की स्थिति पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में सांसद विजय कुमार हांसदा भी उपस्थित रहे। इस दौरान झारखंड का सकल नामांकन अनुपात मात्र 18.3% और कॉलेज घनत्व केवल 8 है, जो देश की औसत से काफी कम है। पीएम-उषा योजना के तहत भेजे गए 159 प्रस्तावों में से केवल 1मेरु, 17 कॉलेज एवं 6 हॉस्टल को ही स्वीकृति मिली। नए मॉडल डिग्री कॉलेज को कोई मंजूरी नहीं दी गई।

शिक्षा ऋण योजना के तहत 231.72 करोड़ की संभावित क्षति राज्य को हुई क्योंकि अधिकांश ऋण अन्य राज्यों के संस्थानों को स्थानांतरित हुए कौशल विश्वविद्यालय और फिनटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना हेतु 800 करोड़ की परियोजना को मंजूरी देने का आग्रह। ई-समर्थ ईआरपी व नवप्रवर्तन नीति 2025 को आईआईटी के सहयोग से लागू करने की योजना।आईआईटी रांची, निफ्ट परिसर, और पीआईएफसी प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने सभी केंद्रीय मंत्रियों से झारखंड के विकास में तेज और निर्णायक सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार की साझेदारी से झारखंड को राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई जा सकेगी।

### गंभीर चिंता | रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा

# पर्यटन स्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगे

- प्रकृति के लिए बड़ा खतरा बना है सिंगल यूज प्लास्टिक

**नवीन मेल संवाददाता**



## त्वरित व सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अधिक से अधिक आम जनता को, पर्यटकों को, धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक भी कर सकते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि इस दिशा में राज्य सरकार त्वरित और सकारात्मक कदम उठाए, ताकि हमारे पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय प्लास्टिक के खतरे से सुरक्षित रह सकें।

**रांची।** सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और प्राकृतिक आवरण पर पड़ रहे इसे विपरीत प्रभाव को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीर चिंता जताई है। पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों और जलाशयों के आसपास इसके उपयोग पर रोक लगाने को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।

अपने पत्र में संजय सेठ ने कहा है कि प्राकृतिक आवरण और सौंदर्य से भरपूर झारखंड में कई पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। झारखंड चूंकि जंगल और प्रकृति के सौंदर्य उपहारों से भरा-पूरा है, ऐसे में इसका संरक्षण भी हम सबकी जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभरा है। विशेष रूप से पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थानों पर फेंकी जाने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलें और प्लास्टिक बड़ा खतरा बन रहे हैं। सिर्फ मानवीय जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी और जलीय जंतुओं के लिए जलाशयों में प्लास्टिक फेंका जाना, पर्यावरण के साथ-साथ जैव जगत के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बड़े जलप्रपात, नदियां, तालाब, बड़े जलाशय में आज भी प्लास्टिक के कचरों का ढेर दिखता है, जो हमें आने वाले भविष्य के खतरों से आगाह कर रहा है। कई समाचार माध्यमों में यह समाचार आ रहे हैं कि रांची सहित पूरे झारखंड के जलाशय और प्राकृतिक आवरण विदेशी पक्षियों व जंतुओं के भी आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। ऐसे में हमारी चिंता और जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है।

संजय सेठ ने पत्र में कहा है कि हम झारखंड के लोग प्रकृति से अगाध प्रेम करते हैं। इसलिए प्रकृति का संरक्षण हम सबके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। झारखंड के पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और ऐसे अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक से बच सकें, इस दिशा में सरकार को कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। ताकि, हम आने वाली पीढ़ियों को बेहतर प्राकृतिक वातावरण दे सकें।

## किराएदार ने अपने ही घर मालिक के साथ की साइबर ठगी



**रांची।** राजधानी रांची में एक महिला के साथ एक अनोखी ठगी का मामला सामने आया है। एक किराएदार अभिषेक कुमार ने अपने ही मकान मालिक अणिमा तिग्गा के मोबाइल का सिम निकाल कर ठगी की घटना को अंजाम दिया। ठगी करने वाले किराएदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि किराएदार ने मोबाइल से सिम निकल कर एक लाख 88 हजार रुपए की साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया था। साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया।

# उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा नहीं दिया, दिलवाया गया : राजद

- पार्टी ने कहा, जगदीप धनखड़ का इस्तीफा अत्यंत अफसोसजनक और चिंता का विषय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजद की प्रदेश इकाई ने मंगलवार को जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर कहा कि आजाद भारत में पहली बार किसी उपराष्ट्रपति ने पद से इस्तीफा दिया है। यह अत्यंत अफसोसजनक और चिंता का विषय है। पार्टी के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार के शासनकाल में भाजपा के नेता खुलेआम देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था का अपमान कर रहे हैं। इससे विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका और पत्रकारिता की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा नहीं दिया, बल्कि उनसे इस्तीफा दिलवाया गया है। प्रदेश राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि उपराष्ट्रपति पहले से दिन भर इत्मीनान नजर आए और राज्यसभा के चेयर से सदन को चलाते नजर आए। लेकिन, शाम होती ही ऐसी क्या बात हो गई कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया। इससे पूरा देश स्तब्ध है।

## रांची जिला में हर मंगलवार को जनता दरबार में जन समस्याओं का हो रहा है समाधान




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हर मंगलवार को जिले के सभी अंचलों और प्रखंडों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के मार्गदर्शन में यह पहल जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी मंच साबित हो रही है।

मंगलवार को रांची जिले के विभिन्न अंचल कार्यालयों में आयोजित जनता दरबार में अंचल अधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, म्यूटेशन, अतिक्रमण, और अन्य प्रशासनिक मुद्दों से संबंधित शिकायतें प्रमुखता से सामने आईं।

### मौके पर समाधान, त्वरित कार्रवाई का आश्वासन

जनता दरबार में कई शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया, जबकि जटिल मामलों के लिए अधिकारियों ने शीघ्र जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। यह पहल नागरिकों को उनके लंबित मुद्दों के समाधान के लिए सीधे अधिकारियों तक पहुंचने का अवसर प्रदान कर रही है।

### जनता दरबार: हर मंगलवार, हर अंचल

यह कार्यक्रम हर मंगलवार को जिले के सभी प्रखंड और अंचल कार्यालयों में नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। नागरिक अपने नजदीकी कार्यालय में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

## अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया



**रांची।** रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम, जिला प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से मंगलवार को स्टेशन रोड में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस दौरान नालियों के ऊपर एवं सड़क किनारे लगाए गए गुमटी/ठेला एवं अन्य दुकानों को हटाया गया एवं अस्थाई संरचनाओं को तोड़ कर सामान जब्त किया गया।

आंखों देखा प्रखंड दिवस

# फरियादी करते रहते हैं बाहर इंतजार और पदाधिकारी दिखाते हैं मीटिंग में व्यस्तता

मनोज मिश्रा

**रांची।** गांव से लोग अपनी खेती-बारी, हाट- बाजार छोड़कर अपने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अंचल कार्यालय या प्रखंड कार्यालय जाते हैं। कभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कभी अंचल अधिकारी तो कभी अधीनस्थ कर्मचारी जिले में या अन्य कार्यों से कहीं चले जाते हैं और ग्रामीणों को उनसे मुलाकात नहीं होती है जिस कारण से उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों के समय और पैसे की बचत हो इसके लिए प्रत्येक मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड दिवस मनाया जाता है, ग्रामीण इसे जनता दरबार कहते हैं। इस दिन प्रखंड और अंचल के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों का कार्यालय में रहना अनिवार्य होता है। मगर प्रखंड दिवस की इस सुंदर व्यवस्था को सुनियोजित तरीके से ध्वस्त करते हुए कई प्रखंड और अंचल के पदाधिकारी जनता से न मिलने का उपाय ढूंढ लेते हैं और अपने केबिन में विभागीय बैठक करने लगते हैं। जनता बाहर इंतजार करती रहती है और पदाधिकारी मीटिंग में व्यस्त दिखाते हैं। जब भी ग्रामीण मिलने का प्रयास करते है तो उन्हें कहा जाता है कि मीटिंग चल रही है। उस मीटिंग के बीच में कुछ फरियादी ही प्रवेश कर पाते हैं और अपनी समस्याओं को बता पाते हैं इसमें वे लोग होते हैं जो मिलने का जुगाड़ बैठा पाते हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने जिले के चार प्रखंडों ( कांके, रातू, मांडर, चान्हो) का दौरा कर यह जानने का प्रयास किया है कि प्रखंड कार्यालयों में किस प्रकार से प्रखंड दिवस मनाया जा रहा है और ग्रामीणों को क्या लाभ पहुंच रहा है। आईए जानते हैं इन प्रखंडों में प्रखंड दिवस किस प्रकार से मनाया जा रहा है।

जनता दरबार में आए **चान्हो अंचल सरुला मुंडा** ने बताया कि पिछले 45 दिनों से अंचल के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकल रहा है। मेरी खतियानी जमीन है जिस पर मैं रहता और खेती करता हूं 2017 तक मैं लगान रसीद कटाता था। उस जमीन का दाखिल खारिज किसी और ने करा लिया है और 2018 से वह रसीद कटा रहा है । इस संबंध में अंचल कार्यालय में शिकायत दर्ज कराया हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अंचल अधिकारी से बड़ी मशक्कत के बाद मिला तो उन्होंने कहा कि सिविल कोर्ट जाइए। एक तो हमारे शिकायत की जांच नहीं कर रहे हैं ऊपर से सिविल कोर्ट जाने की सलाह दे रहे हैं अगर इतना सुविधा संपन्न मैं होता तो इतनी परेशानी क्यों झेलता।



### मांडर प्रखंड का प्रखंड दिवस
### प्रखंड और अंचल कार्यालय




चंचला कुमारी मांडर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी दोनों का प्रभार ग्रहण किए हुए हैं। सक्रियता बनाए रखते हुए इन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान करने का प्रयास किया। प्रखंड में ज्यादातर मामले मंईयां सम्मान योजना से जुड़े पाए गए।

### चान्हो प्रखंड का प्रखंड दिवस
### प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय




चान्हो प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण कुमार के कार्यालय में सभी कोई आसानी से प्रवेश कर रहे थे और अपनी समस्याएं बता रहे थे। उन्होंने बताया कि मंईयां सम्मान योजना से जुड़े अधिकतर मामले आए हैं इसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

◆ **अंचल कार्यालय का प्रखंड दिवस**

अंचल अधिकारी संजीव कुमार अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ बैठक में व्यस्त दिखे, बाहर जनता इंतजार करती रही। नाम नहीं प्रकाशित करने पर लोगों ने कहा कि सर मीटिंग में व्यस्त है जिस कारण से मिल नहीं पा रहा हूं।

### रातू प्रखंड का प्रखंड दिवस
### प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय




रातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलने में लोगों को परेशानी हो रही थी, साहब पुरानी फाइलें निपटा रहे थे। कोई प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था तो उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी से नहीं मिलने दिया जा रहा था और बताया जा रहा था कि साहब व्यस्त है काम कर रहे हैं।

◆ **अंचल अधिकारी का कार्यालय**

अंचल अधिकारी रवि कुमार जनता की समस्याओं से रूबरू हो रहे थे और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर रहे थे। इनके कार्यालय में किसी के प्रवेश पर रोक नहीं था और फरियादी लगातार इसे मिल रहे थे।

### कांके प्रखंड का प्रखंड दिवस
### प्रखंड और अंचल कार्यालय




विजय कुमार कांके प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी दोनों के प्रभार में हैं। इनके कार्यालय में किसी के भी प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं था। कोई भी आसानी से मिलकर अपनी बात रख सकते थे। वहीं कार्यालय में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और दूर दराज से आए लोग मंईयां सामान योजना, वृद्धा पेंशन और जमीन संबंधित मामले में अपनी समस्याओं का समाधान पाते दिखे।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 163वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। इसका आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल ने किया था। किशोरी लाल, शकुंतला देवी, अजय, खुशबू बरनवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। किशोरी लाल बरनवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक-ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

## बीआईटी मेसरा में पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा स्थित मात्रात्मक अर्थशास्त्र और डाटा विज्ञान केंद्र (सीक्यूईडीएस) ने सोमवार को 'गतिशील प्रणालियां और नियंत्रण सीखना : आधार, विधि, एल्गोरिथम और कार्यान्वयन' (एलडीसी एफएमएआईडी 2025) शीर्षक से पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। यह कार्यशाला 25 जुलाई 2025 तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ बीआईटी प्रार्थना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद कार्यशाला संयोजक, सीक्यूईडीएस की प्रमुख प्रो वंदना भट्टाचार्य तथा मुख्य अतिथि प्रो संदीप कुमार सोलंकी ने उद्घाटन संबोधन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना का विशेष संदेश भी साझा किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य डाटा-संचालित युग में गतिशील प्रणालियों की समझ, नियंत्रण एवं अनुकूलन को सैद्धांतिक व व्यावहारिक दृष्टिकोण से जोड़ना है। इसमें भौतिकी, अर्थशास्त्र और कंप्यूटेशन जैसे विविध क्षेत्रों में नियंत्रित निर्णय-निर्माण के लिए नए दृष्टिकोणों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ लक्ष्मण महतो, सह-संयोजक डॉ सन्नी भूषण एवं डॉ सुभ्रत कुमार स्वैन, और समन्वयक मंडल ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी कानपुर, आईआईटी पटना, एनआईटी भोपाल और बीआईटी मेसरा के विशेषज्ञ वक्ता आमंत्रित किए गए हैं।

## श्री दादीजी का श्रावण सह सिंधारा 27 को



रांची। श्री दादीजी का सिंधारा 27 जुलाई को श्री राणी सती मंदिर कमेटी के तत्वाधन में स्थानीय श्री राणी सती मंदिर प्रांगण में श्रावण सह सिंधारा महोत्सव 2082 का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया ने बताया कि इस वर्ष दीपक गोयनका को महोत्सव संयोजक बनाया गया है। पवन लोहिया एवं मनोज अग्रवाल को महोत्सव सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावे सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग विभागों का दायित्व दिया गया है, सभी भक्त पूरी निष्ठा लगन से महोत्सव को अंतिम रूप दे रहे है। कार्यालय प्रभारी अक्षय हरलालका ने बताया कि मंगला पाठ, मंगल सिंधारा, नवेद्य भोग एवं गजरा उत्सव मंदिर प्रांगण में धूम धाम से मनाया जाएगा। गुरुवार को प्रातः 8 बजे से नौ बजे तक मंगला पाठ का कार्ड वितरण किया जाएगा, जो भी भक्तमती महिलाएं मंगला पाठ करना चाहती है, मंदिर कार्यालय से कार्ड प्राप्त कर सकती है।

**आज / कल**




## समर्पण शाखा के सावन मेले में उमड़ी भारी भीड़

● **स्टेट प्रेसिडेंट आरती सिंह ने किया सावन मेले का उद्घाटन**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला मंगलवार को अपर बाजार स्थित अग्रेसन भवन में शुरू हो गया। यह मेला 24 जुलाई तक चलेगा। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्टेट प्रेसिडेंट आरती सिंह ने किया। मौके पर आरती सिंह को मोमेंटो एवं दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। स्टेट प्रेसिडेंट आरती सिंह ने मेले की प्रशंसा की और सभी स्टाल धारकों का हौसला बढ़ाया। महिलाओं को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने स्वागत उद्गार प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी स्टलाधारकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आजकल बहुत सी महिलाएं घर में अपने हाथों से सामान बनाती हैं। पहले उनकी इस काबिलियत की जानकारी सभी को नहीं थी, लेकिन मेले में स्टॉल लगाने से उनको एक पहचान मिलने लगी। उनके लिए एक छोटी कमाई का जरिया हो गया। मेले से जो फंड आता है, उस से हम सोशल वर्क में उपयोग करते हैं।

मेले की संयोजिका विनीता बिहानी ने बताया कि अग्रेसन भवन के तीनों फ्लोर में करीब 70 स्टॉल लगाए गए हैं। श्वेता भाला ने बताया कि मेले में हर तरह के स्टॉल लगे हैं, जैसे कपड़े, राखी, ज्वेलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार, पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंडमेड सामान, भगवान की पोशाक आदि। रांची के अलावा बाहर से भी लोग स्टॉल लगाने आए हैं, जैसे कोलकाता, टाटा, धनबाद आदि।

समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने सभी रांचीवासियों से अपील की है कि मेले में आएं, घूमें, शॉपिंग एवं लजीज फूड को इंजॉय करें। मेले में फूड स्टॉल भी लगे हैं। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि पहले ही दिन ही मेले में लोगों की भारी भीड़ रही। लोगों ने राखियां और कपड़े की जमकर खरीदारी की। मेला तीनों दिन पूर्वाह्न 10:00 से शाम 7:30 तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि मेले में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा अग्रवाल, संयोजिका विनीता बिहानी, श्वेता भाला, सरिता बथवाल, सपना सिंघानिया, रितु पोद्दार, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार, दीपिका मोतिका, मीनू अग्रवाल एवं पूरी समर्पण टीम का सहयोग रहा।

## जीवात्मा का भगवान से है पुरातन संबंध : जगद्गुरु रामानुजाचार्य



**रांची।** जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और श्री गोविंद दास जी महाराज ने अपने परिकरों के साथ मंगलवार को श्रीधाम वृंदावन के लिए प्रस्थान किया। ज्ञात हो कि रांची नगर के सुप्रसिद्ध श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी मंदिर) के तीन दिवसीय अठारहवें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव का आयोजन 18 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक भव्य रूप से संपन्न हुआ है। समापन समारोह में नादस्वर का मंगल धुन, दक्षिण भारत के आचार्य और विद्वान पंडितों के कंठस्वर से वैदिक मंत्रोच्चार, मंगलाचार और स्वस्तिवाचन हुए। मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया ने अंगवस्त्र आदि से सम्मानित कर उनकी विदाई की।



## राष्ट्रीय महिला आयोग की नजर में झारखंड में महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़े

# आंकड़ों में महिलाओं के विरुद्ध अपराध घटे पर सजा मात्र 27 प्रतिशत को

काजल मेहता। दो सप्ताह पहले राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने रांची में बयान दिया था कि झारखंड में महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़े हैं। जिसपर विभिन्न वर्गों में तीखी प्रतिक्रिया रही। दो दिन पहले सीएम हेमंत सोरेन एक्स पर सिमडेगा में हुए बर्बर कांड पर सख्त रुख अपनाया जिससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई। हालांकि डीजीपी अनुराग गुप्ता ने लगभग 7 महीने पूर्व महिलाओं के विरुद्ध अपराध रोकने का संकल्प व्यक्त किया था और इस पर कार्रवाई भी हो रही थी। लेकिन वकीलों की मने तो दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध में भी मात्र 27 प्रतिशत आरोपियों को सजा हो पाती है। झारखंड राज्य में एससीआरबी रिपोर्ट्स के मुताबिक वर्ष 2024 में 1570 दुष्कर्म के मामले हैं। वहीं वर्ष 2025 के मई तक में 768 दुष्कर्म के मामले हैं।

### समाज को बदलनी होगी मानसिकता : निर्मला अमिताभ चौधरी

इस संबंध में पूर्व डीजीपी निर्मला अमिताभ चौधरी का कहना है कि



महिलाएं कामकाज के सिलसिले में देर रात घर लौटती हैं। इसपर समाज टिप्पणी करती है। ऊपर से समाज अपने आप को मॉडर्न दिखाने की कोशिश करती है, लेकिन समाज विदेशियों की तरह ना तो मॉडर्न हो सका और ना ही भारतीय, जहां महिलाओं को ऊंचा दर्जा दिया जाता था। समाज उल्टे पीड़ित महिलाओं को ही दोषी बताता है। इस तरह के जघन्य अपराध करने वाले लोग दबंग व अपराधिक प्रवृति के होते हैं जो कानूनी

### मोबाइल के जमाने में बच्चे समय से पहले हो जाते हैं वयस्क : सुमन

अधिवक्ता सुमन पाठक का कहना है कि दुष्कर्मी जन्म से दुष्कर्मी नहीं



होता है। बल्कि वैसे माहौल का असर होता है। अधिवक्ता सुमन ने कहा कि दुष्कर्मी के पास कई कारण होते है जैसे- अकेलापन, नशा, घर का वातारण या नेट के द्वारा देखे गए वीडियो का एक्सपेरिमेंट करना। कई बार आरोपी के द्वारा बयान दिया जाता है कि उत्सुकता बस घटना घाट गई जिसके आधार पर उसे मासूम साबित कर बचाने का प्रयास किया जाता है। जबकि इंटररनेट और मोबाइल के जमाने में बच्चे समय से पहले वयस्क हो जाते हैं।

### सीएम का निर्देश महिलाओं के विरुद्ध अपराध पर हो सख्त कार्रवाई



एआई जनरेटेड

### फास्ट-ट्रैक कोर्ट और सख्त सजा अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी : श्रेया राय

श्रेया का कहना है कि यह डर हमेशा बना रहता है कि कहीं बाहर अकेले



जाना, रात को निकलना या यहां तक कि जान-पहचान वालों पर भी पूरी तरह भरोसा करना सुरक्षित नहीं है। महिला अभी भी इस देश में सुरक्षित नहीं है। वास्तविक मामलों में साक्ष्य की कमी के कारण आरोपी को सजा नहीं हो पाती है। श्रेया ने कहा कि फास्ट-ट्रैक कोर्ट और सख्त सजा जरूरी है ताकि अपराधी को डर हो। स्कूलों से ही बच्चों को सिखाने की सहमति क्या होती है, और महिलाओं का सम्मान कैसे किया जाए।

### दुष्कर्म के आरोपियों पर हुए कई साइकोलोजिस्ट रिसर्च : भूमिका सच्चर

मनोचिकित्सक भूमिका सच्चर का कहना है कि दुष्कर्मियों को मानसिक



रूप से कोई परेशानी है बोलना गलत होगा। उन्होंने कहा कि कई दुष्कर्मियों पर बहुत से साइकोलोजिस्ट रिसर्च हुए हैं जिसमे पाया गया कि दुष्कर्मियों में व्यक्तित्व संभावित परेशानियां, गुस्सा, एम्पथी का कम होना, महिलाओं के प्रति गुस्से की भावना होना हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह वासना नहीं होता है बल्कि यह गुस्से और घृणा की भावना होती है जो किसी भी कारण से आरोपी के मन में आ सकती है।

### पीड़ित महिलाओं का खामोश रहना नहीं है समाधान : कोमल कुमारी

अधिवक्ता कोमल कुमारी का कहना है कि दुष्कर्म



से पीड़ित महिलाएं कई बार कोर्ट कचहरी के मामलों में नहीं पड़ना चाहती है लेकिन यह समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। इसका मतलब यह नहीं की वह आरोपी को सजा ना दिलवाए। इसलिए जरुरी है कि पीड़िता आगे आए और आरोपियों के खिलाफ आवाज उठाए।

### झूठे दुष्कर्म के आरोपों के बारे में क्या करें : सोनाली

अधिवक्ता सोनाली ने बताया कि झूठे दुष्कर्म के आरोप लगने के कई कारण हो सकते हैं। उदाहरण



के लिए, एक पति या पत्नी कानूनी हिरासत के मामले में लाभ पाने के लिए अपने साथी पर दुष्कर्म का आरोप लगा सकते हैं। अन्य मामलों में कोई व्यक्ति किसी पिछली घटना का बदला लेने के लिए किसी पर दुष्कर्म का आरोप लगा सकता है। मामला चाहे जो भी हो, दुष्कर्म के झूठे आरोप हमेशा गंभीर होते हैं। झूठे दुष्कर्म के आरोपों से बचाव के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं, जितनी जल्दी हो सके एक वकील को नियुक्त करें, आरोप लगाने वाले या उनके परिवार से कोई संपर्क न करें, मामले के बारे में वकील के अलावा किसी से बात न करें, सोशल मीडिया वेबसाइटों पर मामले का उल्लेख न करें, अपना मामला दस्तावेजित करें। दुष्कर्म के झूठे आरोपों के बाद सक्रिय रहना ज़रूरी है। वकील नियुक्त करने के बाद, अभियुक्त को अपना नाम साफ़ करने के लिए कई कदम उठाने पड़ सकते हैं।

### नाबालिग की उम्र सिर्फ कम है उसका अपराध नहीं : रबीना आरजू

रबीना आरजू ने कहा कि अब तो कम उम्र के लड़के भी



इस अपराध में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा नाबालिग लड़के सिर्फ उम्र में कम है उसका अपराध नही इसलिए उसे भी बराबर सजा हो। जो इंसान बलात्कार की घटना को अंजाम दे सकता है वह मानसिक रूप से नाबालिग नहीं हो सकता है। बाल सुधार गृह भेज दिया जाता है नाबालिग लड़कों को लेकिन इस बात की गारंटी कौन लेता है कि वह लड़का सच में सुधर जाएगा?

## न्यूज बॉक्स

### संतोष कॉलेज में 'शिक्षा का भारतीय दृष्टिकोण' विषय पर व्याख्यान का आयोजन

## एफडीपी वर्तमान समय की दृष्टि से प्रासंगिक व व्यावहारिक : कुलपति



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल द्वारा आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के दूसरे दिन मंगलवार को 'शिक्षा का भारतीय दृष्टिकोण' विषय पर संकाय सदस्यों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को वर्तमान समय की दृष्टि से प्रासंगिक और व्यावहारिक बताया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था 'नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन एवं पारंपरिक ज्ञान का प्रोत्साहन।' इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आभा झा उपस्थित थीं। उन्होंने भारतीय शिक्षा की दार्शनिक आधारशिला का विस्तृत वर्णन किया, वेदों को ज्ञान का प्रमुख स्रोत बताया तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीनता एवं समृद्धता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागी संकाय सदस्यों की शंकाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

### आश्रम में दिव्यांगों के लिए 50 बेड की करेंगे व्यवस्था : सदानंद महाराज



**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम में मंगलवार को परमहंस डॉ संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज का आगमन हुआ। इस अवसर पर गुरु सदानंद महाराज ने अपना 81वां जन्मोत्सव भी आश्रम में रह रहे दिव्यांगों और निराश्रितों के बीच मनाया। उन्होंने आने वाले दिनों में ट्रस्ट की ओर से 50 और अतिरिक्त बेड की व्यवस्था दिव्यांगों के लिए करने की घोषणा की। गुरु सदानंद महाराज ने कहा कि अपना घर आश्रम मानव सेवा का मंदिर है। समाज के उपेक्षित वर्ग की सेवा ही सच्चे धर्म का मार्ग है। युवाओं को इस सेवा से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। मौके पर उन्होंने आश्रम में रह रहे दिव्यांग, निराश्रित एवं दीनबंधुओं से भेंट कर उनकी दिनचर्या, देखभाल एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में आश्रम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने भी विचार साझा किए। सर्राफ ने कहा कि सत्य, प्रेम और सेवा के मूल मंत्र पर चलने वाला यह आश्रम अब एक संस्था नहीं, बल्कि मानवता को गले लगाने का एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आश्रम में 37 दिव्यांग और निराश्रितों की सेवा की जा रही है।

### 20 प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र



**रांची।** विकाश भारती के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के 20 प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को असिस्टेंट ड्रेस मेकर का प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान प्रमाण पत्र का वितरण चकमे पंचायत के मुखिया रामवृत मुंडा, जेएसएस रांची के कार्यक्रम पदाधिकारी सुदीपता सरकार, समाज सेवी नगमा हसन सहित अन्य ने वितरण किया। वितरण के मौके पर साहवती देवी, प्रिंस ठाकुर, आरिफ खान, साजीद खान, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सिस्टम फिर से खाट पर पुल के अभाव में गर्भवती महिला को खटिया पर ढोया



**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत गेनमेरे पंचायत के टोनिया कर्राडमाईर गांव में एक बार फिर बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी उजागर हुई। पुल के अभाव और नेटवर्क ठप होने के कारण एक गर्भवती महिला को खटिया पर लादकर पांगुर नाला पार कराया गया और फिर ऑटो से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गर्भवती हेमंती देवी पति राजेश पाईक को बीती रात करीब 3 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। पांगुर नाला में पानी का बहाव तेज होने के कारण रात में उसे पार कराना संभव नहीं था। गांव में चार दिनों से बिजली और मोबाइल नेटवर्क ठप होने के कारण एम्बुलेंस या अस्पताल से संपर्क नहीं हो सका। सुबह पानी थोड़ा कम होने पर ग्रामीणों ने खटिया के सहारे महिला को नदी पार कराया।

### मुखिया ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचुआ पंचायत के मुखिया विलियम समद ने मंगलवार को कोलेबिरा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह से औपचारिक मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। मुलाकात के दौरान मुखिया ने थाना प्रभारी से पंचायत क्षेत्र का भ्रमण करने का आग्रह किया।

### श्रीहरि वनवासी विकास समिति का कार्यालय प्रमुख प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ

**पालकोट (गुमला)।** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति के तत्वावधान में सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर छाताटांड़, सिल्ली में कार्यालय प्रमुख प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रांत संगठन मंत्री सुशील मरांडी, प्रांत लोक कला प्रमुख देवनंदन सिंह, प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे और विद्यालय सह सचिव विजय कुशवाहा ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ॐ एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर किया।इस अवसर पर देवनंदन सिंह ने कहा ने कहा की कार्यालय हमारे कार्य की रीढ़ होता है। जब तक यह सुव्यवस्थित नहीं होगा, कार्य भी प्रभावी नहीं हो सकता। इस प्रशिक्षण वर्ग से कार्यालय संचालन की दक्षता बढ़ेगी। सुशील मरांडी ने अपने संबोधन में वनवासी कल्याण आश्रम के 14 आयामों की चर्चा करते हुए बताया कि, "जनजातीय क्षेत्र में जागृति लाने हेतु औपचारिक विद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और उनकी कार्यालय व्यवस्था का सशक्त होना हमारी प्राथमिकता है।" इस प्रशिक्षण वर्ग में 27 स्थानों से आए 32 कार्यालय प्रमुख भाग ले रहे हैं, जिनमें अधिकतर नवीन प्रतिभागी हैं।

### आठ अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया जाएगा


**सिसई (गुमला)।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रधान कार्यालय सिसई में मंगलवार की दोपहर को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष सिसई में 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया था। वहीं इस वर्ष भी आगामी 8 अगस्त 2025 को पुराने प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई परिसर में भव्य तरीके से शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। शहादत दिवस कार्यक्रम में गुमला जिला के सभी चिन्हितीकरण झारखंड आंदोलनकारियों की उपस्थिति रहेगी। इस मौके पर मनोज वर्मा, जुबेर अंसारी, जोसेफ आभाष मिंज, महमूद आलम, सुधेश्वरी साहु, अमर कुमार साहु उपस्थित थे।

### अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विशेष सभा का आयोजन



**मुरी।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में श्री श्री भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम के सौजन्य से अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें सिल्ली और मुरी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रतिनिधित्व की उपस्थिति में भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में एक भव्य अंतरविद्यालयी सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन हेतु सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापिका तथा उनके प्रतिनिधित्व उपस्थित रहे। डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली की प्राचार्या बी. शरण, संत माइकल्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति, आदित्य बिड़ला हाई स्कूल मुरी से श्याम कुमार साह, उर्सुलाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल से सिस्टर मिनाक्षी, उर्सुलाईन लाइन कॉन्वेंट स्कूल (बालिका) से सिस्टर सरिता, एस एस प्लस +2 हाई स्कूल से पवन पांडेय, आरटीसी पब्लिक स्कूल से तुलसी दास महतो, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल से विनिता सिंह, अरुणिमा पब्लिक स्कूल से ममता सिंह, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से चंद्रिका कुमारी, चिराग पब्लिक स्कूल से दिनेश कुमार महतो सहित असिम कृष्ण दास गुरुकुल कुटाम।

### रीना महतो के निधन से शोक की लहर



**मुरी।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता व समाजवादी नेता स्वर्गीय विष्णु चरण महतो की छोटी पुत्री रीना महतो के निधन से उनके पैतृक गांव कांटाडीह, सिंगपुर मुरी एवं शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई। इन्होंने 17 जुलाई को अंतिम सांस ली। वे टाटीसिल्वे मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापिका थी।नामकुम स्थित स्वर्ण रेखा नदी घाट पर इनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पति सत्यनारायण महतो, एक पुत्र व एक पुत्री पूजा मेहता समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई है। भारत सरकार के संस्कृति मंच की ओर से बिरसा मुंडा की गौरव दिवस पर इन्हें सम्मानित भी किया गया था

## पुलिस ने हरियाणा से बिहार जा रही एक ट्रक शराब को किया बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो पुलिस ने लाखों की अवैध शराब से एक भरी हुई ट्रक को गुप्त सूचना पर पकड़ कर थाना ले आई। बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर असरो गांव के समीप मंगलवार को देर शाम वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम उपाध्याय, थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान, एसआई अनिल टोप्पो, एसआई नंदु पैरा व सशस्त्र बल ने तस्करी के लिए बिहार ले जाई जा रही 14 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। शराब लदी ट्रक के ऊपर रुई की बोरी में छुपा कर रखा गया था। समाचार लिखे जाने तक शराब से भरी पेटी की गिनती नहीं हो पाई थी। इधर थाना प्रभारी देवप्रताप ने बताया कि शराब की कीमत लाखों में होगी। जिसकी गिनती अभी करनी है। वहीं शराब की पेटी को रूई के बोरे से ढंक कर छुपाया गया था। संभवतः हरियाणा से आ रही शराब को बिहार में खपाने को थी। इधर ट्रक ड्राइवर अर्जुन चौधरी व उप चालक जगदीश कुमार ने बताया कि वे हरियाणा के अंबाला व पानीपत के बीच से शराब लोड कर चले थे। जिसे रांची तक पहुंचाना था। रांची के बाद यह शराब बिहार तक ले जाने की योजना थी।

### गांवा तिग्गा बने मांडर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

**मांडर।** मांडर महाविद्यालय में मंगलवार को गाँवा तिग्गा मांडर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। प्राचार्य डॉ. कुमार आदितेन्द्र नाथ शाहदेव के यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स एंड बिज़नेस स्टडी में पदस्थापित होने के पश्चात मांडर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक गाँवा तिग्गा को प्रभारी प्राचार्य का पदभार दिया गया। नये प्रभारी श्री तिग्गा ने कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था, क्लास और परीक्षा नियमित से हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जहां तक शिक्षा का सवाल है उसमें और सुधार की जाएगी और कालेज के बच्चों को भी इसके प्रति जागयक किया जाएगा। यही हमारा लक्ष्य है।

### विद्यार्थियों के बीच साईकिल वितरण किया गया

**मांडर।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को विभिन्न स्कूलों के छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। मांडर प्रखंड अंतर्गत मुड़मा स्कूल के लगभग 96 बच्ची, मांडर स्कूल, तिगोई अंबा टोली स्कूल, मलटोटी स्कूल, सकरा स्कूल, बुढ़ा खुखरा स्कूल के विद्यार्थियों के बीच साईकिल का वितरण किया गया। अंचलाधिकारी चंचला कुमारी ने कहा कि गरीब बच्चों में साईकिल वितरण से उनका मनोबल ऊंचा होगा और शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा का राह भी आसान होगा। जो भी बच्चे दूर से आनेवानले हैं उनके लिए काफी सुविधा होगी। सरकार ने शिक्षा के प्रति काफी जागरूक है और सुविधा में भी दे रही है। मौके पर जिला अल्पसंख्यक ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर, युवा प्रखंड अध्यक्ष शमसुल अंसारी, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष, कांग्रेस मो० खालीद, विनोद लकड़ा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## 59 लाख खर्च के बाद भी नहीं हो सका खलारी एसीसी छठ तालाब का जीर्णोद्धार



नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** खलारी के ऐतिहासिक एसीसी छठ तालाब का बहुप्रतीक्षित जीर्णोद्धार आज भी अधूरा है, जबकि दो योजनाओं से कुल 59 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी कि तालाब की सफाई, गहरीकरण और बांध की मरम्मत कर उसे छठ पूजा व अन्य धार्मिक कार्यों के लिए उपयुक्त बनाया जाए। परंतु अफसोस की बात है कि जिन मदों से यह कार्य हुआ, उनमें तालाब की मिट्टी हटाने और बांध की मरम्मत का कार्य ही शामिल नहीं किया गया। एक योजना सीसीएल सीएसआर फंड से 20 लाख रुपए की थी, जबकि दूसरी योजना जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से 39 लाख की थी। डीएमएफटी योजना का नाम ही 'एसीसी छठ तालाब का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं मिट्टी हटाकर बांध की मरम्मत कर तालाब का निर्माण' था। लेकिन जब प्राक्कलन तैयार हुआ, तब उसमें से मिट्टी हटाने और बांध मरम्मत का कार्य ही हटा दिया गया, यानी योजना के नाम की 'आत्मा' ही निकाल दी गई। अब स्थिति यह है कि केवल नया छठ घाट बना है, जबकि तालाब की मुख्य समस्या जस की तस बनी हुई है। न तो उसमें जमा मिट्टी हटाई गई और न ही कमजोर हो चुके बांध की मरम्मत की गई। परिणामस्वरूप, बरसात में भी तालाब में समुचित जल संचय नहीं हो पा रहा है। स्थानीय जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस उद्देश्य से योजना स्वीकृत हुई थी।

### 175 छात्र भारत रत्न राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान से किए गए सम्मानित

## सफलता की आदत छात्रों के भविष्य के लिए होगा कारगर साबित : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** लापुंग के राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल परिसर में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में लापुंग प्रखंड के मैट्रिक टॉपर राजकीय उच्च विद्यालय लेटे के छात्र प्रिंस कुमार सिंह (86.80%), सेकंड टॉपर राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया की छात्रा ज्योति कुमारी (86.60%) सहित थर्ड टॉपर पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के छात्र रवि उरांव (86.20%) सहित इंटर के टॉपर एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 175 छात्र-छात्राओं को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सम्मानित किया। इस मौके पर झारखंड सरकार की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सफलता की आदत डालना छात्रों के भविष्य के लिए कारगर साबित होगा। इस सच्चाई को छात्रों को समझने और अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 साल से मांडर विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स सिमडेगा का शपथ ग्रहण सह मिलन समारोह आयोजित

**सिमडेगा।** सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा मंगलवार को आनंद भवन में शपथ ग्रहण सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, एसपी एम. अर्शी, डीटीओ संजय बाखला, डीएसपी रणवीर सिंह सहित झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेष गटटानी, स्कूटिव डायरेक्टर रोहित पोद्दार, संयुक्त सचिव विकास विजयवर्गीय एवं प्रमंडलीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी मौजूद रहे। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने नवगठित सिमडेगा टीम को शपथ दिलाई और कहा कि एकजुट व्यापारी संगठन को कोई कमजोर नहीं कर सकता। उन्होंने ऑनलाइन शॉपिंग को व्यापार के लिए चुनौती बताते हुए इसके खिलाफ एकजुट संघर्ष की बात कही।

# डायन बिसाही के मामले पर प्रखंड प्रशासन सख्त दोषियों पर सख्त कार्रवाई का दिया भरोसा

## जरहिया गांव पहुंचे बीडीओ व सीओ, अंधविश्वास को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** डायन बिसाही व ओझा गुणी जैसे कुप्रथा की घटना सामने आते ही प्रखंड प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, बीसीओ संजय यादव और थाना के एसआई कपुल दीपक नाग की टीम पीड़िता से मिलने जरहिया गांव पहुंची। पूरी स्थिति से अवगत हुए और ग्रामीणों के साथ बैठक कर डायन बिसाही और तंत्र मंत्र जैसे को प्रथाओं को लेकर जागरूक किया। बीडीओ ने अंधविश्वास से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की सलाह दी। स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि समाज को भी पीछे धकेलती हैं। ऐसे मामलों में केवल अपराधी ही नहीं, बल्कि चुप रहने वाले या समर्थन करने वाले लोग भी जिम्मेदार होते हैं। सीओ ने भी ग्रामीणों को ऐसे कुप्रथाओं के खिलाफ सख्त कानून की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से , अपील किया कि वे ऐसे मामलों में चुप न रहें और प्रशासन को तुरंत सूचित करें। पदाधिकारियों ने डायन बिसाही मामले के पीड़ित महिला को सुरक्षा व न्याय का भरोसा दिलाया। यह भी कहा कि इस प्रकार की घटनाओं को जड़ से समाप्त करने के लिए लगातार अभियान चलाएगा। प्रखण्ड के सभी मुखिया व जनप्रतिनिधियों से ऐसे मामलों को लेकर अपने गांव व आस पास जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए जायेंगे। मौके पर बीसीओ संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश, वार्ड सदस्य संजीत यादव आदि सही कई ग्रामीण पुरुष, महिलाएं और युवक उपस्थित थे।

### डायन कह कर मारपीट व छिनतई करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज



बरही । जरहिया गांव में डायन विसाही का मामला समाप्त भी नहीं हुआ था कि एक बार फिर मलकोको पंचायत के बेलादोहर गांव में डायन को लेकर महिला के साथ मारपीट की गई। इस मामले में बेलादोहर निवासी धनेश्वर यादव ने अपने ही गांव के केदार यादव, मनोज यादव, इन्द्रदेव यादव, दिनेश यादव, राजेश यादव, रंजीत यादव, मनोज यादव, दिनेश यादव, रामनारायण यादव और बासुदेव यादव के अलावा 10-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि सोमवार की सुबह 9 बजे जब वे लोग अपने खेत पर धान लगा रहे थे उक्त सभी आरोपी देसी कट्टा, टांगी, तलवार और लाठी के साथ पहुंचे और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। यह देख जब उनकी भाभी जाने लगी तो केदार यादव उन्हे डायन कहते हुए गलत नियत से हाथ पकड़कर उन्हें गिरा कर मार पीट करने लगे। हो हल्ला सुनकर खेत में काम करने वाले आने लगे। इसे देखकर उनकी भाभी के गले से मंगलसूत्र छिनकर जान मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोप है कि उक्त लोग दबंग है, उनसे जान माल की खतरा है। आरोपियों ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए मामले को जमीन से संबधित बताया है। पुलिस मामला दर्ज कर छान बीन में जुट गई है।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दोनों ने दर्ज कराई प्राथमिकी थाने में 22 नामजद

**बरही।** सोमवारी पूजा को लेकर बेंदगी पंचायत के पोड़ैया गांव में दो पक्षों के बीच लठिया-डंडा व टांगी से खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें दोनो पक्षों की ओर से दर्जनों लोग घायल हुए। दोनों पक्षों ने बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अपने आवेदन में प्रथम पक्ष के विनोद यादव ने आरोप लगाया है कि वह अपने पूरे परिवार के साथ सोमवारी पूजा के लिए मंदिर गए थे। इसी दौरान गांव के ही डब्लू यादव, बब्लू यादव, विजय यादव, कलवा देवी, ललिता देवी, बसंती देवी और वजीर महतो ने सामूहिक रूप से मारपीट, गाली गलौज व अभद्रता किया। जिसमे कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वही दूसरे पक्ष के वजीर महतो ने भी लिखित आवेदन देकर उमेश यादव, अशोक यादव, राजेश यादव, गोपाल यादव, विनोद यादव, इंददेव यादव, सीता देवी, बलेसिया देवी, प्रितांशु कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजली कुमारी, रिकू देवी, बसंती देवी और अनिल यादव पर उन्हे व उनकी पतोहू के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले के संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मामले दर्ज किए जा चुके हैं। घायल लोगों का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

### यूथ विंग ने किया पूजन सामग्री का वितरण


**हजारीबाग।** सावन की दूसरी सोमवारी में बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच 61 लीटर दूध,बेलपत्र एवं पूजन सामग्री का भी वितरण किया गया। यह धार्मिक सेवा कार्य हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों द्वारा पिछले चार वर्षों से सावन महीने में लगातार किया जा रहा है। सवेरे से ही बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। । कार्यक्रम में हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की सावन मास शिव भक्ति और सेवा का महीना है। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की हजारीबाग यूथ विंग के सभी सदस्य पूरे मनोयोग और श्रद्धा के साथ इस कार्य में लगे हुए हैं।

### विश्व शतरंज दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

**इचाक।** विश्व शतरंज दिवस पर जीएम इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के 11 वीं तथा 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच आयोजित हुई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 12 वीं के साहिल कुमार तथा बालिका वर्ग में रितिका कुमारी ने जीत दर्ज किया। जिसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके परज्योति बाला आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक के प्रयास से वरवॉ में लगा नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों ने जताया आभार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम वरवॉ अंतर्गत घोरमोरा टोला में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे ।इसकी सूचना वहां के लोगों ने विधायक अमित कुमार यादव को दी। तत्पश्चात अविलंब विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से बात कर 63 के वी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक ने फीता काटकर किया ।इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त कर उन्हें धन्यवाद कहा। मौके पर सलैया पंचायत के मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ,भाजयुमों उपाध्यक्ष राजकुमार मंडल ,कारू ठाकुर, दीपक ठाकुर ,जागेश्वर रजक, गोपी प्रसाद, विकास कुमार, अशोक कुमार ,रामदेव प्रसाद, अनिल साव समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नर्सिंग होम में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन

**हजारीबाग।** जिला अग्निशमन विभाग ने सोमवार को लाईफ केयर नर्सिंग होम लोहसिघना में फायर मॉक ड्रिल और फायर सेफ्टी ऑडिट किया गया। मौके पर नर्सिंग स्टाफ को आग से बचाव एवं अग्निशमन यंत्रों के इस्तेमाल की जानकारी दी गया। इस मॉक ड्रिल में अस्पताल में आगजनी जैसी आपातकालीन स्थिति में मरीज और कर्मचारियों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास कराया गया। अस्पताल के कर्मचारियों को आग से बचाव के उपायों पर जागरूकता लाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर ने डॉक्टर, नर्स, सुरक्षा कर्मियों और आम नागरिकों को आग लगने की स्थिति में धैर्य और समझदारी से काम लेने की सलाह दी। उन्होंने अस्पताल के कर्मियों को आग बुझाने के उपकरणों का उपयोग करने तथा आपातकालीन स्थिति में कार्रवाई के लिए प्रशिक्षण दिया। मौके पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने बिजली उपकरणो को समय-समय पर चेक करने की सलाह दी। साथ ही अग्निशमन यंत्र को सभी वार्डों में रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आगजनी की स्थिति मे मरीजो को सुरक्षित निकालने की कई टिप्स दिए।

### भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित किया सावन महोत्सव

**हजारीबाग।** भाजपा महिला मोर्चा ने सावन महोत्सव का आयोजन सोमवार को किया। समस्त कार्यक्रम भक्तिभाव, पारंपरिक रंगों और सांस्कृतिक उल्लास के बीच स्नो वैली परिसर में अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सावन मास की हरियाली और सौंदर्य के बीच हुआ।जिसने इसे और भी खास बना दिया। इस अवसर पर नगर की प्रतिष्ठित महिलाओं सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की सदस्यो ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब की अध्यक्ष सुधा वर्मा, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष मीरा द्विवेदी, डॉ. ललिता राणा, रीना और रागिनी ने सहभागिता की। साथ ही वार्ड पार्षद रेखा सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।

### बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जी एस जोली स्कूल के विद्यार्थियों के बीच मंगलवार को विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और पर्यावरण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही क्लब की ओर से सभी विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री और छाते बांटे गए। जिससे बच्चों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। मौके पर क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ और सदस्यों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरित किया और कहां की ऐसी गतिविधियों से न केवल ज्ञानवर्धन होता है बल्कि बच्चों में भी जिम्मेवारी की भावना भी विकसित होती है। इस अवसर पर जनेशा वडेरा,अनुराधा श्रॉफ, रंजू अग्रवाल, रेनू मेवाड़, निधि चौधरी, दीपा वडेरा, राजिंदर बुढ़वाल मनबीर कौर, रंजू अरोड़ा, पिंकी गांधी, नीति अरोड़ा, श्वेता जैन, विजयादेवी आयंगर, नवलजीत कौर,जसप्रीत कौर, हरमीत कौर, पिंकी बंसल, गुरबक्श कौर आदि मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस के प्रदेश को-ओर्डिनेटर बनने पर राजकुमार का हुआ स्वागत



**रामगढ़।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर को युवा कांग्रेस के प्रदेश को-ओर्डिनेटर सह प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत होने पर मंगलवार को स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया। समारोह के दौरान राजकुमार ठाकुर को युवा कांग्रेस के प्रदेश कोर्डिनेटर सह प्रदेश मीडिया प्रभारी बनने पर बधाई देते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया गया। मौके पर राजकुमार ठाकुर ने कहा कि युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने मुझपर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं खरा उतरूंगा। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में राहुल गांधी के बातों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। राजकुमार ठाकुर का स्वागत करनेवालों में युवा राजद के प्रदेश सचिव ललन यादव, सुनील, महेश महतो, तारकेश्वर साव, राजकुमार, महादेव भुईयां, हसन अंसारी, अनुप कुमार, प्रकाश कुमार, गोपाल साव, विदेशी सिंह, किशन कुमार का नाम शामिल है ।

### पुत्री की गुमशुदगी को लेकर मां ने दर्ज करवाई प्राथमिकी

**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के बेला गांव को 18 वर्षीय युवती पिछले दो दिन से गायब है. जो 19 जुलाई की संध्या करीब 5 बजे बिना किसी को बताए घर से बाहर गई, जो अब तक नही लौटी है. परिजनो ने काफी खोज बीन किया जिसका कोई सुराग नहीं मिला. खोज के दौरान यह जानकारी मिली कि बेला गांव के चंदन कुमार और राहुल कुमार से उनकी बेटी का संपर्क था. मामले को लेकर युवती की मां ने बरही थाना में लिखित आवेदन देते हुए उक्त युवक पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर कहीं ले जाने का आरोप लगाते हुए उचित कारवाई की मांग किया हैं. आवेदन के आधार पर पुलिस मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान में जुट गई है.

## सांसद प्रतिनिधि ने विधायक को सौंपा मांग पत्र



**रामगढ़ ।** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि के नेतृत्व में मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के अरगड्डा स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात किया। साथ ही समस्याओं के समाधान को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिसमें वार्ड नंबर चार के दिगवार दुर्गा मंदिर से लेकर रेलवे फाटक तक नाली का निर्माण ढक्कन सहित, वार्ड नंबर चार दिगवार में काली कारण रोड से लेकर ममता देवी के घर तक वेबर ब्लॉक रोड, वार्ड नंबर 3 बोंगावर जोगियागढ़ा हनुमान मंदिर के बगल में चारों तरफ पेपर ब्लॉक का निर्माण एवं बाउंड्री वालों का निर्माण, वार्ड नंबर तीन बोंगावर जोगिया गड़ा में हनुमान मंदिर से लेकर मनीष करमाली के घर तक पेपर ब्लॉक का निर्माण, वार्ड नंबर 3 बोग़बर जोगियागढ़ा कुंदनकर माली के घर से लेकर मालू करमाली के घर तक पेवर ब्लॉक का निर्माण वार्ड नंबर 3 बोंगाबार जोगियागढ़ा में पीसीसी पथ से लेकर विनय करमाली के घर तक पेपर ब्लॉक का निर्माण एवं जोगिया गड़ा में 20 पोल, तार एवं 100 केवी ट्रांसफार्मर का निर्माण कराने आदि शामिल है। इस पर विधायक तिवारी महतो ने जल्द से जल्द पहल करने का आश्वासन दिया।

### प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

# पेयजल व स्वच्छता विभाग शत-प्रतिशन घरों में कनेक्शन सुनिश्चित करे

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार मस्तराम मीणा ने मंगलवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान अभियान निदेशक जल जीवन मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार रमेश घोलप प्रधान सचिव के साथ रहे। सर्वप्रथम प्रधान सचिव की अध्यक्षता में टाउन हॉल रामगढ़ में प्रखंड विकास पदाधिकारियों, मुखियाओं, जल सहियाओं, पंचायत सचिवों सहित अन्य के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके उपरांत प्रधान सचिव द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। संवाद कार्यक्रम के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुखियाओं, जलसहियाओं पंचायत सचिवों आदि को जल जीवन मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस दौरान सभी से उनके उनके क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों एवं हर घर नल योजना के तहत जलापूर्ति कनेक्शन के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई एवं कई दुविधाओं को दूर किया गया। *संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव ने राज्य सरकार की बहू ग्रामीण जलापूर्ति योजना का संचालन एवं रखरखाव नीति 2025 के संबंध में सभी को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने संवाद कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए शत प्रतिशत घरों तक जलापूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के सफल संचालन में आप सभी की सहभागिता बेहद जरूरी है। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की अधिकारियों को नियमित समीक्षा करने की बात कही मौके पर उन्होंने जलापूर्ति कनेक्शन लेने वाले ग्रामीणों को विभिन्न माध्यमों से मासिक जल शुल्क देने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने रचनात्मक तरीके से कार्य करने को लेकर कई उदाहरण संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी को दिए।

## पंचमंदिर के रंग रोगन का मार्ग हुआ प्रशस्त



**हजारीबाग।** श्री राधा कृष्ण पंच मंदिर न्यास ट्रस्ट की सोमवार की बैठक में मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 400 विशाल हरे बांस की जरूरत को देखते हुए इसकी खरीदगी का फैसला लेते हुए तत्काल उसपर अमल किया गया। देर शाम इसकी आपूर्ति के साथ रंग- रोगन का मार्ग प्रशस्त हो गया। यह काम सुचारू रूप से चल सके इसके लिए समाजसेवी सुधीर अग्रवाल को प्रभारी बनाया गया। इस रंगाई और मरम्मती के कार्य में सहयोग देने के लिए जय प्रकाश, संजय गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा, आनंद कुमार गुप्ता एवं कुमार यादव को सहयोगी बनाया गया है। मंदिर जीर्णोद्धार में हर किसी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचमन्दिर न्यास के खोले गए खाते का क्यूआर कोड जारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष नीलेन्दु जयपुरियार, सचिव विजय केशरी, सुधीर कुमार मोदी सम्मिलित हुए।

### सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व अधिकारों से कराया गया अवगत

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह सहित अन्य ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। मौके पर बड़ी संख्या में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना, पंचायती राज व्यवस्था में उनकी सक्रिय भूमिका को और मजबूत बनाना तथा ग्राम स्तर पर सुशासन को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के दौरान महिला प्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं, प्रबंधन कौशल, वित्तीय साक्षरता और निर्णय लेने की क्षमता पर मार्गदर्शन दिया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि महिला प्रतिनिधियों का सशक्तिकरण सामाजिक प्रगति का आधार है। इस तरह के प्रशिक्षण से ग्राम पंचायतों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और जागरूकता बढ़ेगी। पंचायत स्तर की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करने की दिशा में प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कई उदाहरण देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों को समझने की प्रेरणा दी।

### सड़क दुर्घटना में एक युवती समेत चार लोग हुए घायल

**कटकमसांडी।** हजारीबाग बड़कागांव मुख्य मार्ग के फतहा चौक के समीप सोमवार के शाम सड़क दुर्घटना में एक युवती समेत चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों में केरेडारी थाना क्षेत्र के बुंडू गांव के रूपेश कुमार और सीमा बुंडू, और हजारीबाग रसूलीगंज के नारायण कुमार समेत एक अन्य का नाम शामिल है। सीमा और रूपेश हजारीबाग से केरेडारी जा रहे थे । वही नारायण अपने साथी के साथ बड़कागांव की ओर से हज़ारीबाग जा रहे थे।दोनों की मोटरसाइकिल आमने सामने टक्कर हो गयी ।जिससे चारो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणो ने घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हज़ारीबाग भेज दिया।

# डाक कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में किया धरना प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** मंगलवार को हजारीबाग डिवीजन, झारखंड परिमंडल के हजारीबाग डिवीजन में हजारीबाग डाक अधीक्षक कार्यालय के निकट राष्ट्रहित, विभाग हित और कर्मचारी हित में भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ (भारतीय मजदूर संघ) डाक कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालय में काम करने के बाद संध्या 5 :00 बजे से अपनि 41 सूत्री मांगों के समर्थन में हजारीबाग के वरिष्ठ डाक कर्मचारी कुमार अरुण की अध्यक्षता में अपने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया धरना प्रदर्शन के बाद संयुक्त रूप से डाक अधीक्षक हजारीबाग कार्यालय में अपनी 41 सूत्री मांगों के को लेकर ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ डाक कर्मचारी हजारीबाग शैलेन्द्र कुमार सिंह,बीरेंद्र प्रसाद मेहता, छोटीलाल मेहता, सुबोध कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार,मंजय कुमार, सिंह, रंजन दास, शैलेन्द्र कुमार सिंह, पंकज कुमार, संजय कुमार महतो, बीरेंद्र मेहता, रविशंकर राय, नेपु राम चंद्रवंशी , प्रियांशु कुमार समेत अन्य डाक कर्मचारी उपस्थित हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि हमारी मांग को नही माना गया तो हम विवश होकर 31 जुलाई को एक दिन का सांकेतिक हड़ताल उसके बाद 18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं।

### दण्डाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी में पैक्स का हुआ चुनाव

**कटकमसांड।** कटकमसांडी प्रखंड के ढौठवा पैक्स का चुनाव अब दण्डाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी में होगी ।इसके लिए हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्रांक 786 दिनांक 21 जुलाई के आलोक में नामांकन की 27 जुलाई घोषित करते हुए एक दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल की तैनाती के साथ चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने को कहा है ।उन्होंने इसके लिए कनीय अभियंता रौशन हंस को दण्डाधिकारी प्रतिनियुक्त किया है । सदर एसडीओ ने पत्र जारी कर पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि उक्त अवसर पर पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्त करने का अनुरोध किया है ।बताया जाता है कि 10 जुलाई को कटकमसांडी प्रखंड के ढौठवा पैक्स चुनाव के नामांकन के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी।

## दूसरे साप्ताहिक जनता दरबार का हुआ समापन



**बरही ।** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड सभागार में दूसरा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अथिति रूप एसडीओ जोहन टुडू उपस्थित हुए. कार्यक्रम बीडीओ जयपाल महतो की अगुवाई में संपन्न हुई. जिसमे सीओ अमित किस्कू, बीसीओ संजय यादव, बीभीओ डॉ अमन कुमार, पीएचईडी जेई बिमल किशोर, मरेगा एई रागीव असलम आदि मौजूद थे. जिसमे मनरेगा, पीएचईडी, स्वास्थ्य, कृषि व पशूपालन, सांख्यिकी, राजस्व इत्यादि विभाग के स्टॉल लगे थे. बिजली, वन इत्यादि विभाग के स्टॉल नही लगाए गए थे. दूसरे साप्ताहिक जनता दरबार में पेंशन, मंइयां सम्मान, दाखिल खारिज, लगान इत्यादि के मामले आए. जिसे पंजीकृत करते हुए अग्रेतर कारवाई का निर्देश दिया गया. दूसरे जनता दरबार में मुख्य रूप से मनरेगा की बागवानी योजना, प्रत्येक आंगनबाड़ी केदो पर पेयजल की व्यवस्था, व्यस्ततम मार्ग व ग्रामीण क्षेत्र से नंगे बिजली तार हटाने के साथ अपूर्ण आवास को पूरा करवाने को लेकर जोर दिया गया. कार्यक्रम में सभी जेई, पंचायत सचिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, अनुसेवक आदि मौजूद थे.

# बानो प्रखंड के कर्राडमाईर में सिस्टम फिर से खाट पर





**नवीन मेल संवाददाता। बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत गेनमेरे पंचायत के टोनिया कर्राडमाईर गांव में एक बार फिर बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी उजागर हुई। पुल के अभाव और नेटवर्क ठप होने के कारण एक गर्भवती महिला को खटिया पर लादकर पांगुर नाला पार कराया गया और फिर ऑटो से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गर्भवती हेमंती देवी पति राजेश पाईक को बीती रात करीब 3 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। पांगुर नाला में पानी का बहाव तेज होने के कारण रात में उसे पार कराना संभव नहीं था। गांव में चार दिनों से बिजली और मोबाइल नेटवर्क ठप होने के कारण एम्बुलेंस या अस्पताल से संपर्क नहीं हो सका। सुबह पानी थोड़ा कम होने पर ग्रामीणों ने खटिया के सहारे महिला को नदी पार कराया। इसके बाद गांव के भुनेश्वर पाईक के ऑटो से महिला को हुरदा स्वास्थ्य केंद्र करीब 8:30 बजे ले जाया गया। ग्रामीण लंबे समय से पांगुर नाला पर पुल निर्माण और मोबाइल टावर लगाने की मांग कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन परबाटोनिया में जियो टावर और पांगुर पुलिस कैम्प में एयरटेल टावर मौजूद होने के बावजूद, कर्राडमाईर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं पहुंचता। ग्रामीणों का कहना है कि पहले नेटवर्क थोड़ा बहुत था, लेकिन अब सिग्नल भी नहीं मिलता।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र पुल निर्माण और मोबाइल टावर की स्थापना की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

- पुल के अभाव में गर्भवती महिला को खटिया पर ढोया

## आजाद समाज पार्टी की टीम चंद्रशेखर आजाद से मिला



**सिमडेगा।** आजाद समाज पार्टी सिमडेगा की टीम ने केंद्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद (रावण) से मुलाकात कर जिले के ज्वलंत जनहित मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। यह मुलाकात झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा के नेतृत्व में हुई, जिसमें प्रदेश महासचिव शरीफ रज़ा खान, जिलाध्यक्ष पंकज टोप्पो, वरिष्ठ नेता फूलजेन्सिया बिलुग एवं सालेन लकड़ा भी उपस्थित रहे।टीम ने सांसद को समसेरा चर्च पर हुए हमले सहित अन्य सामाजिक व प्रशासनिक मुद्दों की जानकारी दी।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स सिमडेगा का शपथ ग्रहण सह मिलन समारोह, वक्ताओं ने कहा

# व्यापारियों की आवाज बनेगा सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा मंगलवार को आनंद भवन में शपथ ग्रहण सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, एसपी एम. अर्शी, डीटीओ संजय बाखला, डीएसपी रणवीर सिंह सहित झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेष गटटानी, स्कूटिव डायरेक्टर रोहित पोद्दार, संयुक्त सचिव विकास विजयवर्गीय एवं प्रमंडलीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी मौजूद रहे। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने नवगठित सिमडेगा टीम को शपथ दिलाई और कहा कि एकजुट व्यापारी संगठन को कोई कमजोर नहीं कर सकता। उन्होंने ऑनलाइन शॉपिंग को व्यापार के लिए चुनौती बताते हुए इसके खिलाफ एकजुट संघर्ष की बात कही। चैंबर के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर चैंबर के सदस्यों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वे स्वयं भी व्यवसायी रह चुके हैं और व्यापारियों की समस्याओं को बखूबी समझते हैं। उन्होंने जिले में चैंबर भवन निर्माण का आश्वासन दिया। वहीं, विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने व्यापारियों की समस्याओं को विधानसभा में उठाने और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। एसपी एम. अर्शी ने व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही और दुकानों में सीसीटीवी लगाने की अपील की। कार्यक्रम में रिंकू और सहजादा प्रिंस ने मंच संचालन किया।चैंबर अध्यक्ष ने सभी व्यापारियों का आभार जताया और व्यापारिक हित में लगातार सक्रिय रहने की बात कही।

### विधायक के जनता दरबार में उमड़ी भीड़, ग्रामीणों ने रखीं जनसमस्याएं

# विकास कार्यों के लिए विधायिका और कार्यपालिका दोनों जिम्मेदार : विधायक

- विकास कार्यों के लिए विधायिका और कार्यपालिका दोनों जिम्मेदार हैं।





**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के जनता दरबार में भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी महिला समूह द्वारा पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत कर मंच तक विधायक और अतिथियों को लाने से हुई। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में अंचल अधिकारी सुधांशु पाठक ने स्वागत भाषण देते हुए विधायक का आभार प्रकट किया। इसके बाद वन सुरक्षा समिति के सचिव जैनुल अंसारी ने बोलबा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए कई मांगें रखीं। इनमें कुंदूरमुंडा-टकबहाल अधूरी सड़क का शीघ्र निर्माण, वनदुर्गा-छुरिया रोड पर वन विभाग की रोक हटाना, और अन्य जर्जर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत शामिल है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की नियुक्ति एवं नियमित ड्यूटी, जंगली हाथियों से फसल व मकान क्षति पर मुआवजा राशि बढ़ाने तथा साँप काटने से हो रही मौतों को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में खटिया वितरण की मांग भी उठी। विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए विधायिका और कार्यपालिका दोनों जिम्मेदार हैं। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत पंचायती राज की भूमिका को रेखांकित करते हुए छोटी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर करने की बात कही। उन्होंने सेवा गारंटी कानून के तहत योजनाओं के लाभ समय पर देने की बात पर जोर देते हुए भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।जनता दरबार के दौरान कई योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को दिया गया। जिसमे 5 लोगों को पेंशन स्वीकृत,4 को ट्राईसाइकिल,10 लोगों को प्रधानमंत्री आवास,5 लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,3 लोगों को जॉब कार्ड,5 को आयुष्मान कार्ड,4 को राशन कार्ड,5 लोगों की लगान रसीद साथ ही, जेएसएलपीएस के तहत बोलबा संकुल को 7 लाख रुपये का चेक भी सौंपा गया। विधायक एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली और बेहतर सेवा देने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सम्मी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद, अंचल अधिकारी सुधांशु पाठक, प्रमुख सुनीता केरकेट्टा, पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व कर्मचारी निशि केरकेट्टा सहित कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर



**केरसई।** प्रखण्ड के पश्चिमी पंचायत अंतर्गत नवाटोली में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा। जिसका उद्घाटन केरसई मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष बालासियुस खेस्स,सांसद प्रतिनिधि मुंस खेस्स, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि राहुल रोहित तिग्गा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष बसारत अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सभी ग्रामीणों में उत्साह देखा गया उसकी वजह यह भी रही की विधायक भूषण बाड़ा की पहल से उनकी समस्या का त्वरित समाधान हुआ। बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान थे पर अब उनकी समस्या पूर्ण रूप से खत्म हुई है। ग्रामीणों ने विधायक एवं उनके प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक का प्रयास है कि प्रखंड अंतर्गत सभी खराब ट्रांसफॉर्मर समय पर बदले जाएं एवं ग्रामीणों को बिजली की समस्या से जूझना ना पड़े। मौके पर अलबिनुस लकड़ा, प्रवीण लकड़ा, सेलसियुस कुजूर,सुमन बाड़ा,संजू दीपक खाखा सहित समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अभियंता निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें : जिप अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला परिषद की स्थायी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष रोजलिया सांता कंडुलना ने की।बैठक में भवन निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विशेष प्रमंडल तथा जिला परिषद की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं से योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली गई। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी अभियंता अपने कार्यों का समुचित लेआउट तैयार करें तथा समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश भी दिए गए।जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान, खराब सोलर पंप, हैंडपंप एवं अन्य उपकरणों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए।

वहीं, जिन पंचायतों को कचरा संग्रहण हेतु गाड़ियाँ एवं साइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं, उनके सक्रिय संचालन पर बल दिया गया। नाडेप खाद गड्ढों की उपयोगिता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।बैठक में एनआरपी, आरईओ, लघु सिंचाई प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल और खनन विभाग के कार्यपालक अभियंता अनुपस्थित रहे, जिस पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सोनी कुमारी पैकरा, जोशीमा खाखा, समरोम पॉल तोपनो एवं बिरजो कंडुलुना सहित अन्य पदाधिकारी एवं विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने मनरेगा, पीएम व अबुआ आवाय योजनाओं की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभगार में प्रखंड कर्मियों की सप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ, एई, जेई, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक और प्रखंड के कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे मनरेगा योजना व पीएम अवास व अबुआ अवास योजना का समीक्षा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास सर्वे, मनरेगा में कूप निर्माण कार्य में प्रगति, बागवानी योजना में इन्टरक्रोपींग, साफ सफाई, एच टेका, नया बागवानी योजना का चयन करने का निर्देश दिया गया। बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों कों मनरेगा योजना संचालित योजना मे तेजी लाने, मानव दिवस सृजन मे बढोतरी करने का निर्देश दिया। लंबित योजना को पूर्ण करके अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया।

### 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेगं फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी जोरों पर

## 27 जुलाई से होगा फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेगं अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी अंतिम चरण में है। टूर्नामेंट के आयोजक राजेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि इस बार चार राज्यों से कुल 18 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 27 जुलाई को अपराह्न 3:30 बजे से खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा मौजूद रहेंगे।

# न्यूज बॉक्स

## कोलेबिरा अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज के लिए लगा शिविर

**कोलेबिरा।** झारखंड सरकार के निर्देश पर अंचल प्रशासन द्वारा कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को प्रखंड के विभिन्न हल्काओं में आयोजित की जा रही है। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी अनूप कच्छप ने बताया कि शिविर में ग्रामीण अपने भूमि से संबंधित ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने के लिए आवेदन, उत्तराधिकारी दाखिल खारिज , दाखिल खारिज के अलावा अन्य भूमि से संबंधित समस्या निदान के लिए आवेदन दे सकते हैं। ग्रामीणों की समस्या को जल्द से जल्द निदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रखंड के शाहपुर पंचायत में यह शिविर आयोजित की गई। अंचलाधिकारी ने पंचायत के ग्रामीणों को इस शिविर में अधिक संख्या में भाग लेकर और अपने जमीन से संबंधित समस्या के निदान के लिए आवेदन जमा करने का आग्रह किया। मौके पर अंचल निरीक्षक संजीवन बडाईक, राजस्व कर्मचारी ललन सिंह के अलावे अन्य अंचल कर्मी में उपस्थित थे।

## सफलता के लिए अनुशासन और परिश्रम जरूरी : बुद्धदेव

**बानो।** बानो प्रखंड के जामताई पंचायत स्थित पट्टातिरिल मॉडल समिति 10+2 उच्च विद्यालय में मंगलवार को नए सत्र के नव नामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत में समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर और बुके भेंट कर नए विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक बुद्धदेव साहू मुख्य अतिथि और रसडु साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही मैट्रिक और इंटर में विद्यालय से टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन और परिश्रम जरूरी है। उपाध्यक्ष रसडु साहू ने बताया कि नए सत्र से कला, वाणिज्य और विज्ञान की पढ़ाई प्रारंभ की गई है। विद्यालय प्राचार्य बालेश्वर नाग और संस्थापक कंचन कुमारी ने छात्रों से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सोमा डांग ने किया, स्वागत भाषण संस्थापक कंचन कुमारी ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रायबांध नाला में पुल नहीं, बरसात में ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचुवा पंचायत अंतर्गत रायबांध नाला में आज भी पुलिया नहीं बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बरसात में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। काना टोंगरी, फलीटाड़, केराटोली, हथीलेटा, पोटोबेड़ा, लुड़गी, कमलापानी, दुरिलारी, हरदीबेड़ा, करमघाट, सेतासोया, बेसराजरा जैसे गांवों के लोग पंचायत और प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए इसी नाले को पार करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड पदाधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बरसात के मौसम में जब नाले में पानी का बहाव तेज हो जाता है, तब छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को जान जोखिम में डालकर बहते पानी से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द रायबांध नाला पर पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि सैकड़ों लोगों को बरसात में सुरक्षित आवाजाही की सुविधा मिल सके।

## मुखिया ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत

**कोलेबिरा ।** कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचुआ पंचायत के मुखिया विलियम समद ने मंगलवार को कोलेबिरा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह से औपचारिक मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। मुलाकात के दौरान मुखिया ने थाना प्रभारी से पंचायत क्षेत्र का भ्रमण करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने कहा कि क्षेत्र में यदि कोई समस्या हो तो बिना झिझक थाना को सूचना दें।

### सिमडेगा पत्रकार संघ ने किया पौधरोपण

# अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाएं : नमन विक्सल

- पौधरोपण पर्यावरण, स्वास्थ्य, और आर्थिक रूप से फायदेमंद हैं
- आज के समय में हर व्यक्ति को पौधरोपण करना जरूरी हो गया है




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व आम दिवस पर सिमडेगा पत्रकार संघ ने मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में पौधरोपण किया। सिमडेगा जिला मुख्यालय में नवनिर्मित इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम के पौधरोपण कार्यक्रम में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा एसपी एम अर्शी, डीएफओ शशांक शेखर, डीडीसी दीपांकर चौधरी, डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह, डीपीआरओ पलटू महतो, विधायक प्रतिनिधि समी आलम, जेएससीए बोर्ड के प्रतिनिधि श्रीराम पुरी, मजदूर नेता राजेश सिंह सहित पत्रकार संघ के सभी पदधारियों ने चंदन, आम, आंवला आदि के पौधे लगाए। मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि पौधरोपण वायु को शुद्ध करता है, जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करता है, मिट्टी के कटाव को रोकता है और जैव विविधता को बढ़ावा देता है।

इसलिए हमें अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए जो आने वाले पीढ़ी के लिए जीवनदाई बने। डीएफओ शशांक शेखर ने पौधरोपण के महत्व बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ बारिश के पानी को सोखने और मिट्टी में प्रवेश करने में मदद करते हैं, जिससे भूजल स्तर बढ़ता है और बाढ़ का खतरा कम होता है। एसपी एम अर्शी ने पौधरोपण के महत्व बताते हुए कहा कि शुद्ध हवा और हरे-भरे वातावरण में रहने से श्वसन संबंधी समस्याओं और अन्य बीमारियों का खतरा कम होता है। इसलिए पौधरोपण अति आवश्यक है। डीडीसी दीपांकर चौधरी ने पौधरोपण के महत्व बताते हुए कहा कि पौधरोपण पर्यावरण, स्वास्थ्य, और आर्थिक रूप से फायदेमंद हैं। यह एक महत्वपूर्ण निवेश है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करता है। डीपीआरओ पलटू महतो ने वृक्षों के महत्व बताते हुए कहा कि पौधरोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। पौधरोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है।

बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, पौधरोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। इसके बाद पत्रकार संघ के पदधारी जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे। वहां कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की और डीपीआरओ पलटू महतो द्वारा आम, आंवला, काजू आदि के के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार संघ के अध्यक्ष आशीष शास्त्री ने जीवन में पौधों के महत्व बताते हुए कहा कि आज हमारे द्वारा लगाए गए पौधे कल हालदार वृक्ष के रूप में हमारे आने वाली पीढ़ी को ऑक्सीजन के साथ-साथ स्वादिष्ट फल भी प्रदान करेंगे।

सिमडेगा पत्रकार संघ के सचिव दीपक अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में हर व्यक्ति को पौधरोपण करना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा आज हमारे द्वारा लगाए गए पौधे कल हमारे आने वाली पीढ़ी को जीवन प्रदान करेंगे।

कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने कहा कि ऑक्सीजन हमारे शरीर के लिए अनिवार्य है। वृक्ष इसे प्राकृतिक रूप से उत्पन्न करते हैं, जिससे हमें हमेशा पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए पौधरोपण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है, जहां प्रदूषण का स्तर अधिक होता है। मौके पर सिमडेगा पत्रकार संघ के संरक्षक सुनील सहाय, अफजल इमाम, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्णवाल, सह सचिव विकास साहू, मीडिया प्रभारी कुश बड़ाइक, सह मीडिया प्रभारी अमन कुमार मिश्रा, राजेश बड़ाइक, राकेश जायसवाल, अरुण कुमार सहित वन विभाग के कर्मी मौजूद रहे। वहीं प्रखंडों में सिमडेगा पत्रकार संघ ने पौधरोपण किया। कुरडेग, जलडेगा, ठेठईटांगर, कोलेबिरा, बानो, केरसई और बोलबा प्रखंड में सिमडेगा पत्रकार संघ के पदधारी और सदस्यों के द्वारा प्रखंड कार्यालय और थाना परिसर में पौधरोपण किया गया।

### गैर मजरूआ जमीन को अवैध कब्जा पर ग्रामीणों ने विरोध कर की जांच की मांग

# जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर हुआ विवाद

नवीन मेल संवाददाता



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय अंचल क्षेत्र के कुम्हारडीह मौजा के ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रखंड परिसर पहुंचकर उक्त गांव में गैरमजरुआ जमीन को दासडीह गांव के व्यक्ति के नाम पर बदोबस्ती करने का विरोध किया गया। उक्त गांव के ग्रामीण गांडेय अंचलाधिकारी के पास मामले की जांच कर जमीन बंदोबस्त को निरस्त करने की मांग कर रहे थे। इस क्रम में लगभग 50-60 स्त्री पुरुष संयुक्त रुप से गांडेय प्रखंड कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए अंचल कार्यालय पहुंचे। अंचल कार्यालय में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से विवादित स्थल में पहुंचकर जांच की मांग कर रहे थे। अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर ग्रामीणों को शांत कराया गया और प्रखंड परिसर में जाकर बैठ गए। सभी ग्रामीण सीओ को स्थल में चलकर मामले की जांच करने की मांग कर रहे थे। उक्त जमीन विवाद को लेकर ग्रामीणों ने गिरिडीह उपायुक्त को आवेदन भी दिया था। ग्रामीणों ने आवेदन की प्रतिलिपि गांडेय अंचलाधिकारी मो हुसैन को दिया था। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी ग्रामीण कुम्हारडीह गांव के है। मौजा कुम्हारडीह के खाता संख्या 13 प्लांट 135 में 1.62 डिसमिल जमीन खास गैरमजरुआ है। उक्त जमीन को हम सभी ग्रामीण पूर्व से ही खेल के मैदान के रुप में प्रयोग करते आ रहे हैं। उक्त गैरमजरुआ जमीन को दास डीह गांव निवासी कपिल साह और गिरो साह के द्वारा बंदोबस्ती करा लिया गया है। दोनो व्यक्ति साधन संपन्न है दोनों के पास लगभग 5 एकड़ से भी ज्यादा जमीन है। बंदोबस्ती जमीन के गवाहों के हस्ताक्षर भी फर्जी है। दोनो व्यक्ति के द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने से स्थल पर विवाद की स्थिति पैदा हो गई है। बता दें कि कि उक्त जमीन पर कपिल साह और धनराज साह के द्वारा जमीन की जुताई कर दी गई है साथ ही जमीन पर बीज बोया जा रहा है, जबकि कुछ जमीन में चारदीवारी निर्माण का कार्य भी जारी था। विवाद होने की सूचना देखकर गांडेय पुलिस भी कुम्हार डीह गांव पहुंची और जमीन में चल रहे खेती कार्य को बंद करवाया। मामले को लेकर गांडेय अंचलाधिकारी मो हुसैन विवादित स्थल पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया।

### कोलेबिरा अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज के लिए लगा शिविर

**कोलेबिरा।** झारखंड सरकार के निर्देश पर अंचल प्रशासन द्वारा कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को प्रखंड के विभिन्न हल्काओं में आयोजित की जा रही है। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी अनूप कच्छप ने बताया कि शिविर में ग्रामीण अपने भूमि से संबंधित ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने के लिए आवेदन, उत्तराधिकारी दाखिल खारिज, दाखिल खारिज के अलावा अन्य भूमि से संबंधित समस्या निदान के लिए आवेदन दे सकते हैं। ग्रामीणों की समस्या को जल्द से जल्द निदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रखंड के शाहपुर पंचायत में यह शिविर आयोजित की गई। अंचलाधिकारी ने पंचायत के ग्रामीणों को इस शिविर में अधिक संख्या में भाग लेकर और अपने जमीन से संबंधित समस्या के निदान के लिए आवेदन जमा करने का आग्रह किया।

### भारी परेशानी का सबब बना मुख्यालय स्थित सड़क पर बना गड्ढा

# आजसू जिला उपाध्यक्ष ने गड्ढे में बैठकर जताया विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



तिसरी। तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीच सड़क पर हुआ बड़ा सा गड्ढा लोगों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है. इस गड्ढे का क्षेत्रफल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है. जिसके कारण आवाज गण कर रहे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों ने कई मर्तबा इस गड्ढे को भरवाने की मांग की लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक पदाधिकारी या विभाग के कानों में जूँ तक नहीं रेंगा . ंगलवार को आजसू के जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने इसी गड्ढे में बैठकर विरोध जताया.उन्होंने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने बीच सड़क पर हुए इस गड्ढे में रोजाना लोग गिर रहे हैं और पदाधिकारी चुप चाप देख रहे हैं. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इसकी मरम्मत नहीं करवाई गई तो आजसू आंदोलन करेगी. बतलाते चलें कि इस सड़क से रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है. यह सड़क बिहार से लेकर बंगाल तक जाने की मुख्य सड़क है. रोजाना इस गड्ढे में एक ना एक गाड़ी फंस ही जाती है. वहीं बीते 24 जून को स्थानीय विधायक सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एक आंदोलन के दौरान यहां से पैदल गुजरे. जिसके बाद उन्होंने फोन कर विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सड़क की मरम्मत करने को कहा.लेकिन विभागीय पदाधिकारियों ने इसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया.लिहाजा यह गड्ढा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही गया.

## पेंशन नहीं मिलने की उपायुक्त से की शिकायत




**डुमरी।** अंचल कार्यालय से बकाया पेंशन नहीं मिलने के संबंध में झारखंड आंदोलनकारी राजकमल महतो ने मंगलवार को उपायुक्त को आवेदन दिया है।आवेदन में लिखा है कि जिला कार्यालय से अंचल कार्यालय में आंदोलनकारियों का बकाया पेंशन एरियर का राशि भेजा गया था उसके बावजूद भेजी गई राशि मुझे नहीं मिली जबकि मैं एक हार्ट मरीज हूं।मेरा इलाज रांची से चल रहा है पेंशन की राशि मिल जाती तो मेरे इलाज में मदद मिल जाती।

## नव नामांकित छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत

**बानो।** बानो प्रखंड के जामताई पंचायत स्थित पट्टातिरिल मॉडल समिति 10+2 उच्च विद्यालय में मंगलवार को नए सत्र के नव नामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत में समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर और बुके भेंट कर नए विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक बुद्धदेव साहू मुख्य अतिथि और रसडु साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही मैट्रिक और इंटर में विद्यालय से टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन और परिश्रम जरूरी है। उपाध्यक्ष रसडु साहू ने बताया कि नए सत्र से कला, वाणिज्य और विज्ञान की पढ़ाई प्रारंभ की गई है।

## रायबांध नाला में पुल नहीं, बरसात में ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचुवा पंचायत अंतर्गत रायबांध नाला में आज भी पुलिया नहीं बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बरसात में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। काना टोंगरी, फलीटाड़, केराटोली, हथीलेटा, पोटोबेड़ा, लुड़गी, कमलापानी, दुरिलारी, हरदीबेड़ा, करमघाट, सेतासोया, बेसराजरा जैसे गांवों के लोग पंचायत और प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए इसी नाले को पार करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड पदाधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बरसात के मौसम में जब नाले में पानी का बहाव तेज हो जाता है, तब छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को जान जोखिम में डालकर बहते पानी से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द रायबांध नाला पर पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि सैकड़ों लोगों को बरसात में सुरक्षित आवाजाही की सुविधा मिल सके।

### आजाद समाज पार्टी की टीम चंद्रशेखर आजाद से मिला

सिमडेगा। आजाद समाज पार्टी सिमडेगा की टीम ने केंद्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद (रावण) से मुलाकात कर जिले के ज्वलंत जनहित मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। यह मुलाकात झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा के नेतृत्व में हुई, जिसमें प्रदेश महासचिव शरीफ रज़ा खान, जिलाध्यक्ष पंकज टोप्पो, वरिष्ठ नेता फूलजेन्सिया बिलुग एवं सालेन लकड़ा भी उपस्थित रहे।टीम ने सांसद को समसेरा चर्च पर हुए हमले सहित अन्य सामाजिक व प्रशासनिक मुद्दों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में हो रहे अन्याय, सामाजिक असमानता और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर चिंता व्यक्त की। सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने प्रतिनिधियों को संविधानिक दायरे में रहकर संघर्ष तेज़ करने की बात कही।

### डीसी के साप्ताहिक जनता दरबार में आए दर्जनों फरियादी

# जनता दरबार में आवेदन प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मंईया सम्मान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन के लिए ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है।

इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं।

### बीडीओ ने मनरेगा पीएम व अबुआ आवास योजना की समीक्षा की

**कोलेबिरा।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभगार में प्रखंड कर्मियों की सप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ, एई, जेई, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक और प्रखंड के कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे मनरेगा योजना व पीएम अवास व अबुआ अवास योजना का समीक्षा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास सर्वे, मनरेगा में कूप निर्माण कार्य में प्रगति, बागवानी योजना में इन्टरक्रोपींग, नया बागवानी योजना का चयन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों कों मनरेगा योजना संचालित योजना में तेजी लाने कहा।

### भैरव सिंह की गिरफ्तारी पर उबला जनाक्रोश

# जय श्रीराम समिति ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में लोहरदगा की सड़कों पर भैरव सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में उग्र विरोध दर्ज किया गया। समिति के सदस्यों ने इसे लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कार्रवाई बताया और कहा कि झारखंड सरकार राजनीतिक प्रतिशोध में अंधी हो चुकी है। समिति का कहना है कि भैरव सिंह को एक झूठे केस में फंसाकर गिरफ्तार किया गया, जबकि उनकी कहीं कोई उपस्थिति नहीं थी। सवाल उठाया गया कि क्या राज्य सरकार को भैरव सिंह की लोकप्रियता से भय लगने लगा है? क्या ये गिरफ्तारी हिंदू समाज के हक में आवाज़ उठाने की सज़ा है? बताया गया कि भैरव सिंह एक लव जिहाद के मामले में, जहां एक नाबालिग बच्ची का अपहरण हुआ था, पीड़ित परिवार के बुलावे पर पंडरा थाना पहुंचे थे। आरोपी टूटुल शेख, पश्चिम बंगाल का निवासी है। लेकिन भैरव सिंह को वहां से एक पुराने, झूठे मामले का बहाना बनाकर गिरफ्तार कर लिया गया। समिति ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राज्य सरकार और रांची प्रशासन के इशारे पर की गई है।

## सेविका चयन को लेकर सीडीपीओ व पर्यवेक्षिका ने की बैठक



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखण्ड के कैरो मुस्लिम टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को सेविका चयन को लेकर मुखिया बीरेंद्र महली की अध्यक्षता में महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोनिया मंजुल ठाकुर व पर्यवेक्षिका निशु महतो की उपस्थिति में एक बैठक की गई। बैठक में सर्वसमिति से सेविका के रूप में पूर्व में कार्यरत सेविका स्व नसीमा खातून जिसका विगत 22 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया था उनकी बहू रुबीना खातून का चयन किया गया।मौके पर महिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा सेविका चयन प्रक्रिया व सेवका के कार्य तथा दायित्वों के बारे में जानकारी दी। कहा कि पूर्व में कार्यरत सेविका जिसका असमय देहांत हो गया उनके जगह में प्राथमिकता के आधार पर उनके परिवार से ही योग्य सदस्य का चयन किया जाना है। इसलिये उनकी बहु का चयन सभी ने सर्वसमिति से किये ये अच्छी बात है।मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा कि सेविका को जो भी जिम्मेवारी दी। वे परिवार के जिम्मेवारी के साथ साथ अच्छे ढंग से सेविका का भी कार्य व दायित्वों को निभाये। मौके पर प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, वार्ड सदस्य सागर कुमार सोनी,ए एन एम राजमणि कुमारी,मनान खान,सेविका अखतरुन खातून,खुर्शीदा खातून,मंजु लकड़ा,कोयल उरांव,,सईदा खातून,सहायिका रौशन खातून,तम्मना खातून,रूबी खातून,माहिरा खातून,रूही खातून,जेबा खातून,नेहा खातून,निखत प्रवीण, जमीला खातून आदि उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



बरही (पदमा ओ0पी0) थाना काण्ड सं0–169/2025, दि0– 10.05.2025 के आलोक में ईटखोरी मोड़ के पास दिनांक– 10.05.2025 को संध्या 05:00 बजे अज्ञात वाहन द्वारा अज्ञात व्यक्ति को धक्का मार दिया गया जिससे धरना स्थल पर ही मौत हो गया जिस मृत व्यक्ति के शव को पहचान कराने हेतु काफी प्रयास किया गया किन्तु अज्ञात मृतक का पहचान नहीं हो सका है। हुलियाः–उम्र–करीब 35 वर्श, रंग–सांवला, पहनावा–काला रंग का फुल टी–शर्ट, ब्लू रंग का हाफ पैन्ट, असमानी रंग का जंघिया पहना हुआ है।

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना/ओ0पी0 प्रभारी पदमा/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः–
अनु0पु0पदा0 बरही, हजारीबाग :– 9131706301, 9113302138
ओ0पी0 प्रभारी पदमा, हजारीबाग :– 7909029386

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 357955 Police (25-26)_D


### "सशक्त पंचायत नेत्री अभियान" की कार्यशाला का हुआ समापन

गुमला। जिले में महिला जनप्रतिनिधियों के सशक्तिकरण और पंचायती राज संस्थाओं में उनकी सार्थक भागीदारी और नेतृत्व विकास को लेकर आज मंगलवार को नगर भवन सभागार में "सशक्त पंचायत नेत्री अभियान" के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की संयुक्त अध्यक्षता उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो और अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक ने की। कार्यक्रम में महिला मुखिया, प्रमुख एवं जिला परिषद सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि महिला प्रतिनिधियों को अपने संवैधानिक अधिकारों का पूर्ण उपयोग करते हुए पंचायतों के विकास कार्यों में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने ग्रामसभा की भूमिका, योजना निर्माण, पारदर्शिता और जवाबदेही जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक ने कार्यशाला में उपस्थित महिला जनप्रतिनिधियों से संवाद करते है।

### चतरा जिला स्तरीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन

# प्रतियोगिता में 100 से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल, 68 खिलाड़ियों को मिले मेडल

- **प्रतियोगिता में शामिल शूटरों ने दिखाया दम, डीएफओ मुकेश कुमार ने किया सम्मानित**




विपिन कुमार सिंह | चतरा

शहर के राजा तालाब के पास संचालित चतरा जिला राइफल शूंटिंग क्लब में सोमवार को जिला स्तरीय सेकेंड शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि चतरा जैसे छोटे जगह पर राइफल शूटिंग का संचालन और क्लब के दर्जनों बच्चों के राज्य व देश स्तर पर शूटिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन यह दिखाता है कि चतरा जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के युवा हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चतरा जिले के कुछ युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, युवाओं को शूटिंग जैसे खेल स्पर्धा में शामिल होकर बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सकता है। संस्था के सचिव सह प्रशिक्षक नीतीश कुमार ने कहा कि चतरा राइफल शूंटिंग क्लब चतरा के युवाओं को शूटिंग के क्षेत्र में एक बेहतर प्लेटफार्म देने का काम कर रहा है। आज इस क्लब के दर्जनों बच्चे शूटिंग के क्षेत्र में राज्य व देश स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर मेडल प्राप्त कर चुके हैं।

**बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 10 मीटर पीप साइट राइफल में हसन, पुष्पम राज, अर्णव कुमार, रंजन कुमार, दर्पण कुमारी, अश्विनी, फरहान अख्तर, अर्नव कुमार, वैश्विक राठौड़, अंडर 12 में अश्विन, अर्नव, मो नौफिल रहमान, पुष्पम राज, चंचल कुमारी, सोनी कुमारी, यश राज, अभिनित राज, मो अकरम, अपराजिता कुमारी, उज्ज्वल कुमार, मो सदाफ, पलक सिंह, रितिका कुमारी, रिद्धि अग्रवाल, आफिया सहित लगभग 68 शूटिंग खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने मेडल देकर सम्मानित किया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**भरनो (गुमला)।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड कार्यालय भरनो के सभागार में एक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने की। कार्यशाला में अधिकारियों ने किसानों को इस योजना के लाभ, प्रक्रिया और दस्तावेजी आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी और "फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ" के स्लोगन के माध्यम से इसके महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला में बताया गया कि खरीफ मौसम के लिए अधिसूचित फसलें जैसे अगहनी धान एवं भदई मकई के लिए किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर मात्र 1 में फसल बीमा योजना में नामांकन कर सकते हैं। इस योजना में किसानों का प्रीमियम राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि शेष राशि भारत सरकार द्वारा दी जाएगी।


झारखण्ड सरकार
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 वर्ष 2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 07.08.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 08.08.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 08.08.2025 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची। 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र०सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | GI Sheet shed on mild steel frame in different old buildings under Road Division, Koderma for the Year 2025 -26 | 15.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 माह। |

नोट :
1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
3. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड का निबन्धन प्रमाण पत्र एवं GST से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
5. निविदा प्राप्ति की तिथि को 03.00 बजे अपराह्न तक पथ प्रमण्डल, कोडरमा कार्यालय परिसर के अन्दर संवेदकों द्वारा समूह में अथवा गुट बनाकर वार्त्तालाप करने, शोर–गुल करने या अनावश्यक समय व्यतीत कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने पर इस निविदा को रद्द किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डलकोडरमा।

PR 357915 (Road) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

हमेशा सहज रहने की चाह में आप आलसी हो जाते हैं, हमेशा पूर्णता की चाह में, आप क्रोधित हो जाते हैं, हमेशा अमीर बनने की चाह में आप लालची हो जाते हैं। - श्री श्री रवि शंकर

## संपादकीय

# निजी क्षेत्रों की बढ़ोत्तरी और देश हित

सरकारी नौकरी सभी को चाहिए और सेवा निजी क्षेत्रों जैसी इस चर्चा के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में अनुसंधान एवं विकास पर यहां के उद्योगों में बहुत कम निवेश होता है। आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। वर्ष 2000 तक भारत का विश्व के कुल अनुसंधान एवं विकास में 2.1 प्रतिशत का अंशदान था, जो पिछले 25 वर्षों में बढ़कर मात्र 2.58 प्रतिशत तक ही पहुंचा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में अनुसंधान एवं विकास (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) पर कुल खर्च जीडीपी का मात्र 0.7 प्रतिशत है, वहीं पिछले 25 वर्षों में वैश्विक स्तर पर शोध एवं विकास के खर्चे में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2000 में वैश्विक स्तर पर यह एक हजार अरब डॉलर के बराबर था, जो आज तीन हजार अरब डॉलर के आसपास है। इस निवेश में सबसे अधिक हिस्सा दक्षिण एशियाई देशों का है, जिनकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत की है। उसके बाद उत्तरी अमेरिका, जिसमें अमेरिका व कनाडा का संयुक्त अंशदान 29 प्रतिशत और यूरोप का 21 प्रतिशत का है। सबसे अधिक आश्चर्यचकित चीन ने किया है। वर्ष 2000 तक चीन का अंशदान चार प्रतिशत के आसपास था, जो आज बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया है। चीन की अनुसंधान एवं विकास में बढ़ोतरी अपने आपमें साबित करती है कि वह क्यों आज उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अग्रणी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक स्तर पर कंपनियां अपने मुनाफे का तकरीबन दो तिहाई हिस्सा वार्षिक स्तर पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश करती हैं, जबकि भारतीय कंपनियों में यह सिर्फ एक तिहाई हिस्से से कुछ ही ज्यादा है। इसी के चलते वैश्विक पटल पर यह चर्चा है कि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन ही वैश्विक बागडोर संभालने में सक्षम हैं, क्योंकि इनके यहां पूंजी का अधिकतम निवेश अनुसंधान एवं विकास में किया जाता है। देखा जाता है कि किसी भी उत्पाद का शुरुआती विक्रय मूल्य कंपनी द्वारा बहुत अधिक रखा जाता है तथा उसे एक या दो वर्ष बाद आधे मूल्य पर बेचा जाता है। इसके पीछे का मुख्य आधार यह है कि बड़ी कंपनियां इस तथ्य से अवगत हैं कि उन्हें शुरुआती समय में अपने उत्पाद को धनाढ्य लोगों को ही बेचना है और उन के माध्यम से अपने उत्पाद को एक ब्रांड के रूप में स्थापित भी करना है। वास्तविकता है कि इन कंपनियों द्वारा धनाढ्य लोगों से वसूल किया गया विक्रय मूल्य उत्पादन की लागत का दोगुना होता है और उसी मुनाफे को अनुसंधान एवं विकास में निवेश किया जाता है, ताकि इन्हीं धनाढ्य लोगों के लिए जल्द से जल्द नई श्रेणी के उत्पाद को उपलब्ध करवाया जा सके। क्या वास्तव में भारतीय कंपनियां नवाचारों को अधिक महत्व नहीं देती हैं? पिछले कुछ वर्षों से इस पक्ष पर भारत में एक नई सोच बड़ी तेजी से आगे बढ़ती दिख रही है, जो साबित कर रही है कि भारत लगातार श्रमिकों की कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश कर रहा है। विभिन्न कंपनियां जिनमें स्विगी, जोमैटो, इन्फ्रामार्ट, ब्लिंकिट आदि में ऑर्डर दिए जाने के दस मिनट के अंदर ग्राहक के पास उसकी पसंद का उत्पाद कंपनी द्वारा पहुंचा दिया जाता है, निश्चित रूप से यह एक नवाचार के अंतर्गत ही आता है। इन सबके अलावा पिछले तीन-चार दशकों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहे मुंबई के टिफिन सिस्टम को भी याद रखना उचित होगा, जो कि भारतीय समाज में अनुसंधान एवं विकास का श्रमिकों में निवेश का एक जीता-जागता उदाहरण है। भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है।

*देखा जाता है कि किसी भी उत्पाद का शुरुआती विक्रय मूल्य कंपनी द्वारा बहुत अधिक रखा जाता है तथा उसे एक या दो वर्ष बाद आधे मूल्य पर बेचा जाता है।*

# आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती है भारत की अंतरिक्ष यात्रा



इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई-जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी। लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब माँगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर ज़ोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ़ एक मिशन की रक्षा की बल्कि-एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के ज़रिए कक्षा में पहुँचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह न सिर्फ़ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए। यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहाँ पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहाँ यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है। इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन-इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज़ में सहायक हो सकता है।

शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएँ अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। ये निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा।

अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि-ये ऐसे जीव हैं। जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं-तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।

यहाँ तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है - जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है।

ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है—चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो। इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा ज़ोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहाँ भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है।

पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नज़र रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी। यह सिर्फ़ एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट्र के उत्थान की बात है।

यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभ भारत के कोने- कोने तक-दूरदराज के गाँवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुँचाना सुनिश्चित करने की बात है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुँचाना। एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है। और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्हें सिर्फ़ अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं। क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

## सिक्के के दो पहलू

सेठ घनश्यामदास को लोग धर्मात्मा के नाम से शहर में पुकारते थे। वे सफेद धोती, मलमल के आधे बाँह वाले कुर्ता पहनते।ललाट पर चंदन का त्रिपुंड लगाते।गद्दी पर मसनद लगा कर बैठते और सारे दिन चंदन का माला जपते रहते। कोई मिलने आता तो माला जपना रोक कर इशारे से उसे बैठने को कहते। माला पूरा कर नौकर से पानी लाने को कहते। आगंतुक को पानी पिलाया जाता। बड़ी विनम्रता से उसकी बात सुनते। धंधे की बात न हो तो किसी न किसी तरह से आगंतुक को मदद करने से न चूकते। किसी आध्यात्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, प्रवचन, यज्ञ आदि में खुलकर चन्दा देते। राजनीतिक दलों के बड़े से लेकर छुटभैये नेता तक को उनकी औकात के हिसाब से हर महीने वसूली देते। बड़े से लेकर छोटे-मोटे अपराधियों को जमानत के पैसे मांगने परनिसंकोच दे देते। किसी भी विभाग के बड़े से छोटे अधिकारी,कर्मचारी तक तो मांगने पर उनके ओहदे के अनुसार दक्षिणा दे देते। अपने कर्मचारियों को समय पर पूरा वेतन देते। पूरा शहर उनकी जयजयकार करते नहीं थकता। सेठ घनश्यामदास का गल्ले का व्यापार था।वे अंधेरा होते ही नियमपूर्वक अपने गोदाम में चले जाते।उनके गोदाम में जाते ही गेट बन्द कर दिया जाता।सेठ जी अपने सामने चावल में कंकड़, धनिया पाउडर में घोड़े की लीद, हल्दी पाउडर में पीले रंग, लाल मिर्च पाउडर में लाल रंग, काली मिर्च पाउडर में मटमैले रंग से लकड़ी की कुन्नी में मिलवाते। घुन लगे गैंहू को फटकवाकर बोरियों में भरवाते और ऊपर बढ़िया गेहूँ रखवा देते। कोई कर्मचारी अगर अंदरूनी खबर बाहर फैलाने की कोशिश भी करता तो अगली सुबह वह सड़क पर गाड़ी से कुचला हुआ पाया जाता। वहीं सेठ जी उसकी अंत्येष्ठि का सारा खर्च उठाते और परिवार वालों को दस हज़ार रुपये उनके घर भिजवा दिए जाते। यह उनके व्यक्तित्व के सिक्के का दूसरा पहलू था। अपने भैया जी जब से मंत्री हुए, हर भाषण में ईमानदार और पारदर्शी सरकार की बात करते। हर वक्तव्य के बाद उनके कारिंदे आकर बता जाते की फलाँ अधिकारी, ठीकेदार इतने रुपए जमा करा गया है। खुद मैला-कुचैला साधारण पहनते, घरवाली हर महीने नया जड़ाऊँ जेवर खरीदती, बेटा हर महीने शहर-गाँव मे बड़ा जमीन खरीदता, साले किसी नए धंधे में पार्टनर बन जाता। पर भैया जी लगातार ईमानदारी की बात करते। यह भैया जी के चरित्र के सिक्के के दोनों पहलू थे। रामलाल जी इन बातों को सुनकर चुपचाप खिसक लिए ताकि उनकी चर्चा न हो। मैं भी नहीं करूंगा।बाकी आप तो समझदार हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# असीम कृपा के सागर-महावतार बाबाजी

पूर्व और पश्चिम को कर्म और आध्यात्मिकता से मिलकर बना सुवर्णमध्य मार्ग स्थापित करना होगा। भौतिक विकास में भारत को पाश्चात्य जगत से बहुत कुछ सीखना है और बदले में भारत सभी द्वारा अपनाई जा सकने वाली ऐसी विधियों का ज्ञान दे सकता है, जिनसे पाश्चात्य जगत अपने धार्मिक विश्वासों को योग विज्ञान की अटल नींव पर स्थापित कर सकता है।" संसार की सौ सर्वोत्कृष्ट आध्यात्मिक पुस्तकों में से एक के रूप में चयनित 'योगी कथामृत' से उद्धृत ये शब्द हममें मृत्युंजय महावतार बाबाजी के कार्यों के विषय में जानने की उत्सुकता जगाते हैं, जिनकी कृपा अपरिमित है। श्री श्री परमहंस योगानन्द अपने इस गौरवग्रंथ में बाबाजी के विषय में ऐसे यथार्थ तथ्यों का उल्लेख करते हैं जिन्हें पढ़कर मानव-मन श्रद्धा और आनन्द से विभोर हुए बिना नहीं रहता। अंधकार युगों में लुप्त क्रियायोग विज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए बाबाजी अपने शिष्य लाहिड़ी महाशय, जो मिलिटरी इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत थे, का विस्मयकारी ढंग से रानीखेत में तबादला कराते हैं और उन्हें द्रोणगिरि पर्वत के शिखर पर बुलाते हैं। अपनी चमत्कारिक इच्छाशक्ति से एक महल का सृजन कर अपने शिष्य को सभी ऐहिक तृष्णाओं से मुक्त कर तथा क्रियायोग में दीक्षित कर संसार का त्याग करने वाले संन्यासियों के लिए ही नहीं अपितु सभी सच्चे जिज्ञासुओं को क्रियायोग सिखाने की वे अनुमति देते हैं। है ना अपार कृपा! 1920 में अमरीका में आयोजित होने वाले धार्मिक उदारतावादियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलने के लिए योगानन्दजी को एक निमंत्रण मिलता है। पश्चिम के भौतिकतावाद के कोहरे में खोने के भय से वे ईश्वर का उत्तर पाने के लिए कृतसंकल्प होते हैं; तब बाबाजी प्रकट होकर उनसे कहते हैं, "... डरो मत; तुम्हारा संरक्षण किया जाएगा।" यह दिन था 25 जुलाई का जिसे उनके स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक पाठकगण yssofindia.org देख सकते हैं। इसी दिन, योगानन्दजी से अपनी भेंट में बाबाजी इस बात का भी खुलासा करते हैं कि, "तुम्ही वह हो जिसे मैंने पाश्चात्य जगत में क्रियायोग का प्रसार करने के लिए चुना है।" वे कहते हैं- ईश्वर साक्षात्कार की वैज्ञानिक प्रणाली, क्रियायोग का अंततः सभी देशों में प्रसार हो जाएगा...." बाबाजी के इसी आदेश का पालन करने हेतु, परमहंस योगानन्दजी पूर्व में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया तथा पश्चिम में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप की स्थापना करते हैं। इसके अतिरिक्त कुम्भ मेले में श्रीयुक्तेश्वरजी को दर्शन देकर बाबाजी 'कैवल्य दर्शनम्' नामक पुस्तक, लिखने का आग्रह करते हैं। वे कहते हैं - मनुष्यों के धार्मिक मतभेदों के कारण उनकी मूल एकता पर किसी का ध्यान ही नहीं जा रहा है। समानार्थी उद्धरणों को प्रस्तुत कर यह दिखा दीजिए कि ईश्वर के सभी ज्ञानी पुत्रों ने एक ही सत्य का उपदेश दिया है।"बाबाजी सर्वव्यापी ब्रह्मचेतना में निवास करते हुए जनसाधारण की दृष्टि से ओझल रहते हैं। इनके लिए देश और काल का कोई अस्तित्व नहीं है। बाबाजी पच्चीस वर्ष के युवा ही दिखते हैं। गौर वर्ण, मध्यम कद-काठी, सुंदर बलिष्ठ शरीर पर तेज सहज ही दिखाई पड़ता है। नेत्र काले, शांत और दयार्द्र हैं। उनके लंबे चमकीले केश ताम्र वर्ण के हैं। उनके इस अनूठे स्वरूप का मानसदर्शन कर हृदय गद्-गद् हो उठता है! लाहिड़ी महाशयजी के कथन, "जब भी कोई श्रद्धा से बाबाजी का नाम लेता है, उसे तत्क्षण आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त होता है।" इसे निश्चित करने हेतु आइए उनका स्मरण कर उनकी अनंत अनुकंपा के भागीदार बनें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ मंजु लता गुप्ता**



श्री श्री महावतार बाबाजी | श्री श्री परमहंस योगानन्द

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सभी कठघरे में खड़े, राजा, रंक, फकीर।
देव, देवियाँ, साधु जो, रखे न अचल जमीर।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विदेशी फंडिंग से यूपी में लवजेहाद व धर्मांतरण का बड़ा षडयंत्र!

अभी एक सप्ताह पहले यूपी में धर्मांतरण गिरोह चलाने वाले जमालुददीन उर्फ छांगुर बाबा का मामला ठंडा भी नही हुआ कि आगरा में इससे भी बड़ा धर्मांतरण गिरोह बेनकाब हो गया है। आपने सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित फिल्म 'द केरला स्टोरी' तो देखी ही होगी। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे हिंदू लड़कियों का ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण का खेल खेला जाता है, कैसे एक हिंदू परिवार में ही हिंदूओं के खिलाफ नफरत भरी जाती है और ऐसा ही खेल आगरा में खेला जा रहा था। आरोप है कि इस गैंग के सदस्य लड़कियों को मुजाहिदा और आत्मघाती हमले के लिए भी तैयार कर रहे थे। हिंदू लड़कियों को टारगेट कर धर्मांतरण की साजिश का पर्दाफाश कई राज्यों के अलग-अलग जिलों में हो चुका है। मध्य प्रदेश के इंदौर, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर और शाहजहांपुर के बाद अब आगरा में धर्मांतरण का खुलासा हुआ है। आगरा का ये धर्मांतरण गैंग बलरामपुर के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा से भी दो हाथ आगे है। आगरा से गुमशुदा हुई लड़की के पिता ने इसका खुलासा किया है। पिता ने बताया कि फिल्म द केरला स्टोरी की तरह ही पूरा माहौल बना दिया गया था। आगरा में सामने आए धर्मांतरण गैंग के कनेक्शन कनाडा, यूएसए, कतर, यूएई और बांग्लादेश सहित कई इस्लामिक देशों से जुड़े हुए थे। विदेशों से फंडिंग लाने और भारत में गैंग के लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी गोवा से गिरफ्तार हुई आयशा के पास थी। आयशा का पति शेखर राय उर्फ हसन अली गैंग के सदस्यों से जुड़ा हुआ था और कोलकाता कोर्ट में काम करता था। वो गैंग के लिए लीगल एडवाइजर का काम करता था। पीड़ित पिता ने बेटियों के धर्म परिवर्तन पर बताया कि "इसकी शुरुआत 2021 से हुई थी। हमारी बड़ी बेटी पीएचडी की कोचिंग ले रही थी, वहां जम्मू-कश्मीर की युवतियां भी पढ़ने आती थी। उसमें से एक युवती ने बड़ी बेटी को इस्लाम के प्रति पढ़ाती और लिखाती रही और अपने साथ जोड़ लिया।" आरोप है कि उस लड़की ने उनकी पत्नी से भी कई बार फोन करके इस्लाम की तारीफें की। उसका मकसद था कि पूरे परिवार का ब्रेनवॉश करके धर्म परिवर्तन किया जाए।पुलिस ने पता लगाया कि हिंदू लड़कियों को कनवर्ट करने का पूरा सिंडिकेट एक्टिव है। कहा जा रहा है कि अभी तो सिर्फ झांकी सामने आई है। हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में एटीएस के शिकंजे में में आए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के मंसूबे भी बेहद घातक थे, ऐसा उसकी अलग-अलग गतिविधियों से पता चलता है। इसलिए सवाल है कि उत्तरप्रदेश में पिछले 8 सालों से योगी सरकार होने के बावजूद जिस तरह से हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया गया, यह प्रशासन और खुफिया इकाई के मुंह पर किसी तमाचे से कम नहीं है। वास्तव में यह उनकी विफलता का द्योतक है। इसलिए आशंका तो यह है कि इस पूरे स्कैंडल में कुछ बड़े अधिकारी भी शामिल रहे होंगे अन्यथा इस बात के खुलासे में इतना विलंब नहीं होता। दबी जुबान में लोगों के इशारे हैं कि यदि केंद्रीय गृह मंत्रालय इस एंगल से भी जांच करवाए तो योगी प्रशासन के दूरगामी हित के लिए बेहतर रहेगा। यहां के सियासी हल्के में जो लोग बार-बार मुख्यमंत्री बदलने की मांग कर रहे थे, संभव है कि उनके तार भी ऐसे गिरोह से जुड़े हों। ऐसा इसलिए कि अमेरिका-चीन के इशारे पर और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से भारत के इस्लामीकरण की जो देशव्यापी साजिश कुछ भारतीय राजनीति दलों के परोक्ष समर्थन से जारी है, उसका बहुत छोटा सा इलाकाई प्यादा जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा है जो कि धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जो व्यक्ति अपना धर्म बदलता है वो केवल अपना धर्म नहीं बदलता बल्कि वो अपने समाज और देश से भी कट जाता है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण को देश के लिए बड़ा खतरा बताया था और सरकारों को इसके खिलाफ कदम उठाने को कहा था। धर्मांतरण के बाद व्यक्ति अपना परिवार और अपनी संस्कृति छोड़ देता बंद है, अपना खानपान और पहनावा बदल लेता है। धर्मांतरित मुस्लिम इस्लाम के प्रति अपनी वफादारी साबित करने के लिए आतंकी संगठनों के साथ भी चले जाते हैं। यही कारण है कि धर्मांतरण देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बनता जा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज बॉक्स

### चंदन मिश्रा हत्याकांड: पुलिस मुठभेड़ में एक हमलावर गिरफ्तार, दो घायल



**भोजपुर।** बिहार के भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह चंदन मिश्रा हत्याकांड के हमलावरों का एसटीएफ और भोजपुर पुलिस से सामना हुआ। दोनों पक्षों में गोलीबारी हुई। इस दौरान दो बदमाश घायल हो गए और एक को गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, एसटीएफ पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदन मिश्रा हत्याकांड में शामिल तीन हमलावर बिहिया रेलवे स्टेशन के पास हथियारों के साथ मौजूद हैं। इसके बाद एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने इलाके को घेरकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो के पैर में गोली लगी। इस दौरान एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। घायल बदमाश भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। दोनों घायलों को आरा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी एक ग्रामीण को भी निशाना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर दोनों को घायल कर दिया। गिरफ्तार और घायल बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है, ताकि चंदन मिश्रा हत्याकांड की गुत्थी पूरी तरह सुलझाई जा सके और बाकी फरार हमलावरों की भी गिरफ्तारी हो सके।

### 199 करोड़ रुपये की आयकर मांग पर कांग्रेस को बड़ा झटका, ट्रिब्यूनल ने खारिज कर दी अपील



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को झटका देते हुए, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने वर्ष 2017-18 के लिए कर मांग के खिलाफ उसकी अपील खारिज कर दी। पार्टी ने आयकर विभाग के उस नोटिस का विरोध किया था जिसमें उसे 199 करोड़ रुपये से अधिक की आय पर कर चुकाने को कहा गया था। कांग्रेस का दावा था कि यह राशि दान से आई है और इसे कर से मुक्त रखा जाना चाहिए। हालाँकि, पार्टी निर्धारित तिथि तक अपना कर रिटर्न दाखिल करने में विफल रही। आयकर न्यायाधिकरण ने कर अधिकारियों के निर्णय को बरकरार रखते हुए कहा कि पार्टी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त दान पर आयकर का भुगतान करना होगा। कांग्रेस पार्टी ने 2 फ़रवरी, 2019 को अपना आयकर दाखिल किया और आयकर अधिनियम की धारा 13ए के तहत 199.15 करोड़ रुपये की छूट का दावा करने के बाद शून्य आय घोषित की। हालाँकि, यह आयकर धारा 139 के तहत निर्धारित निर्धारण वर्ष 2018-19 के लिए 31 दिसंबर, 2018 की विस्तारित नियत तिथि के बाद दाखिल किया गया था। सितंबर 2019 में जाँच के दौरान, निर्धारण अधिकारी ने पाया कि पार्टी ने प्रति दानदाता 2,000 रुपये से अधिक 14.49 लाख रुपये नकद दान स्वीकार किए थे, जो धारा 13ए(डी) का उल्लंघन करता है, जिसके अनुसार वित्त अधिनियम 2017 में संशोधन के बाद ऐसे सभी दान बैंकिंग माध्यमों से प्राप्त किए जाने चाहिए। हालांकि कांग्रेस ने 197.43 करोड़ रुपये के व्यय के मुकाबले 199.15 करोड़ रुपये की कुल प्राप्तियां बताईं, जिससे 1.71 करोड़ रुपये का अधिशेष बचा, लेकिन 6 जुलाई, 2021 के मूल्यांकन आदेश ने छूट को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया, जिससे पूरी राशि कर योग्य हो गई। आयकर आयुक्त (अपील) ने 28 मार्च, 2023 को इस फैसले को बरकरार रखा, जिसके बाद कांग्रेस ने आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) का रुख किया। 2024 में, आयकर न्यायाधिकरण ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और अपने नवीनतम फैसले में, पार्टी की अपील खारिज कर दी। आयकर न्यायाधिकरण ने कहा कि छूट प्रावधानों की कड़ाई से व्याख्या की जानी चाहिए। इसने फैसला सुनाया कि धारा 139(4बी) के तहत राजनीतिक दलों को धारा 139(1) के तहत नियत तिथि के भीतर रिटर्न दाखिल करना आवश्यक है।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इक्षचता रहेगी।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मइक्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निज़ी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

# कांवड़ रूट की सभी दुकानों पर लगाना ही होगा क्यूआर कोड : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी होटल मालिकों को वैधानिक लाइसेंसिंग और पंजीकरण आवश्यकताओं का पालन करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि इस स्तर पर, सभी संबंधित होटल मालिकों को वैधानिक रूप से आवश्यक लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र के आदेश का पालन करना होगा। हम स्पष्ट करते हैं कि हम बहस किए जा रहे मुद्दों पर विचार नहीं कर रहे हैं। आवेदन बंद किया जाता है। क्यूआर कोड अनिवार्यता के मुद्दे पर, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह फिलहाल इस पर विचार नहीं करेगा और कहा कि क्यूआर कोड और इसी तरह के अन्य मुद्दों पर मुख्य याचिका में विचार किया जा सकता है, जो अभी न्यायालय में लंबित है। अदालत का यह फैसला उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित खाद्य स्टॉल मालिकों को अपनी दुकानों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करने, अपनी पहचान और अन्य जानकारियां बताने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने संबंधी अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही है क्योंकि मंगलवार कांवड़ यात्रा का आखिरी दिन है। पीठ ने कहा कि हमें बताया गया है कि आज यात्रा का आखिरी दिन है। वैसे भी, निकट भविष्य में इसके समाप्त होने की संभावना है। इसलिए, इस समय हम केवल यह आदेश पारित



### चारधाम यात्रा में अब तक 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा जारी है। इस बार गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। चारधाम यात्रा में अब तक 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उत्तराखंड सरकार में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कहा, "चारधाम यात्रा के लिए गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम के लिए कुल 47 लाख 27 हजार 619 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं।

### बोइंग विमानों के फ्यूल स्विच की जांच हुई पूरी, नहीं मिली कोई समस्या : एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने बेड़े के सभी बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग सिस्टम का एहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है और उनमें कोई समस्या नहीं पाई गई है। एयरलाइन ने कहा कि इस महीने के मध्य में भारत के विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों के अनुरूप यह जांच शुरू की गई थी। एयरलाइन ने बयान में कहा, "एयर इंडिया ने अपने बेड़े के सभी बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग सिस्टम की एहतियाती जांच पूरी कर ली है।" यह निरीक्षण पिछले महीने अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया बोइंग ड्रीमलाइनर विमान हादसे के बाद किया था, जिसमें 260 लोगों की जान चली गई थी। एयर दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की एक प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि ईंधन की आपूर्ति बंद होने के कारण उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद विमान के इंजन बंद हो गए थे। इसकी वजह फ्यूल स्विच का 'रन' से 'कटऑफ' में अचानक चले जाना था। इससे इंजन फ्यूल कट-ऑफ स्विच के काम करने को लेकर फिर से चिंताएं पैदा हो गईं।

### बिहार में चल रहे एसआईआर में आई चौंकाने वाली जानकारी

# 18 लाख मृतकों के नाम, 7 लाख ने दो जगह वोट बनाए

एजेंसी। पटना

भारत निर्वाचन आयोग ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। केवल 2.70% मतदाता ही फॉर्म भरने के लिए शेष हैं। आज तक, 97.30% मौजूदा मतदाताओं ने 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची में शामिल होने के लिए अपना गणना फॉर्म जमा कर दिया है। ईसीआई ने खुलासा किया कि चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 52.3 लाख से ज़्यादा मतदाता अपने पंजीकृत पतों पर नहीं मिल पा रहे हैं।

ईसीआई द्वारा साझा किए गए आँकड़ों के अनुसार, ये 52.3 लाख मामले - जो बिहार के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं का 6.62% है - विभिन्न श्रेणियों में आते हैं, जिनमें मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति, डुप्लिकेट नामांकन और पूरी तरह से लापता मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, यह समीक्षा लगभग 1 लाख बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए गए एक बड़े पैमाने पर घर-घर जाकर किए गए सत्यापन अभियान का हिस्सा है, जिसमें राज्य के 12 प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 4 लाख स्वयंसेवकों और 1.5 लाख बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) का सहयोग शामिल है।



**राजनीतिक दल और अधिकारी एकजुट**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) और बीएलओ पहले ही पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कर चुके हैं।

21.36 लाख मतदाता जिनके गणना प्रपत्र (EF) अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। - 52.30 लाख मतदाता मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लिकेट या अनुपलब्ध के रूप में चिह्नित हैं।

### हिमाचल में 22 जगह भूस्खलन की निगरानी, 15 स्थानों पर कम खतरा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से तबाही का सिलसिला थम नहीं रहा है। इसी बीच राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (1070) ने मंगलवार को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की ताजा रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश के 22 संवेदनशील स्थानों में से 15 जगहों पर खतरा 'लो' यानी कम स्तर पर है, 5 जगहों पर मध्यम स्तर का खतरा दर्ज हुआ है, जबकि 2 जगहों पर किसी प्रकार का खतरा नहीं पाया गया है। मंडी जिले के 16 स्थानों पर लगातार निगरानी की जा रही है। इनमें पराशर, कोटरोपी, घोड़ा फार्म-शलगी नॉर्थ कैंपस, घोड़ा फार्म-2, ग्रिफॉन पीक-1 से ग्रिफॉन पीक-6 तक, ग्रिफॉन पीक-8 से ग्रिफॉन पीक-10 तक और विश्वकर्मा मंदिर शामिल हैं, जहां पर 'लो' खतरा दर्ज किया गया है। वहीं मंडी के सानार्ली-2, तत्तापानी और संधोल में 'मॉडरेट' यानी मध्यम खतरे की चेतावनी जारी की गई है। शिमला जिले के जतोग क्षेत्र में मध्यम खतरा पाया गया है। सोलन जिले के डगशाई में भी मध्यम खतरे की रिपोर्ट है, जबकि डक्षी में कोई खतरा नहीं दर्ज हुआ है।

### तलाक के बाद महिला ने मांगे 18 करोड़ रुपए, घर और बीएमडब्ल्यू कार

- नौकरी ढूंढो और गुजारा करो : सुप्रीम कोर्ट
- सीजेआई गवई ने महिला को फटकार लगाई



एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक हाई-प्रोफाइल तलाक के मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने तीखी टिप्पणी की। महिला द्वारा अत्यधिक गुजारा भत्ता की मांग सुनकर वे काफी परेशान दिखे। महिला, जिसकी शादी को केवल 18 महीने हुए थे, ने तलाक के बदले 18 करोड़ रुपये, मुंबई में एक घर और एक बीएमडब्ल्यू कार की मांग की। इस मामले की सुनवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश गवई ने एक तीखी टिप्पणी की जिसकी अब व्यापक चर्चा हो रही है। उन्होंने महिला को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि आप बहुत पढ़ी-लिखी हैं। आपको ऐसी चीजें नहीं मांगनी चाहिए, आपको कमाना चाहिए और स्वतंत्र रूप से रहना चाहिए। मांग करने का यह तरीका नहीं है। यह टिप्पणी अदालत द्वारा अल्पकालिक विवाह के लिए असामान्य रूप से उच्च और भौतिकवादी समझौते के अनुरोध के जवाब में आई। हालाँकि, महिला के वकील ने इस माँग का बचाव करते हुए कहा कि यह एक समझौता प्रस्ताव का हिस्सा था और इसे भीख के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलों के बावजूद, पीठ ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है, जिससे आने वाले दिनों में अंतिम निर्णय की गुंजाइश बनी हुई है। मामले ने तलाक की कार्यवाही में, खासकर धनी पक्षों से जुड़े मामलों में, वित्तीय समझौतों से जुड़ी नैतिकता और अपेक्षाओं पर सार्वजनिक बहस छेड़ दी है। जहाँ महिला की माँगों ने प्रतिक्रियाएँ भड़काई हैं, वहीं मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी ने अलगाव प्रक्रियाओं में आत्मनिर्भरता और गरिमा के बारे में बातचीत को फिर से शुरू कर दिया है।

### धर्मांतरण की आड़ में ब्रेनवॉश : आगरा की दो बहनें इस्लाम के लिए अपनी जान देने को भी थी तैयार



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अवैध धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार आरोपितों से उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) समेत अन्य जांच एजेंसियों की पूछताछ में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। आगरा से लापता बहनों की बरामदगी के बाद उनकी काउसिलिंग चल रही है। इन सगी बहनों का सलाफी मुस्लिम की तरह धर्म परिवर्तन कराया गया है। बड़ी बहन का नाम अमीना और छोटी का जोया रखा गया। दोनों बहनें इस्लाम के नाम अपनी जान तक देने के लिए भी तैयार थी। जिस तरह से दोनों बहनों को तैयार किया जा रहा था, उससे यह लगा रहा था कि इनका इस्तेमाल आतंकी संगठन आईएसआईएस मॉडयूल के लिए किया जाना था। जांच टीम इन लोगों से पूछताछ कर रही है। आगरा की इन दोनों बहनों का धर्मांतरण कराने का मास्टर माइंड अब्दुल रहमान को गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल पहले हिंदू से ईसाई बना और बाद में धर्मांतरण कर मुस्लिमबन गया और फिर महिलाओं का धर्मांतरण करने का खेल शुरू कर दिया।आगरा की इन दोनों बहनों का धर्म परिवर्तन कराने और धर्मांतरण गिरोह में शामिल आरोपित का आतंकी संगठन से कनेक्शन होने के भी साक्ष्य मिले हैं।

जानकारी के अनुसार धर्मांतरण के मामले में जांच कर रही आगरा पुलिस व जांच टीम के हाथ आरेपितों के पास से कई ऐसे साक्ष्य हाथ लगे है, जो बेहद चौंकाने वाले हैं।

### बेशर्म हो गया है चुनाव आयोग : तेजस्वी



**पटना।** बिहार में विपक्षी दलों ने मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विधानसभा चुनाव से पहले लोगों के मताधिकार को छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बिहार विधानसभा के दूसरे दिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामपंथी दलों ने विधानसभा की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन किया, हाथों में तख्तियां लिए और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कथित वोट चोरी के खिलाफ नारे लगाए। बताया जा रहा है कि विधायकों को बिना किसी व्यवधान के विधानसभा में प्रवेश करने देने के लिए एक और दरवाजा खोलना पड़ा। विपक्षी पार्टी के विधायकों ने कहा है कि वे सरकार की पोल खोलने के लिए सदन की कार्यवाही बाधित करेंगे। वहीं, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने बार-बार इस बात पर आपत्ति जताई है कि सर। कुछ ऐसे दस्तावेज हैं जो गरीबों के पास नहीं हैं, तो जो लोग काम के लिए बाहर जाते हैं, वो वोटर कैसे बनेंगे। इस तरह से एक बड़ा सवाल उठता है, और आज हम सभी इंडिया एलायंस ने कार्यवाही स्थगित करने का प्रस्ताव लाने का काम किया है ताकि इस पर विशेष चर्चा हो सके। ताकि सारी बातें सामने आ सकें। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम कोर्ट में, सड़क पर, सदन में लड़ रहे हैं। लेकिन चुनाव आयोग बेशर्म हो गया है। चुनाव आयोग ने इस मुद्दे पर एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की। सुप्रीम कोर्ट के सुझावों के बाद भी उन्होंने आधार या राशन कार्ड की भूमिका के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है।

### अमृतसर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई



**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर स्थित गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस धमकी के बाद मंगलवार को हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरे नौ ई-मेल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के पास आने के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज अमृतसर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां दरबार साहिब में नतमस्तक होने के बाद पुलिस से इन घटनाओं के बारे में रिपोर्ट लेंगे। सोमवार रात गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने के संबंध में एक ई-मेल भेजी गई थी। पुलिस जांच में पता चला है कि इस ई-मेल का पैटर्न भी वैसा ही है, जैसा स्वर्ण मंदिर को भेजी गई धमकियों का था। इससे साफ है कि यह वही ग्रुप है, जो पहले स्वर्ण मंदिर को धमकी भेज रहा था। ई-मेल मिलने के बाद मंगलवार की सुबह से अमृतसर एयरपोर्ट पर सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के अनुसार जांच प्रक्रिया जारी है और तकनीकी विश्लेषण में समय लग सकता है। फिलहाल शुभम दुबे नामक व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही संदिग्धों की पहचान कर ली जाएगी।

## तेज हुई जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग

एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले। हम इसके लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ अन्याय किया है और प्रधानमंत्री मोदी हर चुनाव में वादा करते हैं कि वे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देंगे। लेकिन वे कभी वादा पूरा नहीं करते। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि राज्य की मांग अब जन आंदोलन में बदल गई है। हम सरकार पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए दबाव डाल रहे हैं। कांग्रेस सांसद (एमपी) के सी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा था कि भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) ब्लॉक संसद के मानसून सत्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रयास करेगा।

# हर गांव में बनेगी सहकारी समिति, अब तक 22,606 समितियां गठित: अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली



**30 जून 2025 तक देशभर में 22,606 नयी पीएसीएस, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पहले ही पंजीकृत की जा चुकी हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि सरकार ने 15 फरवरी 2023 को देश में सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और इसकी पहुंच हर गांव और पंचायत तक सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत आगामी पांच वर्षों में देशभर के सभी गांवों और पंचायतों में दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियां (एम-पीएसीएस), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना का लक्ष्य है।

अमित शाह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह योजना केंद्र सरकार की मौजूदा योजनाओं जैसे डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (डीआईडीएफ), राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी), पीएम मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) आदि के समन्वय से लागू की जा रही है। इसमें राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) और राज्य सरकारों की भूमिका अहम है। राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस का हवाला देते हुए शाह ने बताया कि 30 जून 2025 तक देशभर में 22,606 नयी पीएसीएस, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पहले ही पंजीकृत की जा चुकी हैं। इस योजना के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए 19 सितंबर 2024 को सहकारिता मंत्रालय द्वारा नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी के समन्वय में एक मार्गदर्शिका जारी की गयी है।


### खगड़िया में चार बच्चों की डूबने से मौत एसडीआरएफ ने शव किया बरामद

**पटना।** बिहार के खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र अन्तर्गत कंकड़ कुड़िया बहियार में एक ही परिवार के 4 बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। ये सभी बच्चे सोमवार को पानी भरे गड्ढे में नहाने गये हुए थे। इसी दौरान चारों बच्चे गहरे पानी में डूब गये। एसडीआरएफ की टीम लापता बच्चों की तलाश में जुटी थी । एसडीआरएफ ने मंगलवार को काफी मशक्कत के बाद चारों बच्चों के शव को बरामद कर लिया। बच्चों का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों में 12 साल का गोलू कुमार, 9 साल का कर्ण कुमार दोनों सगे भाई थे। वहीं दो अन्य शव 11 साल की अंशु कुमारी और 10 साल की अन्नू कुमारी का है। ये दोनों भी सगी बहन थीं। चारों बच्चे चचेरे भाई बहन थे। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। गौरतलब है कि सोमवार को चारों बच्चे अपने घर से स्कूल जाने के लिए एक साथ निकले थे। लेकिन स्कूल पहुंचने से पहले रास्ते में भरे पानी के गड्ढे में नहाने लगे। इसी दौरान चारों गहरे पानी में डूब गये। कल सभी बच्चों का कपड़े गड्ढे के किनारे पड़े मिले थे। इसके बाद इन बच्चों की वहां पर काफी खोजबीन की गई। लेकिन कल किसी का कुछ पता नहीं मिल पाया था। लेकिन आज चारों बच्चों का शव एसडीआरएफ ने बरामद कर लिया है।

## मैनचेस्टर टेस्ट की प्लेइंग-11 में 2 बदलाव करेगी टीम इंडिया


# रेड्डी व आकाशदीप इंजर्ड, कम्बोज कर सकते हैं डेब्यू, शार्दूल की वापसी संभव

नई दिल्ली। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की प्लेइंग-11 में टीम इंडिया कम से कम 2 बदलाव तो जरूर करेगी। लॉर्ड्स टेस्ट खेलने वाले आकाशदीप और नीतीश कुमार रेड्डी इंजर्ड हो गए हैं। ऐसे में दोनों प्लेइंग-11 से बाहर होंगे। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दूल ठाकुर और अंशुल कम्बोज में से किन्हीं 2 प्लेयर्स को मौका मिल सकता है। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में चौथा टेस्ट 23 जुलाई को दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड ने पहला और तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारत ने दूसरा मुकाबला जीता था।





### टॉप ऑर्डर में करुण नायर की जगह तय नहीं

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ही चौथे टेस्ट में भी ओपनिंग करते नजर आएंगे। राहुल सीरीज में 2 सेंचुरी लगा चुके हैं, उन्होंने लॉर्ड्स में भी शतक लगाया था। वहीं यशस्वी के नाम भी सीरीज में एक सेंचुरी है। हालांकि, नंबर-3 पोजिशन पर खेलने वाले करुण नायर बाहर हो सकते हैं। नायर सीरीज की 6 पारियों में एक फिफ्टी तक नहीं लगा सके। उनका बेस्ट स्कोर 40 रन है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को फैसला लेना है कि उन्हें एक और मौका दिया जाए या नहीं। अगर करुण को बाहर किया गया तो साई सुदर्शन या ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। सुदर्शन ने पहला टेस्ट खेला था, लेकिन बाकी 2 मुकाबलों में उन्हें बाहर बैठाया गया।




### मिडिल ऑर्डर में जुरेल की वापसी संभव

ऋषभ पंत लॉर्ड्स टेस्ट में विकेटकीपिंग करने के दौरान इंजर्ड हो गए थे। ऐसे में वे चौथे टेस्ट में विकेटकीपर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। कप्तान शुभमन गिल नंबर-4 और पंत नंबर-5 पर बैटिंग करते हैं। नंबर-6 पोजिशन पर पिछले मुकाबले में रवींद्र जडेजा को मौका मिला था। हालांकि, पंत अगर विकेटकीपिंग नहीं कर सके तो ध्रुव जुरेल को बतौर विकेटकीपर प्लेइंग-11 में मौका देना पड़ सकता है। अगर उन्हें खिलाया गया तो नायर को बाहर बैठाया जा सकता है। इस कंडीशन में नंबर-3 पर वॉशिंगटन सुंदर या जुरेल में से किसी एक को मौका मिलेगा।




### नीतीश कुमार रेड्डी की जगह कौन खेलेगा?

नीतीश कुमार रेड्डी ने लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी बॉलिंग से प्रभावित किया था। उनकी ऑलराउंड स्किल को देखते हुए उन्हें चौथे टेस्ट में भी मौका जरूर मिलता। हालांकि, वे घुटने में इंजरी के कारण बाहर हो गए। उनकी जगह अब ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर या स्पिनर कुलदीप यादव में से किसी एक को मौका मिल सकता है। शार्दूल ने सीरीज का पहला मुकाबला खेला था, वहीं कुलदीप अब तक एक भी मैच नहीं खेल सके। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के रूप में टीम के पास 2 ऑलराउंडर पहले से हैं। जडेजा सीरीज में लगातार 4 फिफ्टी लगा चुके हैं। वहीं सुंदर ने पिछले टेस्ट की दूसरी पारी में 4 विकेट लेकर इंग्लैंड को 200 रन के अंदर समेट दिया था।




### आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध या कम्बोज

सीरीज के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले आकाशदीप तीसरे टेस्ट के दौरान ही इंजरी से जूझ रहे थे। प्रैक्टिस के दौरान उनकी चोट बढ़ गई, जिस कारण वे सीरीज से लगभग बाहर हो गए। उनकी जगह अब टीम में प्रसिद्ध कृष्णा या अंशुल कम्बोज को मौका मिल सकता है। प्रसिद्ध ने सीरीज में 2 टेस्ट खेले, वहीं कम्बोज अब तक डेब्यू नहीं कर सके। आकाशदीप की जगह जिस भी खिलाड़ी को मौका मिलेगा, उसे बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह का साथ मिलेगा। सिराज ने सीरीज के तीनों टेस्ट खेले, वहीं बुमराह अगर चौथा मुकाबला खेले तो यह सीरीज में उनका तीसरा टेस्ट होगा।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन के साथ 5 साल का अनुबंध किया

लंदन (आईएएनएस)



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन म्ब्यूमो के साथ जून 2030 तक के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 65 मिलियन पाउंड (करीब 88 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में हुआ, जिसमें एक साल के विस्तार का विकल्प भी शामिल है। कैमरून के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी म्ब्यूमो इस समर ट्रांसफर विंडो में यूनाइटेड की ओर से साइन किए गए तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को टीम में शामिल किया था। म्ब्यूमो ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, "जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है, मैंने अपने सपनों के क्लब के में शामिल होने का फैसला किया।

मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था। उन्होंने आगे कहा, "मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं। सभी ने मुझे यहां बन रहे माहौल और भविष्य के लिए रोमांचक योजनाओं के बारे में बताया। यह शानदार स्टेडियम और जबरदस्त फैंस के साथ एक बड़ा क्लब है। हम सभी सबसे बड़े खिताबों के लिए चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। म्ब्यूमो गुरुवार से शुरू हो रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड के अमेरिका दौरे का हिस्सा हो सकते हैं, जो प्री-सीजन के तहत आयोजित किया जा रहा है।

> *मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं।*

**रवि शास्त्री को यकीन**

## सही मायने में ऑलराउंडर साबित हो सकते हैं वाशिंगटन सुंदर

नई दिल्ली (आईएएनएस)



भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तीसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के बाद वाशिंगटन सुंदर का समर्थन किया है। उन्होंने इस युवा खिलाड़ी की हरफनमौला क्षमताओं को सराहा है। शास्त्री के अनुसार सुंदर सही मायने में ऑलराउंडर बनने की क्षमता रखते हैं। वाशिंगटन सुंदर ने साल 2021 में गाबा में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद उन्हें टेस्ट फॉर्मेट में सीमित मौके मिले। उस समय रवि शास्त्री टीम इंडिया के हेड कोच थे। सुंदर ने अब तक केवल 11 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 30 विकेट लेने के अलावा चार अर्धशतकों के साथ 545 रन बनाए। सुंदर इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में अब तक अपनी चार पारियों में 42, 12*, 23 और 0 रन बनाने के अलावा 5 विकेट भी ले चुके हैं। रवि शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, "मुझे हमेशा से वाशिंगटन पसंद रहे हैं। मैंने जब सुंदर को पहली बार देखा, तो कहा कि वह कमाल के खिलाड़ी हैं। वह कई सालों तक भारत के लिए सही मायने में ऑलराउंडर बन सकते हैं। साल 2024 में वाशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चार पारियों में 16 विकेट अपने नाम किए थे। वह सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से नंबर-1 गेंदबाज थे। शास्त्री ने इस सीरीज को याद करते हुए कहा, "सुंदर अभी सिर्फ 25 साल के हैं।

## वो इकलौता बल्लेबाज, जिसके नाम मैनचेस्टर में तिहरा शतक

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मैच खेला जाना है। टेस्ट इतिहास में बॉब सिंपसन ही इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनके नाम इस मैदान पर तिहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। आइए, इस मुकाबले में बारे में विस्तार से जानते हैं। 23-28 जुलाई 1964 को यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिंपसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बॉब सिंपसन, बिल लॉरी के साथ ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने मैदान पर उतरे। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 201 रन की साझेदारी की। बिल लॉरी 313 गेंदों में 106 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, सिंपसन दूसरे छोर पर खूंटा जमाए रहे। बॉब सिंपसन ने ब्रायन बूथ (98) के साथ पांचवें विकेट के लिए 219 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 600 के पार पहुंचा दिया। सिंपसन ने 743 गेंदों का सामना करते हुए 311 रन की पारी खेली।





## वीनस विलियम्स ने 16 महीने के अंतराल के बाद जीता पहला पेशेवर मैच

वॉशिंगटन (आईएएनएस)

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद अपना पहला पेशेवर टेनिस मैच जीत लिया है। विलियम्स ने हैली बैप्टिस्ट के साथ जोड़ी बनाते हुए 'डीसी ओपन' के पहले दौर में डबल्स वाइल्ड कार्ड जोड़ी यूजिनी बूचार्ड और क्लरवी नगुनुए को शिकस्त दी। यह एक बड़ा उलटफेर था। 3-1 से पिछड़ने और ब्रेक प्वाइंट का सामना करने के बाद, वीनस और बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए आखिरी 12 में से 11 गेम जीते। साल 2022 में पहले दौर में हार के बाद, यह डीसी टूर्नामेंट में वीनस की दूसरी उपस्थिति है। 45 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर-1 वीनस विलियम्स ने इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। उन्होंने मार्च 2024 के मियामी ओपन के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। उनकी पिछली जीत अगस्त 2023 में 'सिनसिनाटी ओपन' में आई थी।

वीनस ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा, "कोर्ट पर वापसी प्रेरणादायक थी। मुझे अब भी यह खेल बेहद पसंद है। मैं अब भी दमदार शॉट्स लगा रही हूं। मुझे पहले ही प्वाइंट से लग गया था कि हम एक अच्छी टीम हैं। हमें वर्षों पहले ही यह जोड़ी बना लेनी चाहिए थी। वर्तमान में वीनस की कोई आधिकारिक रैंकिंग नहीं है। उन्होंने अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ मिलकर महिला डबल्स में 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

**दिल्ली प्रीमियर लीग**

## 2 अगस्त से पुरुषों के मुकाबले, 17 अगस्त से मैदान पर उतरेंगी महिलाएं

नई दिल्ली (आईएएनएस)

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन में पुरुषों का टूर्नामेंट 2 अगस्त से शुरू होगा, जबकि महिलाओं का टूर्नामेंट 17 अगस्त से खेला जाएगा। डीपीएल के दूसरे सीजन में आठ पुरुष और चार महिला टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं।

इस टूर्नामेंट की शुरुआत उद्घाटन समारोह के साथ होगी। इसके बाद पुरुषों का पहला मैच खेला जाएगा। फाइनल 31 अगस्त को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित होगा। खराब मौसम या अप्रत्याशित परिस्थितियों की स्थिति में, पुरुषों के फाइनल के लिए 1 सितंबर को एक 'रिजर्व-डे' के तौर पर रखा गया है। दिल्ली प्रीमियर लीग (पुरुष) ने अपनी आठ टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा है। ग्रुप-ए में आउटर दिल्ली वॉरियर्स, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, न्यू दिल्ली टाइगर्स और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स शामिल हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## एआई और टेक्नोलॉजी के बाद भी वर्कफोर्स की जरूरत हमेशा बनी रहेगी : मनसुख

नई दिल्ली (आईएएनएस)



केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को मानवीय कौशल और तकनीकी क्षमताओं के बीच पूरक संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई और टेक्नोलॉजी के उद्भव के बाद भी वर्कफोर्स या मानवशक्ति की आवश्यकता हमेशा बनी रहेगी, क्योंकि टेक्नोलॉजी का संचालन केवल मनुष्यों द्वारा ही किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने नई दिल्ली में आयोजित तीसरे ग्लोबल इंडस्ट्रियल रिलेशन्स समिट में कहा कि उद्योगों को समय के साथ बदलाव लाने और नए विकास को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार आर्थिक विकास के साथ-साथ नए रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपना रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर लिखा, "तीसरे ग्लोबल इंडस्ट्रियल रिलेशन्स समिट का उद्घाटन किया, जो 'काम के भविष्य को आकार देना' विषय पर एक सामयिक संवाद था। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि समिट में एक मजबूत त्रिपक्षीय संस्कृति को बढ़ावा देने के बारे में बात की, जहां सरकार, नियोक्ता और कर्मचारी मिलकर एक न्यायसंगत, समावेशी और फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स के लिए समाधान तैयार करें। केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट में कहा कि भारत एक ऐसे वर्कफोर्स का निर्माण कर रहा है जो कुशल, संरक्षित और उत्पादक है। उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं की सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी, जनशक्ति या वर्कफोर्स का स्थान नहीं ले सकतीं। टेक्नोलॉजी या एआई के कारण वर्कफोर्स या नौकरियों को कोई खतरा नहीं है। नई रोजगार-आधारित प्रोत्साहन योजना पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने नए रोजगार सुनिश्चित करने के लिए यह योजना शुरू की है। उन्होंने आगे कहा, "यह एक दीर्घकालिक योजना है और भारत को वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए अपने स्वयं के मानक स्थापित करने होंगे। इस महीने की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष जोर देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दी थी।

**एआई और टेक्नोलॉजी से नौकरियों को नहीं है खतरा**

- केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि तकनीक या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से वर्कफोर्स को कोई खतरा नहीं है।
- तकनीक रोजगार खत्म नहीं करती, बल्कि नए अवसर खोलती है।

**नई रोजगार-प्रोत्साहन योजना की शुरुआत**

- सरकार ने रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए नई योजना शुरू की।
- यह योजना रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगी।

## सेंसेक्स सपाट बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप में हुई बिकवाली

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र उतार-चढ़ाव वाला रहा। लार्जकैप करीब सपाट बंद हुए, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 13.53 अंक या 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,186.81 और निफ्टी 29.90 अंक या 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,060.90 पर था। मिडकैप और स्मॉलकैप में बड़ी बिकवाली हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 364.95 अंक या 0.61 प्रतिशत की बिकवाली के साथ 59,103.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 64.95 अंक या 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,893.35 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा,एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। फाइनेंशियल सर्विसेज और कंजम्पशन इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), टाइटन, बीईएल, मारुति सुजुकी, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। टाटा मोटर्स, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे।

## बीते 4 वित्त वर्ष में देश में मोबाइल प्रोडक्शन 146 प्रतिशत बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपए हुआ : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आईएएनएस)



भारत में मोबाइल प्रोडक्शन वित्त वर्ष 2020-21 के 2,13,773 करोड़ रुपए से लगभग 146 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 5,25,000 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई। इसी अवधि के दौरान, मोबाइल फोन का निर्यात लगभग 775 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 2,00,000 करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो कि वित्त वर्ष 2020-21 में 22,870 करोड़ रुपए था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) और राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा जैसी योजनाओं ने घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित किया है, जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई है। साथ ही रोजगार सृजन और निर्यात में भी इजाफा देखने को मिला है। पीएलआई योजना ने प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों को अपना उत्पादन अन्य देशों से भारत में शिफ्ट करने के लिए आकर्षित किया है। इसके परिणामस्वरूप, भारत एक प्रमुख मोबाइल फोन निर्माता देश बन गया है। पीएलआई योजना के कारण, फार्मा क्षेत्र में कच्चे माल के आयात में भी बड़ी कमी आई है। पेनिसिलिन-जी सहित यूनिक इंटरमीडिएट मटेरियल और थोक दवाओं का निर्माण भारत में किया जा रहा है और चिकित्सा उपकरणों (सीटी स्कैन, एमआरआई आदि) के निर्माण में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हुआ है।

## पिछले तीन वर्षों में भारत का सूती वस्त्र निर्यात 35.6 अरब डॉलर रहा : गिरिराज सिंह

नई दिल्ली (आईएएनएस)

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को संसद को बताया कि पिछले तीन वर्षों में भारत का सूती वस्त्रों का कुल निर्यात 35.642 अरब डॉलर को पार कर गया है, जिसमें सूती धागा, सूती कपड़े, मेड-अप, अन्य कपड़ा धागा, फैब्रिक मेड-अप और कच्चा कपास शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विजन 2030 के अनुरूप कपास की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए, वित्त मंत्री ने 2025-26 के बजट में पांच वर्षीय 'कपास उत्पादकता मिशन' की घोषणा की थी। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) इस मिशन के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग है।

## मनरेगा में लापरवाही पर लोकपाल की सख्ती एक करोड़ से अधिक जुर्माना अब तक बकाया

● पलामू के 21 प्रखंडों में 2022 से लंबित जुर्माने की वसूली पर लोकपाल ने जताई चिंता, पाटन प्रखंड में सबसे ज्यादा मामले

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के क्रियान्वयन में लापरवाही को लेकर मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया जा चुका है, लेकिन 2022 से यह राशि वसूली के लिए लंबित पड़ी है। यह जुर्माना जिले के 21 प्रखंडों में मनरेगा योजनाओं में अनियमितताओं और कार्य में लापरवाही के मामलों में लगाया गया है। लोकपाल के अनुसार, जांच में पाए गए मामलों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), बीपीओ (ब्लॉक कार्यक्रम पदाधिकारी), कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों पर जुर्माना तय किया गया है। यह जुर्माना मनरेगा अधिनियम के तहत नियमों के उल्लंघन पर लगाया गया है, जिसकी न्यूनतम राशि 1000 रुपये निर्धारित है। सबसे गंभीर स्थिति पाटन प्रखंड में सामने आई है, जहां लगभग 200 मामलों में जुर्माना लगाया गया है। इन मामलों को देखते हुए 7 जुलाई 2025 को पलामू के उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश दिया गया है कि वर्ष 2022-23 से लंबित जुर्माना वसूली कार्य में तेजी लाएं। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि जुर्माना वसूली प्रखंड स्तर से ही की जानी है। लोकपाल शंकर कुमार ने बताया कि वसूली योग्य राशि डीसी के पास भेजी जाती है और इसके आधार पर कार्रवाई की जाती है। उनका कहना है कि मनरेगा में गड़बड़ी पकड़ में आने पर कार्यान्वयन समिति पर नियमित कार्रवाई होती रही है, लेकिन जुर्माने की वसूली में प्रशासनिक उदासीनता सामने आ रही है। यह स्थिति जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सरकारी कर्मियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है।

## श्रम विभाग व नियोजनालय की योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

● बाल श्रम के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और ई-श्रम पंजीकरण में तेजी के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित अद्यतन कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में उपायुक्त ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिससे उन्हें सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुलभ हो सके। पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई।

बाल श्रम के मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों से श्रम नहीं कराया जाए। चिन्हित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और बाल श्रमिकों के बैंक खाते अनिवार्य रूप से खोले जाएं। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित परिवारों को योजनाओं से जोड़ना आवश्यक है ताकि बच्चे शिक्षा से जुड़ सकें।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के प्रशिक्षण अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अगस्त माह तक सभी रिक्त सीटों को भरने की प्रक्रिया पूरी की जाए, जिससे अगले सत्र में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन संभव हो। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने रोजगार मेले, कैरियर काउंसलिंग व भर्ती कैंप की जानकारी दी। उपायुक्त ने सभी बिंदुओं की अद्यतन रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और कहा कि युवाओं के कौशल विकास व प्लेसमेंट को लेकर पारदर्शिता के साथ कार्य हो। उन्होंने कंपनियों से समन्वय कर प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने पर भी बल दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज़ अहमद, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सभी आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य व अधिकारीगण मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### हरियाली तीज 27 को, महिलाएं करेंगी अखंड सौभाग्य की कामना

**लातेहार।** इस वर्ष हरियाली तीज का व्रत शुभ रवि योग में 27 जुलाई को रखा जाएगा। मनोकामना सिद्ध मंदिर के पुजारी त्रिभुवन पांडेय के अनुसार, यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है। इस दिन महिलाएं हरे वस्त्र, चूड़ियां और सोलह श्रृंगार के साथ शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन मघा नक्षत्र और रवि योग का विशेष संयोग है, जिससे व्रत का पुण्यफल कई गुना बढ़ जाता है। व्रत करने से अखंड सौभाग्य, संतान सुख और परिवार की उन्नति होती है। व्रति महिलाएं शिव को बेलपत्र चढ़ाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

### धान रोपाई के दौरान वज्रपात से महिला की मौत

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे जोरदार बारिश के बीच किसुनपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से सियानी उर्फ मधवापुर की 45 वर्षीय बिलासो देवी पति महादेव महतो की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, महिला अपने खेत में धान की रोपाई कर रही थी, तभी अचानक वज्रपात होने से वह झुलस गई। प्रत्यक्षदर्शी योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि वज्रपात उनकी आंखों के सामने खेत से कुछ दूरी पर हुआ, जिससे वे खुद भी गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तत्काल महिला को गंभीर हालत में खेत से उठाकर अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। महिला के गले पर गहरा काला निशान दिखाई दिया है। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। मृतका के परिजनों के करुण क्रंदन से हर आंख नम हो गई है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी चल रही है।

### कांवरियों का जत्था बाबा नगरी के लिए रवाना



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड से बोलबम के जयकारों के बीच कांवरियों का एक जत्था बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ। जत्था दुर्गा मंदिर और शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर बोधगया, राजगीर और सुल्तानगंज होते हुए पैदल देवघर पहुंचेगा। इसके बाद बासुकीनाथ और तपोवन पहाड़ के भी दर्शन करेंगे। जत्थे में डीलर संघ अध्यक्ष रोहित कुमार मंगल, दीपक, सुमंत, शौभिक सहित अन्य कांवरिये शामिल हैं।

### कुख्यात अपराधी के घर बारियातू पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बारियातू।** थाना कांड संख्या 71/24 में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी आदेश गंझू के विरुद्ध बारियातू पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार की तामिला की। एसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी के घर और सार्वजनिक स्थानों पर इश्तेहार चस्पा किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज है। पुलिस ने परिजनों को आरोपी को एक माह के भीतर कोर्ट में आत्मसमर्पण कराने का निर्देश दिया है।

## ट्रैफिक पुलिस व जरूरतमंदों के बीच लायंस क्लब ने बांटे छाते



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ डाल्टनगंज की ओर से शहर के चौक-चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते हुए 45 छाते वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य उन पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करना था, जो धूप, बारिश या सर्दी—हर मौसम में अपनी ड्यूटी निभाते हैं। इसके अलावा, क्लब द्वारा 100 छाते जरूरतमंदों के बीच भी वितरित किए गए। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश कुमार, सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, सहसचिव राकेश पांडेय सहित लायन समीर खन्ना, लायन नवीन गुप्ता, लायन आलोक माथुर, लायन रितेश कुमार, लायन ध्रुव अग्रवाल, लायन डॉ. विनीत सिंह, लायन संजय पाठक और लायन अमित आनंद उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 11 लाभुकों को बांटी गईं 55 बकरियां

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जिले के 11 चयनित लाभुकों के बीच मंगलवार को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में बकरियों का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को चार बकरियां और एक बकरा प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 55 बकरियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी प्रभाकर सिन्हा ने खुद बकरियां सौंपते हुए लाभुकों को योजना की उपयोगिता और देखभाल के प्रति जागरूक किया। पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस योजना के तहत प्रति लाभुक 24,800 की लागत निर्धारित है। इसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभुकों को 90 प्रतिशत तथा अन्य वर्ग के लाभुकों को 75 प्रतिशत तक अनुदान की सुविधा दी जाती है।

## उपायुक्त ने फसल बीमा जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

● 31 जुलाई तक किसान एक रुपये टोकन मनी में करा सकते हैं पंजीकरण

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को बीमा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

किसान केवल एक रुपये टोकन मनी देकर फसल बीमा का लाभ ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है, जिसे प्रज्ञा केंद्र या स्वयं ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। खरीफ मौसम 2025 में अधिसूचित फसलें मक्का और धान हैं। मक्का के लिए 59,934.10 व धान के लिए 75,631.13 प्रति हेक्टेयर क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित है।

पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेज में आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व प्रमाण, बुआई प्रमाण पत्र व मोबाइल नंबर जरूरी है।

योजना की अधिक जानकारी के लिए किसान प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, या हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, नाबार्ड, सीएससी के जिला प्रबंधक और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खेत में काम कर रहे किसान की वज्रपात से मौत

**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के शेरेगड़ा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से 24 वर्षीय किसान उपेंद्र उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त वह खेत में काम कर रहा था। बेहोशी की अवस्था में उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक के परिजन को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही लोगों को वज्रपात से बचाव हेतु सतर्क रहने की सलाह भी दी।

## राजनीति में धर्म की भूमिका पर ऑक्सफोर्ड स्कूल में गरमा-गरम बहस, छात्रों ने रखे पक्ष-विपक्ष के सशक्त तर्क

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर में कक्षा एकादश (कला संकाय) के विद्यार्थियों द्वारा एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था – "राजनीति में धार्मिक मान्यताओं को शामिल करना लोकतंत्र के लिए खतरा है।" कार्यक्रम विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष और विपक्ष में सशक्त तर्क प्रस्तुत किए। पक्ष में दिए गए तर्कों में छात्रों ने कहा कि धर्म और राजनीति का मिश्रण लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। धर्म को वरीयता देने से समाज रुढ़िवादी परंपराओं की ओर लौट सकता है। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र अधिक विकसित होते हैं और मानवाधिकारों की बेहतर सुरक्षा करते हैं। लोकतंत्र का आधार विवेक, न्याय और सार्वभौमिकता है, न कि धार्मिक मान्यताएं। विपक्ष में छात्रों ने तर्क दिया कि धार्मिक आस्था जीवन का अभिन्न हिस्सा है। लोगों के दैनिक व्यवहार और सोच में धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण है। धार्मिकता लोकतंत्र को नैतिक आधार देती है और इससे लोगों में कर्तव्यबोध और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होती है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में शिक्षक गौरव कुमार और सचिन संथालिया उपस्थित थे।

## कारगिल विजय दिवस पर आयोजित होगा श्रद्धांजलि समारोह

**मेदिनीनगर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई को पलामू जिले में श्रद्धांजलि कार्यक्रम और भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह की शुरुआत शनिवार को सुबह 10:00 बजे शहीद चौक (कचहरी चौक) में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं माल्यार्पण के साथ की जाएगी। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में आयोजित होगा, जिसकी औपचारिक शुरुआत पूर्वाह्न 11:00 बजे उपायुक्त महोदया द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आम नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## भारतीय खेल पुरस्कार चयन समिति के उपाध्यक्ष बने डॉ. बोध नारायण यादव

● राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी ने दी बधाई, जैकी श्रॉफ के साथ चलानी किला प्रतियोगिता में होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय खेल पुरस्कार चयन समिति में झारखंड के गौरव, मार्शल आर्ट्स के दिग्गज और योगाचार्य डॉ. बोध नारायण यादव को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह चयन 19 जुलाई 2025 (शनिवार) को हुआ। उनके चयन पर पलामू जिले के खेलप्रेमियों और योग समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है।

डॉ. बोध नारायण यादव "महागुरु" उपाधि से सम्मानित हैं, साथ ही उन्हें "महर्षि पतंजलि योग रत्न" और "प्राकृतिक चिकित्सा शिरोमणि जैसे प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं। वह प्रसिद्ध योग गुरु बाबा रामदेव के भतीजे हैं और फिल्म स्टार जैकी श्रॉफ के कोरियोग्राफर भी हैं।

उन्होंने इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. सुषिल कुमार (पर्यवेक्षक, खेल और युवा मामले मंत्रालय, भारत सरकार), पी.टी. ऊषा (अध्यक्ष, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन), सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायधीशों, हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, प्रशासनिक अधिकारियों और समिति के अन्य सदस्यों को आभार प्रकट किया।

उन्होंने संकल्प लिया कि आगामी दिनों में भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने और देश को खेलों के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाने का कार्य करेंगे।

समिति के अध्यक्ष डॉ. सुषिल कुमार ने चयन पत्र, परिचय पत्र और उपहार प्रदान कर डॉ. यादव को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता और योग-मार्शल आर्ट्स में उनका योगदान सराहनीय है। अगस्त महीने में बाल दिवस के अवसर पर भारतीय खेल पुरस्कार चयन समिति देशभर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर एक नई सौगात देने जा रही है।

## वज्रपात से मवेशी की मौत, व्यक्ति झुलसा

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत केकतुआ गांव में मंगलवार को हुए दो अलग-अलग वज्रपात की घटनाओं ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी। पहली घटना दिन के करीब 11:45 बजे की है, जब खुले आसमान में तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ। इस दौरान घर के बाहर बैठे एक व्यक्ति को बिजली का हल्का झटका लगा और वह आंशिक रूप से झुलस गया। हालांकि, आधे घंटे बाद व्यक्ति की स्थिति सामान्य हो गई। इसके बाद दोपहर लगभग 12:30 बजे दूसरा वज्रपात हुआ, जो न्यू प्राथमिक विद्यालय केकतुआ के समीप एक सागवान के पेड़ पर गिरा। उस समय विद्यालय में रसोईया के रूप में कार्यरत शकुंतला कुंवर अपने घर के पास ही मौजूद थीं।

## नौ अगस्त तक नहीं मिला वन पट्टा तो होगा जन आंदोलन : कन्हाई सिंह

**लातेहार (बरवाडीह)।** वन अधिकार कानून 2006 के तहत लंबित सामुदायिक और व्यक्तिगत दावों को लेकर लातेहार के कल्याण विभाग परिसर में मंगलवार को एक जन सुनवाई आयोजित की गई। आयोजन संयुक्त ग्राम सभा मंच और ग्राम स्वशासन अभियान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें लातेहार और गढ़वा जिलों के हजारों आदिवासी व ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में जेम्स हेरेंज ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि बरवाडीह प्रखंड के 22 गांवों से 16,050.5 एकड़ भूमि के दावे किए गए थे, परंतु मात्र 2.7 एकड़ भूमि ही स्वीकृत हुई है—यानी 99.99% दावों को खारिज कर दिया गया।

## पेज एक के शेष

### लैंडिंग के दौरान...

घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर फायर ब्रिगेड की टीम सक्रिय हो गई और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। यात्रियों को धीरे-धीरे विमान से बाहर निकाला गया। हालांकि विमान को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इस घटना ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था और रनवे की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के कारण रनवे गीला था, जिसकी वजह से विमान का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा होते-होते टल गया। घटना के बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की टीम ने एयरपोर्ट पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब सोनारी एयरपोर्ट पर लैंडिंग को लेकर परेशानी सामने आई हो। पूर्व में भी यात्रियों ने रनवे की स्थिति और एयरपोर्ट सुविधाओं को लेकर शिकायतें की हैं। हादसे के बाद कई यात्रियों ने कहा कि अचानक आए झटके से उन्हें अपनी जान जाने का डर सताने लगा था।

### सरायकेला-खरसावां में...

संयुक्त अभियान दल द्वारा अग्रतर सर्च अभियान के दौरान ग्राम नीमडीह के समीप पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व में डंप किए गए 1.5 किलोग्राम के 12 पीस केन आईईडी बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट कर दिया गया।

### ईडी इजहार और...

ईडी ने इसके लिए पीएमएलए कोर्ट से अनुमति मांगी थी। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों से पूछताछ के लिए ईडी को अनुमति प्रदान की है। सीआईडी ने बोकारो के सेक्टर-12 थाने में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर जांच शुरू की है। ईडी ने भी इसी मूल एफआईआर को टेकओवर किया है। गत 12 जुलाई को सीआईडी ने इस भूमि की खरीद-बिक्री में शामिल इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को गिरफ्तार किया था।

### भारतीय जवानों के...

भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तानी वायु सीमा में प्रवेश किए बगैर अपने क्षेत्र में रहकर ही पाकिस्तानी धरती पर मौजूद आतंकी अड्डों को नष्ट किया और इसके लिए दूर से ही दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया। भारतीय सैनिकों ने अपनी बहादुरी, वीरता और अदम्य सूझबूझ का परिचय दिया, जिससे पाकिस्तान को संभलने का मौका ही नहीं मिला। उसके आतंकवादी ठिकानों व आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया। इस कार्रवाई से भारत ने न केवल अपनी मारक क्षमता साबित की, बल्कि अपनी अभेद्य बचाव प्रणाली का भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीय सेना और भारत के प्रत्येक वीर जवान को इस शौर्य और पराक्रम के लिए मेरा सैल्यूट है।

### कड़िया मुंडा की...

लेकिन चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। कड़िया मुंडा का इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय मिश्रा की देखरेख में चल रहा है। डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन दो दिनों तक अस्पताल में रखकर सभी आवश्यक जांच की जाएगी। चिकित्सकों का कहना है कि कड़िया मुंडा को फिलहाल विशेष देखरेख की जरूरत है।

**उद्घाटन** शिवाजी मैदान में डिज़नीलैंड मेले का भव्य आगाज़

## झूले, रोशनी और रंग-बिरंगी सजावट से सजा मैदान; बच्चों से लेकर बड़ों तक में उत्साह

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाजी मैदान में सोमवार को डिज़नीलैंड मेले का रंगारंग उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जेएमएम के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, समाजसेवी दुर्गा जौहरी, व्यापारी नेता नवीन गुप्ता 'लालबाबू', ट्विंकल गुप्ता एवं सन्नु सिद्दीकी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

डिज़नीलैंड थीम पर आधारित इस मेले में बच्चों के लिए आकर्षक झूले, ट्रम्पोलिन, ट्रेन राइड, ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस, बोटिंग समेत कई मनोरंजन साधनों की व्यवस्था की गई है। वहीं, फूड स्टॉल्स पर चाट, आइसक्रीम, फ्रेंकी, पॉपकॉर्न, मोमोज, और स्थानीय व्यंजनों की खुशबू से पूरा माहौल जीवंत हो उठा।

मेला आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन शहरवासियों को मनोरंजन और मेल-मिलाप का अवसर देने के उद्देश्य से किया गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए विभिन्न गतिविधियों और शॉपिंग स्टॉल्स की व्यवस्था की गई है।

उद्घाटन समारोह के दौरान जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि ऐसे मेले सिर्फ मनोरंजन नहीं होते, बल्कि सामाजिक एकता, स्थानीय कारोबार को बढ़ावा और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का माध्यम भी होते हैं।

उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेदिनीनगर जैसे शांत शहर में इस तरह के मेले युवाओं और बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।

### मेला समिति की सक्रिय भूमिका

मेला समिति के पवन गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, कल्लू कुमार और सूरज अग्रवाल समेत अन्य कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रबंधन की भी प्रशंसा की गई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा, साफ-सफाई और भीड़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक इंतज़ाम किए गए हैं।

## हूती विद्रोहियों ने इजरायल में कई ठिकानों पर ड्रोन हमलों का दावा किया



**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूती विद्रोही संगठन ने इजरायल पर ड्रोन हमले का दावा किया है। हूती की ओर से कहा गया है कि उसने इजरायल में "सैन्य और महत्वपूर्ण" ठिकानों को निशाना बनाते हुए पांच ड्रोन हमले किए। हालांकि, इन हमलों में इजरायल की ओर से किसी बड़े नुकसान की जानकारी नहीं दी गई है। हूती-नियंत्रित अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, एक बयान में संगठन के प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें बेन गुरियन एयरपोर्ट, तेल अवीव में एक "सैन्य ठिकाना", इलात बंदरगाह, रेमन एयरपोर्ट और अशदोद क्षेत्र में एक "महत्वपूर्ण ठिकाना" शामिल हैं। हूती संगठन ने इसे सफल ऑपरेशन बताया है। याह्या सारी ने कहा कि यह हमला गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और सोमवार को यमन के होदेइदाह बंदरगाह पर इजरायली हवाई हमलों की प्रतिक्रिया में किया गया।

## पाकिस्तान में बाढ़ का कहर, बहे आठ वाहन, चार पर्यटकों की मौत, 15 लापता



**कराची (आईएएनएस)।** सोमवार को गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) के डायमर जिले में मूसलधार बारिश के बाद आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। बाबूसर इलाके में चार पर्यटकों के मारे जाने की खबर है। दो लोग घायल हैं, जबकि 15 लोग लापता हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान में जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव देखे जा रहे हैं, जहां बादल फटने से आई बाढ़ ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फाराक ने बताया कि थाक क्षेत्र में बाढ़ के कारण आठ टूरिस्ट व्हीकल बह गए। फैजुल्लाह फाराक ने करीब 15 पर्यटकों के लापता होने की पुष्टि की है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के चार मछुआरों को गिरफ्तार किया



**चेन्नई (आईएएनएस)।** श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के रामेश्वरम से चार भारतीय मछुआरों को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया। इन मछुआरों को मंगलवार तड़के गिरफ्तार किया गया। उस समय मछुआरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए मोटर चालित नावों के साथ समुद्र में उतरे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, मछुआरे रामेश्वरम फिशिंग हार्बर से समुद्र में उतरे थे। जब श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें रोका, उस वक्त वह समुद्र के बीच मछलियां पकड़ रहे थे। नौसेना ने उन पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने और श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया है। श्रीलंकाई नौसेना ने चारों मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ उनकी नाव को भी जब्त कर लिया।

### ट्रंप के चहेते सीनेटर लिंडसे ग्राहम की धमकी-

# रूस से तेल खरीदने वाले भारत, चीन ब्राजील पर लगेगा 100 प्रतिशत टैक्स

### रूस को कहा, एक बड़ी गलती की है, आपकी अर्थव्यवस्था लगातार चरमराती रहेगी

### पुतिन पर सोवियत संघ को पुनर्जीवित करने का आरोप



- ग्राहम ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर संप्रभु देशों पर आक्रमण करने का आरोप लगाया।
- उन्होंने कहा कि यह सोवियत संघ को फिर से स्थापित करने की कोशिश है।

**यूक्रेन के परमाणु निरस्त्रीकरण का उल्लंघन**

- 1990 के दशक में रूस ने यूक्रेन को सुरक्षा आश्वासन के बदले परमाणु हथियार छोड़ने को कहा था।
- ग्राहम ने कहा कि रूस ने उस समझौते का उल्लंघन किया।

**अमेरिका की चेतावनी: अर्थव्यवस्था को तबाह कर देंगे**

- ग्राहम ने धमकी दी कि अगर ये देश सस्ता रूसी तेल खरीदते रहे तो अमेरिका उन्हें तबाह कर देगा।
- उन्होंने कहा कि भारत, चीन और ब्राजील को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन रूस से तेल आयात करने वाले ब्रिक्स देशों - भारत, चीन व ब्राजील पर 100% दंडात्मक शुल्क लगाएगा। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में में यह चेतावनी ट्रंप के अति चहेते अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दी है।ग्राहम ने कहा, 'ट्रंप रूसी ऑयल खरीदने वाले देशों (चीन, भारत और ब्राजील) पर शुल्क लगाने जा रहे हैं।' उन्होंने इन देशों पर मास्को के साथ कारोबार जारी रखकर यूक्रेन में युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देने का आरोप लगाया। ये तीनों देश मिलकर रूस के क्रूड ऑयल के निर्यात का लगभग 80% हिस्सा हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मिलने वाली वित्तीय सहायता रोकने के लिए इन देशों से ऑयल से संबंधित सभी इम्पोर्ट पर 100% टैरिफ लगाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस कदम को दंड व निवारक, दोनों बताया, जिसका उद्देश्य उन देशों के लिए है जो रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदकर रूस की वार मशीन को सक्षम बना रहे हैं।

ट्रंप के मुखर सहयोगी ग्राहम ने राष्ट्रपति पुतिन पर भी कड़े शब्दों में निशाना साधा। उन्होंने चेतावनी दी कि आपने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपने रिस्क पर खेला है। आपने एक बड़ी गलती की है, और आपकी अर्थव्यवस्था लगातार चरमराती रहेगी। यूक्रेन के लिए अमेरिका के निरंतर समर्थन पर जोर देते हुए, ग्राहम ने ऐलान किया कि हम यूक्रेन को हथियार भेज रहे हैं, ताकि यूक्रेन के पास पुतिन से लड़ने के लिए हथियार हों। उन्होंने पुतिन पर संप्रभु राष्ट्रों पर आक्रमण करके सोवियत संघ को पुनर्जीवित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और 1990 के दशक में सुरक्षा आश्वासन के बदले यूक्रेन के परमाणु निरस्त्रीकरण का हवाला दिया, जिसका बाद में रूस ने उल्लंघन किया। ग्राहम की सबसे तीखी आलोचना भारत, चीन व ब्राजील पर थी, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि वे रियायती दामों पर रूसी तेल खरीदकर "खून के पैसे" से मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आप दुनिया की कीमत पर सस्ता रूसी तेल खरीद रहे हैं, और राष्ट्रपति ट्रंप इस खेल से थक चुके हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं चीन, भारत व ब्राजील से यही कहूंगा- अगर आप इस युद्ध को जारी रखने के लिए सस्ता रूसी तेल खरीदते रहेंगे, तो हम आपको पूरी तरह तबाह कर देंगे और आपकी अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर देंगे।' ग्राहम ने कहा कि आप दुनिया की कीमत पर सस्ता रूसी तेल खरीद रहे हैं और राष्ट्रपति ट्रंप इस खेल से थक चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिबंधों का सामना कर सकते हैं और रूसी सैनिकों के प्रति अनादर दिखा सकते हैं, लेकिन अमेरिका के साथ कारोबार पर निर्भर अन्य देशों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## गरीब परिवार की लड़कियों की तस्करी पर चौंकाने वाला सच आया सामने

- ट्रेन में 56 लड़कियों के हाथ पर लगी थी एक जैसी मुहर

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर एक ट्रेन से 56 युवतियों को बचाया गया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी लड़कियां ट्रेन में यात्रा कर रहीं थी, वे बिहार जाने वाली ट्रेन में बैठी थीं। अधिकारियों ने बताया कि इन युवतियों को सोमवार देर रात न्यू जलपाईगुड़ी-पटना कैपिटल एक्सप्रेस से बचाया गया। बचाई गई इन युवतियों की आयु 18 से 31 वर्ष के बीच है। अधिकारी जब टिकट चेकिंग कर रहे थे तो इतनी लड़कियों को एक साथ देखकर उन्हें शक हुआ, लड़कियों को यह भी पता नहीं था कि उन्हें कहां ले जा रहा है, कुछ ने बताया कि वे नौकरी करने बेंगलुरु जा रही हैं, हालांकि वे बिहार वाली ट्रेन में सवार थीं। अधिकारियों ने बताया कि ये महिलाएं पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, कूचबिहार व अलीपुरद्वार जिलों की रहने वाली हैं और उन्हें बेंगलुरु की एक कंपनी में नौकरी दिलाने का कथित तौर पर झूठा वादा करके बहकाया गया था। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें ट्रेन से बिहार भेजा जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी महिला के पास वैध टिकट नहीं था और उनके हाथों पर केवल कोच एवं बर्थ संख्या की मुहर लगी हुई थी। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों को ट्रेन की नियमित जांच के दौरान इतनी युवतियों को एक साथ यात्रा करते देखकर शक हुआ और बाद में पूछताछ में गंभीर विसंगतियां सामने आईं।अधिकारियों ने आगे बताया कि एक पुरुष व एक महिला को विरोधाभासी बयान देने पर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि जब महिलाओं को बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का वादा किया गया था तो उन्हें बिहार क्यों भेजा जा रहा था।

अधिकारियों ने बताया कि वे नौकरी की पेशकश या यात्रा के वैध कारणों की पुष्टि करने वाले कोई भी दस्तावेज पेश करने में विफल रहे। फिलहाल जीआरपी व राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) मानव तस्करी के पहलू से मामले की संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि लड़कियों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है।कुछ अफसरों का कहना है कि पश्चिम बंगाल , नॉर्थ ईस्ट के राज्यों व झारखंड व बिहार से इसी तरह से गरीब परिवार के लड़कियों को दिल्ली , मुंबई , बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में अच्छी सेलरी पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ले जाकर बेंच देने का धंधा चल रहा है। ऐसा रैकेट चलाने वाले कभी -कभी पकड़ में आ जाते हैं तब पता चलता है कि किस तरह से अलग -अलग तरीका अपना रहे हैं।

### बलूचिस्तान में ऑनर किलिंग के 14 आरोपी गिरफ्तार

## सीएम बुगती ने कहा- चाहे कुछ भी हो, किसी को मारने का अधिकार नहीं

करांची । एजेंसी



पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक जोड़े की तथाकथित ऑनर किलिंग ने देश और दुनिया भर में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस जोड़े पर विवाहेतर संबंध रखने का आरोप लगाया गया था। पहले बताया गया था कि इस जोड़े ने अपने परिवारों की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ शादी की थी। अब तक इस निर्मम हत्या के लिए 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें स्थानीय आदिवासी सरदार शेर बाज सताजई भी शामिल है, जिसने उनकी हत्या का आदेश दिया था। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने क्वेटा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी आरोपियों पर मुकदमा चलाया जाए। रॉयटर्स ने बुगती के हवाले से कहा कि किसी को भी, चाहे कुछ भी हो, किसी को इतने दर्दनाक और घिनौने तरीके से मारने और फिर उसका वीडियो बनाने का अधिकार नहीं है। यह एक अपराध है। यह एक हत्या है। स्थानीय अदालत ने सोमवार को पुलिस को शवों को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम करने का आदेश दिया। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पिछले महीने हुई हत्याओं का मामला तब सुर्खियों में आया जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें एक जोड़े को गोली मारते हुए दिखाया गया था।

प्रांतीय पुलिस प्रमुख मोअज्जम जाह अंसारी ने मामले पर एक अपडेट में रॉयटर्स को बताया कि जिस व्यक्ति ने महिला की गोली मारकर हत्या की, वह उसका भाई था, जो उसके परिवार और कबीले की ओर से काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि कबीले के मुखिया शेर बाज़ सतकज़ई ने हत्या का आदेश दिया था। बुगती ने बताया कि जिस पुरुष और महिला पर विवाहेतर संबंध रखने का आरोप है, दोनों के अलग-अलग विवाहों से कई बच्चे हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक व्यक्ति महिला की पीठ में बहुत करीब से गोली मारता हुआ दिखाई दे रहा है, और बाद में एक खून से लथपथ व्यक्ति महिला के शव के पास पड़ा दिखाई दे रहा है। फिर पुरुषों को दोनों शवों पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है।

### दक्षिण कोरिया व अमेरिका के बीच होगी उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता

**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के वित्त मंत्री कू युन-चोल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के साथ उच्च-स्तरीय '2+2' व्यापार वार्ता करेंगे। यह वार्ता 1 अगस्त को अमेरिका द्वारा प्रस्तावित व्यापक टैरिफ उपायों की समयसीमा खत्म होने से पहले होगी। कू ने बताया कि वह और व्यापार मंत्री येओ हान-कू शुक्रवार को वाशिंगटन में होने वाली इस वार्ता के लिए रवाना होंगे। इस बैठक में अमेरिकी कोषागार सचिव स्कॉट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर हिस्सा लेंगे।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में लगी आग, हांगकांग से दिल्ली आ रहा था

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की फ्लाइट में मंगलवार को अचानक से आग लग गई। यह विमान हांगकांग से दिल्ली आ रहा था। एयर इंडिया ने इस घटना की जानकारी दी। एयर इंडिया एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आज हांगकांग से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एआई315 में लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के तुरंत बाद आग लग गई। यह आग प्लेन की ऑक्सिलरी पावर यूनिट (एपीयू) में लगी। यह घटना तब हुई, जब यात्री फ्लाइट से उतरने लगे थे और सिस्टम डिजाइन के अनुसार एपीयू स्वचालित रूप से बंद हो गया। इस हादसे से विमान को कुछ नुकसान हुआ।

## बिल पास करने की टाइमलाइन पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को भेजा नोटिस

- राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से इस मुद्दे पर 14 सवाल पूछे थे, जिसे लेकर अदालत ने सुनवाई के संकेत दिए हैं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस अतुल एस चंदुरकर अदालत की 5 सदस्यीय संवैधानिक बेंच ने विधेयकों की मंजूरी से जुड़ी राष्ट्रपति के 14 रेफरेंस पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। इस संवैधानिक बेंच की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इसमें तीन सबसे वरिष्ठ जज है। इसके अलावा अन्य सभी चार जज सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस भी हो सकते हैं। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट का रेफरेंस उस समय आया था, जब सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने तमिलनाडु के राज्यपाल के फैसले को लेकर एक अहम फैसला किया था। उस फैसले में कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चितकाल तक के लिए रोक कर नहीं रख सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था कि राज्यपाल को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यदि राज्यपाल बिल को राष्ट्रपति के पास भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को भी तीन महीने के अंदर फैसला देना होगा। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि समय सीमा का उल्लंघन होता है, तो राज्य सरकार कोर्ट से रिट ऑफ मैनडेमस की मांग कर सकती है।

मालूम हो कि तमिलनाडु की याचिका स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये माना था कि जिन 10 विधेयकों को राज्यपाल ने एक साल से ज्यादा समय तक रोके रखा, उन्हें अब डीन असेंट मिल चुकी है। अब सुप्रीम कोर्ट इसी मामले में पर राष्ट्रपति द्वारा मांगे गए विचार पर सुनवाई कर रही है।

## करण जोहर ने ट्रोलर्स को 'नैनी ऑफ नेपो किड्स' कहने पर फटकार लगाई




'कुछ कुछ होता है' और 'माई नेम इज़ खान' जैसी मशहूर फिल्मों के निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया ट्रोल को करारा जवाब दिया, जिसने भाई-भतीजावाद को लेकर उनका मज़ाक उड़ाया था, जिसके लिए उन्हें अक्सर निशाना बनाया जाता है। यह टिप्पणी उस समय आई जब जौहर ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने 'सैय्यारा' में नवोदित कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा की उनके अभिनय की प्रशंसा की।

### जौहर ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश पोस्ट किया

फिल्म निर्देशक करण जौहर ने सोशल मीडिया पर एक 'ट्रोलर' को 'नैनी ऑफ नेपो किड्स' कहे जाने पर फटकार लगाई और अपनी सोच को सकारात्मक करने की सलाह दी। 'कुछ कुछ होता है' और 'माई नेम इज खान' जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाने वाले जौहर ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट साझा की। 'कुछ कुछ होता है' और 'माई नेम इज़ खान' जैसी मशहूर फिल्मों के निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया ट्रोल को करारा जवाब दिया, जिसने भाई-भतीजावाद को लेकर उनका मज़ाक उड़ाया था, जिसके लिए उन्हें अक्सर निशाना बनाया जाता है।

